रांची का तापमान
कांके: अधिक. 34.5° न्यून. 23.5°
रांची: अधिक. 34.1° न्यून. 24.8°

रांची, मंगलवार
10 जून 2025
वर्ष-26, अंक-128, पृष्ठ-12

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 14, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




**कटहल मोड़ पर ऑटो चालकों ने ट्रैफिक पुलिस से की मारपीट**

# ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात होमगार्ड के जवान को पत्थर से मारा

**जवान घायल, रिम्स में है इलाजरत, पुलिस मामले की कर रही जांच**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के कटहल मोड़ पर सोमवार को कुछ युवकों ने ट्रैफिक पुलिस से मारपीट की। इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि मारपीट करने वाले ऑटो चालक थे। जानकारी के अनुसार, नियम ताक पर रखकर चलने वाले कुछ युवा ऑटो चालकों और ट्रैफिक पुलिस के बीच बहसबाजी ने देखते ही देखते भयावह रूप ले लिया। यह मारपीट में बदल गई। युवकों ने ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात होमगार्ड के जवान पर पत्थर से हमला कर दिया।

चोट लगने के कारण जवान वहीं गिर पड़ा। मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने जवान को रिंची अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। फिलहाल पत्थर फेंकने वाला ऑटो चालक फरार बताया जाता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मारपीट में शामिल ऑटो चालकों की हो रही तलाशी







जमीन पर गिरा होमगार्ड का जवान

### दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो : होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन

**रांची।** कटहल मोड़ पर ऑटो चालकों ने ट्रैफिक पुलिस पर और होमगार्ड के जवान पर हमला कर दिया। इसमें होमगार्ड का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना से आहत झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग सरकार और ट्रैफिक एसपी से की है। जल्द से जल्द गिरफ्तारी नहीं होने की सूरत में एसोसिएशन द्वारा आंदोलन की बात कही गई है।

## डोरंडा में ट्रैफिक थाना प्रभारी को कार ने मारी टक्कर, जख्मी

- **ट्रैफिक एसपी ने दिया कार चालक पर एफआईआर का आदेश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के डोरंडा इलाके में सोमवार को ट्रैफिक थाना प्रभारी प्रभात रंजन को एक कार ने टक्कर मार दी। इस घटना में थाना प्रभारी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक इलाज के बाद ट्रैफिक एसपी से मिलने पहुंचे थाना प्रभारी ने उन्हें पूरा घटनाक्रम बताया। मामले को लेकर थाना प्रभारी को ट्रैफिक एसपी ने एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। घटना को लेकर कार चालक पर लापरवाही से गाड़ी चलाने को लेकर एफआईआर दर्ज किया गया। वहीं, कार को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**हर कदम पर आपके साथ है हमारी प्रार्थना**

राष्ट्रीय नवीन मेल




**रीति झा**

हे मां भारती के शूरवीरों, आपकी वीरता को प्रणाम। आपके अनुपम शौर्य को कोटि-कोटि नमन। आपकी बहादुरी, आपका बलिदान, इस राष्ट्र की आत्मा है। आप बर्फीली चोटियों पर खड़े प्रहरी हैं, आप तपती रेत में जलते दीप हैं, आपकी आंखों में अडिग संकल्प, और हृदय में जलती मातृभूमि की अग्नि है। हमारी हर सांस आपकी वीरता की ऋणी है। आज हम नतमस्तक हैं उस हर मां के सामने, जिसने आप जैसे सपूतों को जन्म दिया। नतमस्तक हैं उस हर बहन के सामने, जिसका भाई तिरंगे में लिपटकर लौटा। नतमस्तक हैं उस हर पत्नी के सामने, जिसका सिंदूर देश की रक्षा में अर्पित हुआ। देश की सीमाओं पर जब आप खड़े होते हैं, तो करोड़ों देशवासी निश्चिंत होकर सोते हैं। जब आप दुश्मन को ललकारते हैं, तो पूरा देश गौरव से भर उठता है। आतंक के अंधेरे में भी जब आप आशा की मशाल लेकर आगे बढ़ते हैं

शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धरती आबा को अर्पित की श्रद्धांजलि, कहा

# भगवान बिरसा मुंडा युगों युगों तक किए जाएंगे याद

**कहा, बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष और आदर्श हमें हमेशा प्रेरणा देता रहेगा**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 125वें बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को रांची के कोकर स्थित समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनको नमन किया। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन उनके साथ थीं। मौके पर राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय, केंद्रीय सचिव नंदकिशोर मेहता, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कई नेता मौजूद थे। मुख्यमंत्री सोरेन ने इस मौके पर कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर हर साल की तरह इस वर्ष भी उनकी 125वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने आए हैं। उनकी पुण्यतिथि झारखंड के लोगों के लिए बहुत मायने रखती है। उन्होंने कहा, दुख इस बात की है कि भगवान बिरसा मुंडा आज हमारे बीच नहीं हैं। लेकिन, गर्व इस बात का है कि उन्होंने यहां के जल, जंगल

शेष पेज 11 पर



### धरती आबा का जीवन हमारे लिए प्रेरणास्रोत : राज्यपाल

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को कोकर स्थित उनके समाधि स्थल पर जाकर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने इस अवसर पर धरती आबा बिरसा मुंडा के महान योगदान को नमन किया। उन्होंने कहा, उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि धरती आबा का साहस, संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़ संकल्पित होने की प्रेरणा देता है।



### बिरसा मुंडा का त्याग सदैव प्रेरित करता रहेगा : पीएम मोदी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक भगवान बिरसा मुंडा को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का त्याग और समर्पण देश के लोगों को प्रेरित करता रहेगा। पीएम मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, स्वतंत्रता संग्राम के महानायक भगवान बिरसा मुंडा जी को उनके बलिदान दिवस पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। आदिवासी भाई-बहनों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका त्याग और समर्पण देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।



शेष पेज 11 पर

## नक्सलियों के आईईडी विस्फोट में एएसपी आकाश राव शहीद

**रायपुर (हि.स.)**



- **छत्तीसगढ़ के सुकमा में माओवादियों ने दिया वारदात को अंजाम**
- **वाहन जलाने की घटना की जांच के लिए पैदल गश्त पर थे**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिसकर्मियों की एक टीम नक्सलियों के लगाए आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की चपेट में आ गई। इस आईईडी ब्लास्ट में सुकमा जिले के कोंटा डिवीजन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आकाश राव गिरपुंजे (42) शहीद हो गए। सुकमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से सोमवार को बताया गया कि कोंटा डिवीजन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे अन्य पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा वाहन जलाने की घटना की जांच के लिए पैदल गश्त पर थे। सर्च ऑपरेशन के दौरान सोमवार की सुबह कोंटा-एराबेरा मार्ग पर डोंड्रा के पास आईईडी विस्फोट हुआ। विस्फोट की चपेट में आने से एएसपी आकाश राव, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भानुप्रताप चंद्राकर एवं कोंटा थाना प्रभारी सोनल गवला घायल हो गए।

सभी को कोंटा अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान एएसपी आकाश राव ने दम तोड़ दिया। अन्य घायल अधिकारी भानुप्रताप चंद्राकर और सोनल गवला फिलहाल खतरे से बाहर हैं। एसपी कार्यालय की ओर से आगे बताया गया कि एएसपी के पार्थिव शरीर को रायपुर लाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन, पुलिस मुख्यालय, समस्त नागरिक एवं पुलिस परिवार इस शोक की घड़ी में बलिदानी आकाश राव गिरपुंजे के परिजनों के साथ दृढ़ता से खड़ा है। उनका बलिदान हमारी इस प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करेगा कि हम भाकपा (माओवादी) जैसे क्रूर एवं षड्यंत्रकारी संगठन का समूल नाश करें।

घटना पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के शहीद होने की सूचना प्राप्त हुई है। यह अत्यंत ही दुखद है। मैं उनकी शहादत को नमन करता हूं। इस कायरतापूर्ण हमले में कुछ अन्य अधिकारी व जवानों के भी घायल होने की खबर है। अधिकारियों को घायलों के समुचित इलाज हेतु निर्देश दिए हैं।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में पत्नी सोनम सहित छह लोग गिरफ्तार

- **हनीमून पर मेघालय गए थे, पूर्वी खासी हिल्स में एक खाई में मिला था शव**

**इंदौर (हि.स.)**




हनीमून यात्रा के दौरान मेघालय के शिलांग में इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के बाद उनकी लापता पत्नी सोनम को 17 दिन बाद उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में एक ढाबे से हिरासत में लिया गया है। मेघालय पुलिस का दावा है कि सोनम ने ही पेशेवर हत्यारों को सुपारी देकर राजा की हत्या करवाई है। इस मामले में अब तक सोनम के अलावा पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, सोनम के पिता देवी सिंह ने मेघालय पुलिस पर अपनी बेटी को फंसाने का आरोप लगाया है। इंदौर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इंदौर से राज कुशवाहा और विशाल चौहान को, इंदौर के पास से ही आकाश राजपूत को और बीना के बसाहरी गांव से आनंद कुर्मी को पकड़ा है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश (यूपी) के ललितपुर के दिगवार गांव से आकाश लोधी को भी गिरफ्तार किया है।

शेष पेज 11 पर

## कोडरमा में लिव इन में रह रही तलाकशुदा महिला का मिला शव

- **परिजनों ने ब्वायफ्रेंड पर लगाया हत्या का आरोप**

**कोडरमा।** कोडरमा जिले के तिलैया थाना अंतर्गत चित्रगुप्त नगर में सोमवार की सुबह तलाकशुदा महिला आयुषी चावला (26) का शव मिला। वह जयनगर थाना क्षेत्र के परसाबाद की रहने वाली थी। उसका शव जिस घर से मिला है, वह उसके कथित ब्वॉयफ्रेंड हर्ष सोनकर का है। वह झुमरीतिलैया का फल व्यापारी बताया जाता है। वहीं, युवती की मां का कहना है कि उसके ब्वॉयफ्रेंड ने ही उसकी हत्या की है।

शेष पेज 11 पर

### पीएम मोदी ने 'एक्स' हैंडल पर कई पोस्ट किए, लिखा

## सभी योजनाओं ने लोगों को दिए उम्मीदों के नए पंख, वैश्विक आवाज बना भारत

**नई दिल्ली (हि.स.)**

- **देश ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में देखे हैं तेज परिवर्तन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा होने पर कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर 'सेवा के 11 वर्ष' हैशटैग के साथ कई पोस्ट किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। उज्ज्वला हो या पीएम आवास, आयुष्मान भारत हो या भारतीय जन औषधि या फिर पीएम किसान सम्मान निधि, इन सभी योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं। हमने इस दौरान पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान दिया गया।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

## पति-पत्नी और वो या नशे के कारण भारतीय नारियां उजाड़ रहीं हैं सुहाग



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

भारत की सनातन परंपरा में सात फेरे,सात वचन और सात जन्मों तक साथ निभाने की बात लगता है अब धुंधली पड़ने लगी है और छोटी-छोटी बातों पर तलाक से लेकर पति पर गंभीर आरोप लगाने की घटनाएं पहले अभिजात्य वर्ग या फ़िल्मी कलाकारों तक सीमित थी अब आम हो गई हैं और झारखंड के गांवों से लेकर महानगरों तक पति हन्ता पत्नियों की चर्चित कथाएं सोशल मीडिया और एलेक्ट्रानिक मीडिया में आम हैं । पहले पत्नियों की हत्याएं होतीं थीं अब नवविवाहिताएं तक हत्या करा रहीं हैं । एक रिपोर्ट के अनुसार देशभर में साल में औसतन लगभग 225 पति की पत्नियां हत्या कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां पति के हाथों मारी जाती हैं। बेंगलुरु में 37 वर्षीय रियल एस्टेट व्यवसायी लोकनाथ सिंह की हत्या उसकी पत्नी और सास ने मिलकर विवाहेत्तर संबंधों के शक में की। पहले नींद की गोलियां खिला कर बेहोश किया, फिर गाड़ी में सुनसान जगह पर ले जाकर चाकू से उसका गला रेत दिया। बिहार में पति की हत्या करने के बाद अनीता ने बेटे को फोन कर बोली बेटा मेरी तबीयत खराब है जल्दी घर आ जाओ। बेटे राजेश ने बताया कि पिता की शराब की लत से सभी परेशान थे। मां ने कई बार समझाया भी था, लेकिन वह नहीं माने। 2025 में कई पत्नियों ने अपने पतियों को मौत के घाट उतरवा दिया। चाहे वो मेरठ का सौरभ हत्याकांड हो या फिर बिजनौर के दीपक कुमार का मर्डर केस। ताजा मामला इंदौर के राजा रघुवंशी की हत्या का है। आरोप नवविवाहिता पत्नी सोनम पर लगा है जो गिरफ्तार कर ली गई है। इंदौर के राजा रघुवंशी और सोनम शादी के बाद हनीमून मनाने मेघालय गए थे। मेघालय पुलिस के अनुसार सोनम ने ही अपने प्रेमी राज कुशवाहा के साथ मिलकर पति राजा रघुवंशी की हत्या करा दी। इस मामले में अब तक चार आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। बीते कुछ महीनों के अंदर पत्नी द्वारा पतियों की कराई गई हत्या की घटनाएं बढीं हैं मेरठ का सौरभ हत्याकांड 3 मार्च को मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर सौरभ की हत्या कर दी थी। उसके शव के कई टुकड़े कर नीले ड्रम में सीमेंट के साथ डाल दिया था। फिर मुस्कान और साहिल घूमने चले गए। जब दोनों लौटे तब सौरभ की हत्या का खुलासा हुआ। फिलहाल दोनों जेल में बंद हैं ।मेरठ में अमित कुमार हत्याकांड 2025 में चर्चित रहा, जिसमें अमित कुमार की पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीप ने मिलकर उनकी हत्या की। रविता और अमरदीप ने अमित की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या को सांप के काटने का हादसा दिखाने के लिए, उन्होंने शव के पास एक सांप रखा। पोस्टमार्टम में खुलासा हुआ कि मौत गला घोंटने से हुई, सांप के काटने से पहले ही अमित की मृत्यु हो चुकी थी।देवरिया में नौशाद की हत्या मेरठ के सौरभ हत्याकांड से मिलती-जुलती है। नौशाद की हत्या उसकी पत्नी ने की।



नौशाद सऊदी अरब से अप्रैल में घर लौटा था, इसके दस दिन बाद ही पत्नी ने नौशाद की हत्या कर दी थी। नौशाद की पत्नी का अफेयर एक व्यक्ति से था जो कि रिश्ते में नौशाद का भांजा लगता था। नौशाद की हत्या करके उसके शव के एक ट्राली बैग में रखकर गांव से 60 किलोमीटर दूर फेंका गया था। ये सशक्त हो रहे आधुनिक भारत की आधुनिक पत्नियों का मामला नहीं है बल्कि जिंदगी न मिलेगी दुबारा शैली अपना रहे इंडिया की जीवन शैली है जिसमें समाज का डर,रिश्तेदारों का दबाव या कानून तक का भय काम नहीं आ रहा है ।समाज के सभी स्तंभों कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका सहित मीडिया और समाज के हर व्यक्ति को इन संकेतों को समझना चाहिए जब कोमल और ममता की मूर्ति समझी जाने वाली नारियां यदि हत्या जैसे कदम उठा रहीं हैं तो समाज से या तो सहनशक्ति समाप्त हो रही है या हमारे मूल्यों का इतना ह्रास हो गया है जो हमें इसे ही एकमात्र विकल्प सुझा रहा है ।यह ह्रास एक दिन में हुआ ऐसा भी नहीं है हम पुरुषवादी समाज में नारियों का इस्तेमाल करते रहे और अब शिक्षा, फिल्मों और क्राइम सीरियल देखकर महिलाएं भी उन रास्तों को अपनाने को तैयार हैं जिन्हें पुरुष अपनाने थे । इसमें चिंता की बात यह है कि अपने अच्छे खासे स्मार्ट पतियों को मरवाने वाली नवविवाहिताएं उन कुरूप और मामूली लोगों पर फ़िदा थीं जिनसे उनका जीवन भर का साथ निभाना मुश्किल था । सास बहू टाइप धारावाहिकों से लेकर ओटीटी पर उपलब्ध पश्चिमी देशों की कहानियों पर बनीं आधुनिक फ़िल्में कहीं न कहीं समाज में अनैतिक संबंधों और नशे को बढ़ावा दे रहीं है जिनका सामाजिक बहिष्कार दर्शक ही कर सकते हैं और अभिभावक अपने बच्चों को भारतीय संस्कारों की ओर मोड़ सकते हैं । सबसे बड़ी बात है जब रिश्ता पसंद नहीं तो विवाह करना ही नहीं चाहिए हत्या से कई घर उजड़ते हैं और परिवारों के घाव कभी नहीं भरते।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

## बड़ा तालाब की सफाई के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जा रही है

**नवीन मेल डेस्क**

- **हरमू नदी में नालों का गंदा पानी रोकने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं**
- **रांची के जल स्रोतों से अतिक्रमण हटाने को क्या कार्रवाई की जा रही है**

**रांची।** जल स्रोतों, नदियों और रांची के बड़ा तालाब की साफ-सफाई एवं संरक्षण के संबंध में स्वतः संज्ञान लेते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने सोमवार को सुनवाई की है। मामले में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से रांची के बड़ा तालाब एवं हरमू नदी की सफाई पर जवाब-तलब किया। खंडपीठ ने सरकार से पूछा है कि बड़ा तालाब से गाद निकालने और जलकुंभी निकालने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जा रही है। हरमू नदी में नालों का गंदा पानी न जाए, इसके लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं। रांची उपायुक्त (डीसी) से कोर्ट ने यह भी पूछा है कि रांची के जल स्रोतों से अतिक्रमण हटाने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है। खंडपीठ ने कोर्ट के इस आदेश की जानकारी राज्य के मुख्य सचिव को भी देने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी।मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल कर हरमू नदी की साफ-सफाई पर विस्तृत जानकारी दी गई। इससे पहले, रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया कि हरमू नदी की समय-समय पर सफाई कराई जा रही है, हरमू नदी में नालियों के माध्यम से सॉलिड वेस्ट ना जाए

शेष पेज 11 पर

## सीएम से मिला मरांङ बुरू बचाओ संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल

# धार्मिक तीर्थ स्थलों के संरक्षण की मांग

● सीएम ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिया कि सरकार विधिसम्मत यथोचित कार्रवाई करेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीएम से कांके रोड स्थित सीएम आवासीय कार्यालय में मरांङ बुरू बचाओ संघर्ष समिति (संथाल समाज) के 51 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से मरांङ बुरू (पारसनाथ) पीरटांड, गिरिडीह संथाल आदिवासियों के धार्मिक तीर्थ स्थल को संरक्षित करने एवं प्रबंधन निगरानी, नियंत्रण एवं अनुश्रवण के लिए ग्राम सभा को जिम्मेवारी देने संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मांगों से अवगत कराया। सीएम ने मरांङ बुरू बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया है कि राज्य सरकार उनकी मांगों पर विधिसम्मत यथोचित कार्रवाई करेगी।



### मरांङ बुरु को संथालों का धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित करने की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को अवगत कराया कि मरांङ बुरु (पारसनाथ पर्वत) पीरटांड, गिरिडीह युगों-युगों से प्राचीन काल से हम संथाल समुदाय मरांङ बुरु को ईश्वर के रूप में पूजा करते आ रहें हैं। छोटानगपुर काश्तकारी अधिनियम 1908, सर्वे भूमि अधिकार अभिलेख, कमीश्नरी कोर्ट, पटना हाई कोर्ट एवं प्रीवी कौन्सील कोर्ट से संथाल आदिवासियों को प्रथागत अधिकार प्राप्त है। अत: झारखंड सरकार से माँग है कि मरांङ बुरु को संथालों का धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित किया जाए।

### आदिवासी धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए मांग

झारखंड सरकार से मांग की गई है कि आदिवासियों के धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए आदिवासी धार्मिक स्थल संरक्षण अधिनियम बनाया जाए। मरांङ बुरु, लुगू बुरु, अतु/ग्राम, जाहेर थान (सरना), मांझी थान, मसना, हड़गडी आदि धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए यह अधिनियम आवश्यक है।

### प्रतिनिधिमंडल की मांगें

- **आदिवासी धार्मिक स्थल संरक्षण अधिनियम :** झारखंड सरकार द्वारा आदिवासी धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए विशेष अधिनियम बनाने की मांग।
- **मरांङ बुरु का संरक्षण :** मरांङ बुरु (पारसनाथ पर्वत) को आदिवासियों के धार्मिक तीर्थ स्थल के रूप में संरक्षित करने की मांग।
- **ग्राम सभा की जिम्मेवारी :** मरांङ बुरु के संरक्षण, प्रबंधन, निगरानी नियंत्रण एवं अनुश्रवण की जिम्मेवारी ग्राम सभा को सौंपने की मांग।
- **अतिक्रमण से मुक्ति :** मरांङ बुरु में जैन समुदाय द्वारा वन भूमि पर अवैध ढंग से किए गए निर्माण को अतिक्रमण से मुक्त करने की मांग।
- **राजकीय महोत्सव :** मरांङ बुरु युग जाहेर, वाहा-बोंगा पूजा महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित करने की मांग।

### कांग्रेस भवन में बिरसा मुंडा की मनी पुण्यतिथि



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में कांग्रेस भवन में मनाई गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि पूरे राज्य में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई जा रही है। अंग्रेजों की शोषणकारी प्रवृत्ति की वजह से मुंडाओं की सामूहिक खूंट-कट्टी व्यवस्था नष्ट होने के कगार पर पहुंच गई थी। बिरसा मुंडा का क्रांतिकारी मन इनके खिलाफ बगावत से भर उठा। उन्होंने अपने अनुचरों के साथ इनके खिलाफ 1897 में उलगुलान (क्रांति) की शुरुआत की और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते-लड़ते कारावास में उनकी मृत्यु हो गयी।

## बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर पहुंची गीताश्री उरांव

# पुलिस ने सुरक्षा कारणों से लिया हिरासत में, रिहा



● सरकार के खिलाफ गीताश्री उरांव और समर्थकों ने जमकर की नारेबाजी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर समाधि स्थल पर पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव और उनके समर्थकों को जिला प्रशासन ने सोमवार को हिरासत में लिया। सिरमटोली रैंप विवाद को लेकर आंदोलन कर रही गीताश्री उरांव को राज्यपाल और मुख्यमंत्री के आगमन से पहले सुरक्षा कारणों से हटाया गया। गीताश्री उरांव सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पहुंचने के पहले ही बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर अपने समर्थकों के साथ पहुंच गई। लेकिन प्रशासन की ओर से गीताश्री उरांव और उनके समर्थकों को मौके से हटा दिया गया।

हालांकि पुलिस की ओर से उन्हें डिटेन कर बस में बैठाया गया जिसके बाद समर्थकों ने जमकर सरकार के विरोध में नारेबाजी की। लगातार सिरमटोली रैंप को लेकर आदिवासी समाज आक्रोशित है। गीताश्री उरांव भी लगातार इसका विरोध कर रही हैं। जबकि गीताश्री उरांव के पिता बाबा कार्तिक उरांव के नाम पर इस फ्लाईओवर का नामकरण किया गया है। बावजूद इसके आदिवासी समाज का आरोप है कि उनकी भावना को ठेस पहुंचाया गया है। वहीं विपक्ष की भारतीय जनता पार्टी भी लगातार आदिवासी समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ का आरोप हेमंत सोरेन सरकार पर लगा रही है।

### नशे के विरुद्ध जागरुकता अभियान आज से

**रांची।** मंगलवार को मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। दिन के 11:30 बजे राज्य की जनता विशेषकर युवाओं को नशा नहीं करने, नशा छोड़ने, समाज तथा राज्य को नशा मुक्त करने में सहयोग करने की अपील की जाएगी। वहीं जनजागरूकता के लिए प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया जाएगा। वहीं नशे के विरुद्ध लोगों को शपथ दिलाई जाएगी। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन में होगा। साथ ही जागरूकता रथ रवाना करने से पूर्व एनेक्सी सभागार में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा ।

### वज्रपात की चपेट में आने से महिला की मौत

**रांची।** राजधानी में सोमवार को तेज बारिश और वज्रपात हुआ। रातू थाना क्षेत्र के सुन्दर नगर, धनईसोसो में वज्रपात गिरने से 38 वर्षीय गायत्री देवी की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, महिला पहाड़ में पापड़ बनाने का काम कर रही थी तभी वज्रपात के साथ बारिश भी शुरु हो गई। इससे यह बड़ा हादसा हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर रातू थाना पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई।

## झारखंड सरकार व स्पेन के दूतावास के बीच हुई बैठक

# व्यापार और संस्थागत सहयोग को आगे बढ़ाने पर बनी रणनीति



● मुख्यमंत्री के स्पेन यात्रा के बाद बनी यह स्थिति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार और स्पेन के दूतावास ने व्यापार, निवेश, नवाचार और संस्थागत सहयोग में रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उच्च स्तरीय बैठक की। मंगलवार को उद्योग सचिव अरावा राज कमल के नेतृत्व में और स्पेन के दूतावास के मुख्य आर्थिक और वाणिज्यिक सलाहकार लूसिया पैटरनिना के नेतृत्व में नई दिल्ली स्थित झारखंड भवन में एक उच्च स्तरीय बैठक की। यह वार्ता मुख्यमंत्री की हाल की स्पेन यात्रा के बाद की गई और रणनीतिक परिणामों को संरचित साझेदारी में बदलने पर केंद्रित थी।

बैठक में औद्योगिक निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, प्रदर्शनी अवसंरचना, खनन प्रौद्योगिकी और पर्यटन सहित सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया। झारखंड सरकार ने दीर्घकालिक सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए एक औपचारिक समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने और स्पेन-झारखंड समन्वय प्रकोष्ठ की स्थापना का प्रस्ताव रखा।

दोनों पक्षों ने क्षमता निर्माण, कौशल विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी निकायों के बीच सहयोग की संभावना पर भी विचार किया। बैठक का समापन संस्थागत ढांचे को तेजी से आगे बढ़ाने की साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ, जो स्पेन और झारखंड के बीच निवेश, नवाचार और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देगा।

## राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन, कहा

# उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर राज भवन में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी सहित राज भवन के अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। वहीं कोकर स्थित उनके समाधि स्थल पर जाकर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं बिरसा चौक जाकर वहां स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मौके पर राज्यपाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के महान योगदान को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका साहस, संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़ संकल्पित होने की प्रेरणा देता है।



### झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने उनके बलिदान को याद किया। वहीं मौके पर कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा महान स्वतंत्रता सेनानी थे। हमें गर्व है कि हम उसी राज्य के रैयत है जहां उनका जन्म हुआ। धरती आबा अपने संघर्ष तथा नेतृत्व क्षमता के बूते अल्पायु में ही इस प्रांत से जन अधिकार की लड़ाई लड़ी और भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करते हुए रांची कारावास में आज ही के दिन उनका देहांत हुआ। उन्होंने कहा क महान क्रांतिकारी के पुण्यतिथि पर मैं समस्त झारखंड वासियों एवं झारखंड विधान सभा की ओर से उन्हें नमन करता हूं। मौके पर झारखंड विधानसभा परिसर में स्थित भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति पर विधानसभा के प्रभारी सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम सहित अधिकारी एवं कर्मियों द्वारा माल्यार्पण किया गया।

## झारखंडी अस्मिता का प्रतीक है धरती आबा का जीवन : सुदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** धरती आबा बिरसा मुंडा की शहादत को 125 वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उनके सपनों का झारखंड आज भी अधूरा है। यह बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कोकर स्थित बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात कहीं। उन्होंने कहा,बिरसा मुंडा सिर्फ एक योद्धा नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता, स्वाभिमान और अधिकारों के प्रतीक हैं। भगवान बिरसा मुंडा के जीवन को जितना पढ़ेंगे, जानेंगे उतना ही हम झारखंड को भीतर से समझ सकेंगे। झारखंड को सिर्फ बाहर से देखने से उसकी आत्मा का बोध नहीं होता। धरती आबा के सिद्धांतों में झारखंड की आत्मा बसती है।सुदेश महतो ने हाल ही में आदिवासी संगठनों द्वारा बुलाए गए झारखंड बंद पर कहा कि यह बंद आदिवासी असंतोष और संघर्ष की चेतावनी है। हेमंत सरकार जिन वोटों से सत्ता में आई, आज वही सरकार उनके अस्तित्व, संस्कृति और अधिकारों पर आघात कर रही है। यह धरती आबा के बलिदान का अपमान है। उन्होंने कांके नगरी में किसानों की भूमि जबरन अधिग्रहणकी घटनाओं की निंदा करते हुए कहा कि सरकार जनविरोधी और गांव विरोधी नीति अपना रही है। धरती आबा ने जिस जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लोहा लिया, आज उसी जमीन को उनके वंशजों से छीना जा रहा है। 125वें शहादत वर्षपर आजसू पार्टी ने यह संकल्प लिया कि बिरसा मुंडा के विचारों और संघर्ष की भावना को आगे बढ़ाया जाएगा और राज्य की नीतियों को गांव, जमीन और जनसरोकारों के अनुरूप ढालने के लिए निरंतर संघर्ष जारी रहेगा।

**न्याय** | निराश्रित बच्चों के चिन्हितीकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन, बोले रवि कुमार भास्कर

# निराश्रित बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाना है

● प्रथम रॉस्टर में चान्हो, मांडर, बुढ़मू, खेलारी प्रखंड को शामिल किया

**नवीन मेल संवाददाता**



### जिला प्रशासन का लिया जाएगा सहयोग

डालसा सचिव, रवि कुमार भास्कर ने कहा कि नालसा के तत्वावधान में साथी अभियान के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के निराश्रित-अनाथ बच्चों को चिन्हित कर उन्हें मुख्यधारा में लाना ही उद्देश्य है। वैसे बच्चे जो अनाथ हैं, बेघर अथवा बेसहारा है, जिनका सुरक्षा का कोई अधिकार नहीं है, उन्हें डालसा चिन्हित कर जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर बच्चों को मदद पहुंचायेगा, उनका आधार बनाया जायेगा तथा राज्य सरकार की ओर से मिलनेवाली लाभकारी योजनाओं के साथ जोड़ा भी जाएगा।

**रांची।** नालसा के तत्वावधान में सोमवार को खलारी ब्लॉक में साथी अभियान के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के निराश्रित बच्चों के चिन्हितीकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रथम कड़ी में बुढ़मू, मांडर, चान्हो और खलारी प्रखंड को शामिल कर खलारी ब्लॉक में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर, बुढ़मू प्रखंड के विकास पदाधिकारी, धीरज कुमार, खलारी प्रखंड के विकास पदाधिकारी, संतोष कुमार, मांडर प्रखंड के विकास पदाधिकारी, चंचला कुमारी, चान्हो प्रखंड के विकास पदाधिकारी, वरूण कुमार, चारों प्रखंड के एल.एस.एल.ओ., बी.पी.आर.ओ. पंचायत सचिव समेत बूढ़मू प्रखंड के पीएलवी शादिक अली, अनिल ठाकुर, संजू कुमारी, दिपक मुंडा, बंधु उरांव, काजल कुमारी, माण्डर प्रखंड के पीएलवी तालिब अंसारी, कालिन्दर गोप, खलारी प्रखंड के पीएलवी, राम कुमार उरांव, जलेश्वर महतो, विकास भुईंया, सतपाल शर्मा, चान्हो प्रखंड के पीएलवी, हरीराम करमाली, संजित उरांव, अलमा एक्का, सुमती कुमारी, सोनु कुमार सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सीएम हेमंत सोरेन से मिले जिलों के एसपी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पुलिस अधीक्षक गुमला हारिश बिन जमां, पुलिस अधीक्षक चतरा सुमित कुमार अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक रांची (ग्रामीण) प्रवीण पुष्कर ने शिष्टाचार मुलाकात की।

### स्टंट करने वाले युवक की कराई गई परेड, ट्रैफिक नियमों की दी गई जानकारी



**रांची।** बाइक से स्टंट करने वाले युवक कासिम को पुलिस ने सोमवार को सिरमटोली फ्लाईओवर पर परेड कराया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने युवक को परेड कराकर ट्रैफिक नियम के बारे में जानकारी दी। इससे पहले शनिवार की रात स्टंट करने वाले युवक की पहचान पुलिस ने की थी। युवक की पहचान हंटर उर्फ राइडर उर्फ कासिफ के रुप में हुई थी। वह सदर थाना क्षेत्र के खिजुरटोली का रहने वाला है। कासिफ जिस बाइक से वह स्टंट कर रहा था, पुलिस ने उसे उसके घर से बरामद कर लिया है। कार्तिक उरांव फ्लाईओवर पर स्टंट करने के मामले को लेकर झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरुआ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट मैसेज को अटैच करते हुए रांची के ट्रैफिक एसपी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा था कि स्टंट करने वाले लड़कों को चिन्हित कर इन्हें परिवहन का नियम बताएं और अविलंब कार्रवाई करें। यह जानकारी ट्रैफिक पुलिस के एक्स हैंडल के द्वारा दी।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पहुंचे शिमला



● नरेंद्र मोदी के 11 साल बेमिसाल नीति से लोगों को कराएंगे अवगत

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर शिमला में रहेंगे। शिमला में मंत्री श्री सेठ मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियां के बारे में प्रेस के संबोधन के माध्यम से लोगों को बताएंगे। साथ ही शिमला के स्थानीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। ज्ञात हो कि भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के बेमिसाल नीति और विकास की गाथा देश की जन तक पहुंचे। इसी के निमित्त भारत सरकार ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को शिमला की जिम्मेदारी सौंप है। वहीं सोमवार को शिमला पहुंचने पर सेना प्रशिक्षण कमान (एआरटीआरएसी) ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का स्वागत किया गया।

### सरना समितियों ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति, चडरी सरना समिति, ऐदलहातू सरना समिति, सरना टोली हातमा सरना समिति ने भगवान बिरसा मुंडा के 125 वी शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा के अगुवाई में भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल कोकर में जाकर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर फूल माला एवं पुष्प अर्पित कर भगवान बिरसा मुंडा को याद कर नमन किया। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश की आजादी के लिए,आदिवासी समाज के लिए, अपनी मिट्टी के लिए अपनी जमीन, अपनी भाषा और अपनी संस्कृति को बचाने के लिए जो किया वो अकल्पनीय है। लेकिन वर्तमान सरकार लगातार आदिवासी समाज के साथ जुर्म कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, महादेव टोप्पो, सुरेन्द्र लिंडा, सबलू मुंडा, चिकू लिंडा, मुकेश मुंडा, आशीष मुंडा, विशाल मुंडा, मनीष मुंडा, संतोष मुंडा, हेमंत मुंडा, महादेव मुंडा, नरेश मुंडा, विकास संगा उपस्थित थे।

### मोर्चा के नेताओं की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन : विजय शंकर



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि सिरमटोली बचाओ मोर्चा और आदिवासी बचाओ मोर्चा के नेताओं की गिरफ्तारी की निंदा करता हूं। श्री नायक ने कहा कि सिरमटोली बचाओ मोर्चा और आदिवासी बचाओ मोर्चा के नेताओं के साथ पुलिस की धक्का-मुक्की और गिरफ्तारी की घटना न केवल आदिवासी समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं पर प्रहार है। भगवान बिरसा मुंडा के समाधिस्थल नेताओं को जबरन बस में बैठाकर नामकुम थाना ले जाना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। यह दमनकारी कार्रवाई आदिवासी समाज के स्वाभिमान और उनके हक-अधिकारों पर सीधा हमला है।

### धर्मेन्द्र महतो बने राजद जिला अध्यक्ष



**रांची।** रांची जिला राजद अध्यक्ष के चुनाव में राजद नेता धर्मेन्द्र महतो को फिर से निर्विरोध जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। चुनावी प्रक्रिया की शुरुआत रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजू साह ने किया।चुनावी प्रक्रिया के तहत रांची जिला अध्यक्ष की घोषणा मंजू साह ने किया। मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता मदन यादव, मनोज पांडेय, शौकत अंसारी, भास्कर वर्मा, सुरेंद्र प्रसाद, आबिद भाई, प्रणव कुमार, सुनील ठाकुर, सलील अंसारी, डीएन ठाकुर, संतोष साहू, कमलेश यादव सहित अन्य नेता और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया ।



वर्तमान समय में प्लास्टिक व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाली वस्तु बन गई है

### प्लास्टिक मुक्त समाज की बात और बाजार प्लास्टिक युक्त

# राजधानी में धड़ल्ले से प्रतिबंधित पॉलीथीन का होता है उपयोग

**मनोज मिश्रा रांची।** पुराने दिनों को याद करें तो पाएंगे कि घर से बाहर निकलने से पहले बड़े बुजुर्ग अपने हाथों में कपड़े के थैले साथ रखते थे। कहां कौन सी चीज मिल जाए तो खरीद लें और अपने थैले में रख लें। साथ में थैला रखना जिम्मेवारी की निशानी उस दौर में मानी जाती थी। सुंदर टिकाऊ और बड़े कपड़े के थैले अलग से दर्जी से बनवाए जाते थे। अभी फैशन कहें या जो भी लोग घर से थैला लेकर निकलना भूल गए हैं। उन्हें पता है कि कोई भी सामान हो प्लास्टिक में मिल जाएगी। सभी तो नहीं लेकिन अनेक राशन की दुकानें, होटल, ठेले वाले प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग कर रहें हैं। उनका कहना होता है कि सरकार के निर्धारित गुणों वाले पॉलीथीन का उपयोग करेंगे तो मुनाफे में कमी आएगी। विदित हो कि प्लास्टिक एक सिंथेटिक पॉलिमर है जिसे नरम करके किसी भी आकार और रूप में ढाला जा सकता है, जिससे इसका निर्माण आसान हो जाता है। इस गुण के कारण प्लास्टिक ने लकड़ी, कागज जैसे अन्य उत्पादों की जगह ले ली है। वर्तमान समय में प्लास्टिक व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाली वस्तु बन गई है। इसके इस्तेमाल से सभी पर व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। प्लास्टिक कभी भी नष्ट नहीं होता।



प्लास्टिक के इस्तेमाल से मानव जीवन पर भी पड़ रहा है असर

### कभी-कभी पर्यावरण में मौजूद माइक्रो प्लास्टिक खाने के चीजों में भी मिल जाता हैं

जब हम पानी पीते हैं, खाना खाते हैं या सांस लेते हैं तो उन सब में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी रहती है। इतना ही नहीं माइक्रोप्लास्टिक फूड से लेकर नमक, शहद, चीनी, बीयर और चाय तक में मिले हैं। कभी-कभी पर्यावरण में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक खाने के चीजों में भी मिल जाता हैं। कई मामलों में तो पैकेजिंग और रख-रखाव के दौरान इनके अंश भी उनमें पहुंच जाते हैं। वैज्ञानिकों ने मनुष्य के फेफड़ों, लिवर, किडनी, खून और प्रजनन अंगों में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी दर्ज की है। ये टुकड़े धीरे-धीरे हमारे दिमाग और दिल में भी पाए गए हैं। हालांकि, कुछ माइक्रोप्लास्टिक यूरिन के रास्ते हमारे शरीर से बाहर निकल जाते हैं, लेकिन कई लंबे समय तक उसमें मौजूद भी रहते हैं। इनसे इंसानों की आंतों के सड़ने का भी खतरा होता है। शरीर में इससे धीर-धीरे इम्यूनिटी कमजोर होती है। मानव मस्तिष्क में लगभग 10 ग्राम माइक्रोप्लास्टिक पाया जा रहा है।

## रांची में बैन के बाद भी चलन में पॉलीथीन, बेबस दिख रहा सिस्टम

राजधानी रांची की बात करें तो यहां धड़ल्ले से प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग हो रहा है। दुकानों का सर्वे करेंगे तो पाएंगे सभी प्रदूषणमुक्त पॉलीथीन बेच रहे हैं, दुकानदारों के अनुसार बेचा वही जा रहा है जिसका लाइसेंस प्रदूषण विभाग ने दिया है। मगर जमीनी हकीकत देखी जाए तो पता चलेगा कि दुकानों में बेची जाने वाली प्रदूषणमुक्त पॉलीथिन दो कदम चलकर बाजार में प्रदूषणयुक्त हो जाती है। इसमें सवाल उठता है कि कौन है जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है और नियम कानून को दरकिनार कर निडरता से प्रतिबंधित पॉलीथीन का बाजार बदस्तूर जारी रखे हुए है। लोगों की राय है कि सरकार प्रतिबंधित पॉलीथीन बैग की सप्लाई ही नहीं होने दे अपितु उत्पादन ही नहीं होने दे। न उत्पादन होगा न इस्तेमाल होगा, न रहेगा बांस न बाजेगी बांसुरी।


### प्रतिबंधित पॉलीथीन की बिक्री नहीं करें : आदित्य मल्होत्रा



फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने बताया कि सभी दुकानदारों को चैंबर की तरफ से स्पष्ट निर्देश जारी किया गया है कि प्रतिबंधित पॉलीथीन की बिक्री नहीं करें। सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडो के अनुसार प्रदुषण विभाग से मान्यता प्राप्त पॉलीथीन की ही बिक्री करें। यह पॉलीथीन छह महीने में खुद नष्ट होने लगता हैं और पर्यावरण को कोई क्षति नहीं पहुंचाता है।

### संत गुरु कबीर दास जयंती कल

## कबीर दास ने समाज में व्याप्त आडंबरों का किया था खंडन : सर्राफ



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता सह हिंदी साहित्य भारती के उपाध्यक्ष संजय सर्राफ ने कहा कि संत गुरु कबीर दास की जयंती 11 जून को मनाई जाएगी। यह दिन हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा को पड़ता हैं। संत कबीर दास का जन्म 1398 में वाराणसी (काशी) में हुआ था। उनके माता-पिता मुस्लिम थे, लेकिन कबीर ने हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्मों की सीमाओं को पार करते हुए एकता और मानवता का संदेश दिया। उनकी रचनाएं 'बीजक', 'साखी ग्रंथ', 'कबीर ग्रंथावली' और 'अनुराग सागर' के रूप में प्रसिद्ध हैं। संत कबीर की जयंती उनके योगदान और शिक्षाओं को सम्मानित करने का अवसर है। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज में प्रासंगिक हैं, जो हमें धर्म, जाति और संप्रदाय से परे मानवता, प्रेम और एकता का संदेश देती हैं। उनकी कविताएँ और दोहे आज भी लोगों के जीवन में मार्गदर्शन का कार्य करते हैं। संत कबीरदास जी 15वीं सदी के एक महान कवि, समाज सुधारक और संत थे। उन्होंने अपने दोहों और पदों के माध्यम से समाज में व्याप्त आडंबरों, पाखंडों और भेदभाव का खंडन किया. उन्होंने एकता, प्रेम, समानता और भाईचारे का संदेश दिया कबीर दास ने मूर्ति पूजा, तीर्थ यात्रा और कर्मकांडों का विरोध किया और सीधे ईश्वर के प्रति समर्पण पर जोर दिया।

### आज / कल




## भरतनाट्यम नृत्यांगना ने दी शानदार प्रस्तुति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा मुंडा फन पार्क एवं रिलेशंस कि ओर से आयोजित " भरतनाट्यम नृत्य संध्या" कार्यक्रम में झारखंड की उभरती भरतनाट्यम नृत्यांगना के प्रमिला एवं उनके कलाकारों ने अद्भुत भरतनाट्यम नृत्य पेश कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का आयोजन बिरसा मुंडा फन पार्क में किया गया था। के प्रमिला एवं उनके कलाकारों ने भरतनाट्यम नृत्य के माध्यम से अनेक प्रस्तुति दी। इसमें भगवान शिव की स्तुति, गुरु की वंदना, ध्यान श्लोक को नृत्य के माध्यम से परिभाषित किया। साथ ही कलाकारों ने अंब शांभवी कीर्तनम की गई जिसमें नव दुर्गा के रूपों को दिखाया गया।

### दर्शकों को कर दिया मंत्रमुग्ध



वहीं भरतनाट्यम नृत्यांगना के प्रमिला ने शिवम् और कृष्ण और बलराम की मार्मिक कथा का वर्णन नृत्य के माध्यम से पेश किया। कार्यक्रम में शामिल कलाकारों ने अपनी बाकी चितवन और भरे सौंदर्य के माध्यम से दर्शक दीर्घा में उपस्थित समस्त दर्शकों के हृदय को मंत्र मुग्ध कर दिया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप पूर्व आईपीएस एवं अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) रेजी डुंगडुंग , प्रियंका परमेश्वरन एजीएम (सिविल एंड स्ट्रक्चरल सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेल धुर्वा), संदीप रंजन फाउंडर एंड सीईओ स्टार टप ( ए यूनिट ऑफ अभियोअवाया इंटरनैशनल प्राइवेट लिमिटेड) एवं प्रेसिडेंट आईटी सेल एबीकेएम झारखंड, डॉ. अनिल कुमार सहित अन्य मुख्य रूप से मौजूद थे।

## टीएसपीसी रीजनल कमांडर कोहराम को मिली बेल

**रांची।** चतरा जिला में टंडवा स्थित मगध आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग केस समेत अन्य कई गंभीर आपराधिक मामलों के आरोपी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के रीजनल कमांडर कोहराम को हाईकोर्ट ने बेल दे दी है। जिस मामले में हाईकोर्ट ने उसे बेल दी है, वह मामला चतरा जिले के सदर थाना से जुड़ा हुआ है। इस केस का कांड संख्या 390/17 है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट में कोहराम जी की बेल पर सुनवाई हुई। कोहराम जी की ओर से अधिवक्ता सौरव कुमार ने बहस की।

## मादक पदार्थ व ड्रग्स हमारे तंत्रिका तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं : प्रवीण सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए चार दिवसीय जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रांची जिला अंतर्गत सभी प्रखंड से चार-चार मेडिकल ऑफिसर के साथ 10 स्वास्थ्य कर्मी ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय नारकोटीक कंट्रोल ब्यूरो के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर प्रवीण सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, रांची एवं सुशांत कुमार, जिला कंसलटेंट टोबैको कंट्रोल सेल, रांची एवं नीरज कौशिक समन्वयक रांची कैंसर केयर फाउंडेशन के द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थों के सेवन को खत्म करना है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण सिंह ने कहा की मादक पदार्थ एवं ड्रग्स हमारे तंत्रिका तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और इसका हमारे स्वास्थ्य पर काफी बुरा प्रभाव पड़ता है। आज स्कूल कॉलेज में युवाओं को उनके सहपाठी सहकर्मियों के द्वारा ड्रग्स लेने के लिए उकसाया जाता है। कुछ लोग अवसाद चिंता और अत्यधिक तनाव के कारण इसका सेवन शुरू कर देते हैं वहीं कई लोग पढ़ाई नौकरियां व्यापार में दबाव के कारण बहुत ही कम उम्र में नशीली दवाई एवं ड्रग्स का सेवन शुरू कर देते हैं।



● निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए जागरुकता कार्यक्रम



PR No. 354555 (IPRD) 2025-26
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

राजधानी में सुरक्षा की हो रही अनदेखी

# बिजली के झूलते तारों से है खतरा

**काजल मेहता। रांची।** राजधानी रांची में जहां तहां बिजली के तार बेतरतीब लटक रहे हैं। राजधानी के शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक बिजली के तारों से आमजनों पर संकट मंडरा रहा है। विचारणीय है कि बिजली के तार गिरने से कई जाने जा चुकी है। अक्सर बरसात के दिनों में बिजली की तार गिरने से मौत कि खबरे सामने आती है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कि चोरी भी धडल्ले से हो रही है। इस विषय में बिजली विभाग के महाप्रबंधक से पूछे जाने पर कहा कि मामले की जांच करवाई जाएगी।

## राजधानी में बिजली के तार पर कपड़े सुखा रहे हैं लोग

**बिजली के तार गिरने से जा चुकी है कई की जान**

रांची शहरी क्षेत्र में बिजली के तार इस कदर झूल रहे हैं कि लोग उस पर कपड़े सुखा रहे हैं। कहीं तार जमीन पर गिरी हुई है तो कहीं जैसे तैसे तार को समेट दिया गया है। अब कुछ ही दिनों में बरसात आने वाला है। बावजूद इसके विद्युत विभाग इस पर कोई एक्शन नहीं ले रही। बिजली के तार गिरने से मौत के कई मामले सामने आए हैं। कुछ मामलों में हाईटेंशन तार टूटकर जमीन पर गिर गए, जिससे लोगों को करंट लग गया और उनकी मौत हो गई। एक मामले में, 11 हजार वोल्ट के तार के संपर्क में आने से दो बैलों की मौत हो गई। एक अन्य मामले में, एक प्राइवेट मिस्त्री बिजली का तार जोड़ते समय करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

## बिजली चोरी की शिकायत 9431135609 नंबर पर करें

पूरे मामले पर विद्युत विभाग के महाप्रबंधक मनमोहन कुमार से पूछे जाने पर कहा कि राजधनी में बिजली चोरी और गिरे हुए तारों कि मॉनिटरिंग होती रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्युत विभाग से अधिक टेलीकॉम के तार लटके रहते हैं जिसे सही करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष बरसात से पहले शहर कि मॉनिटरिंग कि जाती है। मॉनिटरिंग के दौरान पेड़ों कि टहनियों को हटाया जाता है जिसका बरसात के दौरान गिरने के असार होते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ों की मोटी टहनियों को हटाने का अधिकार हमारा नहीं है। वहीं तार चोरी और झूलते तारों के बारे में उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति देखता है कि बिजली कि चोरी हो रही है तो वह बिजली विभाग के 9431135609 पर संपर्क कर जानकारी दे सकता है।










कोयला कांटाघरों की सुरक्षा को लेकर खलारी डीएसपी का औचक निरीक्षण, कहा

# असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी नजर

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल एनके एरिया के चूरी और केडीएच कोलियरी कांटाघरों की सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने सोमवार को पुलिस उप अधीक्षक (डीएसपी) रामनारायण चौधरी ने औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इन कांटाघरों को कोयला परिवहन प्रणाली की रीढ़ माना जाता है। निरीक्षण के दौरान डीएसपी चौधरी ने कांटाघर परिसर में मौजूद कोयला लिफ्टर, ट्रक मालिकों, चालकों व खलासियों से बातचीत की और उन्हें हरसंभव सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया। साथ ही, संदिग्ध रूप से मौजूद युवकों से पूछताछ भी की गई। गौरतलब है कि हाल के दिनों में कांटाघरों में कार्यरत कर्मियों को नक्सली और असामाजिक तत्वों द्वारा धमकी भरे संदेश भेजे जाने की घटनाएं सामने आई थीं, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बनने लगा था। ऐसे में पुलिस की सक्रियता से असामाजिक मंसूबों पर पानी फिर गया। पुलिस प्रशासन द्वारा इस प्रकार की सतर्कता न केवल कांटाघर के कर्मचारियों और कोयला कारोबारियों को सुरक्षा का विश्वास दिलाता है, बल्कि कोलियरी क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में भी एक प्रभावी कदम है। डीएसपी रामनारायण चौधरी ने स्पष्ट किया कि कोयला परिवहन से जुड़ी सभी गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदिग्ध हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी खलारी भी इस दौरान उनके साथ उपस्थित थे।



## खेल मैदानों में अड्डेबाजी करने वालों पर डीएसपी की सख्ती

इधर क्षेत्र के प्रमुख खेल मैदानों को अड्डेबाजी और नशाखोरी का अड्डा बना रहे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सोमवार देर शाम पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में गुलजारबाग स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के पास के मैदान, एसीसी मैदान और डकरा स्टेडियम में औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार, इन मैदानों में शाम के समय युवकों का जमावड़ा लग जाता है और कई युवक शराब और बीयर का सेवन करते हैं, जिससे माहौल दूषित हो रहा था। स्थानीय लोगों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। डीएसपी रामनारायण चौधरी ने साफ कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर अराजकता फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि खेल मैदान खेलने और सकारात्मक गतिविधियों के लिए हैं, न कि नशाखोरी व अड्डेबाजी के लिए। आगे भी ऐसे स्थलों पर निगरानी रखी जाएगी और आवश्यकतानुसार सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## सिल्ली विस के प्रमुख चौक चौराहे पर लगेगा हाईमास्ट लाईट



**सिल्ली।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयास से सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में लगातार स्ट्रीट सोलर लाईट और हाईमास्ट लाईट लगाने का कार्य चल रहा है।इसी क्रम में विभिन्न स्थानों पर दो दर्जन से अधिक हाईमास्ट लाईट भी लगना प्रारंभ हो गया है।ज्ञात हो कि मंत्री संजय सेठ के क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने हाईमास्ट लाईट लगाने की मांग की थी जो अब लगना प्रारंभ हो गया। उक्त जानकारी भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने दी। विनय महतो धीरज ने इस कार्य के लिए सिल्ली विधानसभा की जनता की ओर रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कोयला उठाव के 15 दिनों में ट्रक भाड़ा भुगतान की मांग



- चूरी में ट्रक मालिकों ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** चूरी परियोजना से कोयला उठाव के बाद ट्रक मालिकों को समय पर भाड़ा भुगतान सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सोमवार को ग्रामीण ट्रक मालिकों और कोयला लिफ्टरों की एक अहम बैठक चूरी में हुई। अध्यक्षता अशोक महतो ने की।

बैठक में ट्रक मालिकों ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोयला उठाव के बावजूद महीनों तक भाड़ा नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

इस कारण तय किया गया कि कोयला उठाव के 15 दिनों के भीतर ट्रकों का भाड़ा भुगतान अनिवार्य होगा। तय समय पर भुगतान नहीं होने की स्थिति में संबंधित लिफ्टर का कार्य रोकने का सामूहिक निर्णय लिया गया।

बैठक में यह भी मांग की गई कि चूरी परियोजना में भी अन्य क्षेत्रों की तरह तय दर पर समयबद्ध भुगतान की व्यवस्था हो। साथ ही ट्रक मालिकों से जुड़ी अन्य समस्याओं पर भी चर्चा हुई। संचालन सुनील सिंह ने किया। इस अवसर पर गौतम थापा, विकास दुबे, भोला पांडेय, राजा खान, मोनू सिंह, सोनू पांडेय, मनोज महतो, आमिर, दीपू, अजय विश्वकर्मा, जुबेर अंसारी, उदय पांडेय, चितरंजन सिंह, सद्दाम, गुड्डू गिरि, खूटी सिंह, प्रेम महतो, सुनील भारती समेत कई ट्रक मालिक उपस्थित थे।

## सन्नी टोप्पो ने धरती आबा को दी श्रद्धांजलि



**मांडर।** भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर नमन किया व श्रद्धांजलि दी। मौके पर उन्होंने कहा कि भारत की स्वतंत्रता, संस्कृति, धर्म और अस्मिता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन। आदिवासियत की रक्षा और भारत की स्वतंत्रता के लिए किया गया आपका संघर्ष युगों-युगों तक मातृभूमि के प्रति अटूट श्रद्धा और समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा।

## मोनोलिथिस इंडिया लिमिटेड का 12 जून से खुलेगा आईपीओ

**रांची।** 82.02 करोड़ रुपए का आईपीओ लेकर आई मोनोलिथिस इंडिया लिमिटेड 12 जून से खुलेगा । 16 जून तक आवेदन की अंतिम तिथि है। रांची स्थित मोनोलिथिस इंडिया लिमिटेड ने 82.02 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की घोषणा की है। यह आईपीओ 12 जून को खुलेगा और 16 जूनको बंद होगा। शेयर का फेस वैल्यू 10 और प्राइस बैंड 135 से 143 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है।

## सेविका चयन को लेकर आमसभा

**इटकी।** इटकी गुलजार रोड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संगीता कुजूर की अध्यक्षता में सेविका चयन को लेकर सोमवार को आमसभा का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों द्वारा चयन प्रक्रिया को लेकर भारी विरोध के बीच आरफीन परवीन का सेविका के रूप में चयन किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार के वर्तमान अधिसूचना के आलोक में चयन प्रक्रिया करना था तो आमसभा का आयोजन करना किसी भी तरह से औचित्य नहीं था। वहीं सीडीपीओ संगीता कुजूर ने कहा कि सरकार की अधिसूचना संख्या 2238-2239, दिनांक 30/09/2022 के आलोक में ही सेविका की चयन प्रक्रिया को संपन्न कराया गया है। इससे पूर्व सेविका के पद के लिए रूमाना फिरदौस, तरन्नुम जहां, रोकैया परवीन, मारिया तबस्सुम, आरफीन प्रवीण और आलिया परवीन द्वारा आवेदन प्राप्त किए गए थे। जिसमें शैक्षणिक योग्यता में अधिक प्राप्तांक के आधार पर आरफीन परवीन का चयन किया गया।

## सृजन 2025 की सफलता को लेकर प्रखंड कांग्रेस ने की बैठक

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी के द्वारा संगठन सृजन 2025 की सफलता के लिए सोमवार के दिन प्रखंड स्तरीय बैठक प्रखंड कांग्रेस कार्यालय मेन रोड सिल्ली में प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो द्वारा नव नियुक्त प्रखंड कांग्रेस पदाधिकारियों को नियक्ति पत्र दिया गया। जिसमें सभी समुदाय के लोगों को प्रखंड कमिटी में शामिल किया गया।

जनता दरबार में आया भूमि की प्रकृति बदलकर खरीद-बिक्री का मामला

# अगले आदेश तक भूमि निबंधन व म्यूटेशन रोकने का निर्देश

- भूमि की प्रकृति बदलकर खरीद-बिक्री के मामले में जिला प्रशासन गंभीर
- रसीद निर्गत नहीं करने पर बुंडू अंचल के कर्मचारी को शो-कॉज करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** जनता दरबार शुरु होने के साथ ही ओरमांझी के बुजुर्ग अपनी समस्या का समाधन होने पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री को धन्यवाद देने पहुंचे। भू-माफियाओं के चंगुल से अपनी जमीन बच जाने की बात कहते-कहते जितेन्द्र कुमार सिंह की आंखें झलक पडीं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों जनता दरबार में उनके द्वारा इस संबंध में आवेदन दिया था। उपायुक्त के निर्देश पर अंचल कार्यालय द्वारा कार्रवाई की गई और उनकी जमीन बच गयी।

जनता दरबार में भू-माफियाओं द्वारा जमीन की प्रकृति बदलकर खरीद-बिक्री का मामला सामने आया। आवेदकों द्वारा बताया गया कि कांके प्रखण्ड के चामा, बुकरु और नगड़ी में भू-माफियाओं द्वारा जाली कागजात के आधार पर ऑनलाइन छेड़-छाड़ करते हुए जमीन से बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है। कुम्हरिया मौजा से भी ऑनलाइन छेड-छाड़ करने की शिकायत आयी।

**तीन सदस्यीय कमिटि करेगी जांच**

उपायुक्त द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए तीन सदस्यीय कमिटी बनाने का निर्देश दिया गया है, इस कमिटि में एसएआर, डीसीएलआर और एएसओ होंगे। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा कांके प्रखण्ड के चामा, बुकरु और नगड़ी से संबंधित मामले में अगले आदेश तक भूमि निबंधन एवं म्यूटेशन रोकने का निर्देश दिया गया है, साथ ही विभागीय सचिव और आयुक्त को प्रतिलिपि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। कुम्हरिया मौजा की भूमि में ऑनलाइन छेडछाड़ के मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमिटि में एसडीओ, डीसीएलआर और एएसओ होंगे।

पिछले दिनों बुण्डू के धनंजय महतो द्वारा अंचल कार्यालय से रसीद निर्गत करने के संबंध में जनता दरबार में आवेदन दिया गया था। आज वो एक बार फिर जनता दरबार में शिकायत लेकर पहुंचे कि निर्देश के बाद भी अभी तक उनका रसीद नहीं निर्गत किया गया है। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने फौरन अंचल अधिकारी से बात करते हुए रसीद निर्गत नहीं होने का कारण जाना, इसके बाद उन्होंने काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी को शोकॉज करने के निर्देश दिये और सीओ को कहा कि जल्द रसीद निर्गत करें।

बुण्डू एदलहातू की दो महिलाएं एनएचएआई की परियोजना में जमीन अधिग्रहित किये जाने के बाद मुआवजा नहीं मिलने से परेशान थीं। एनएचएआई और अंचल कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी उन्हें सही जानकारी नहीं मिल पा रही थी। जनता दरबार में शिकायत के बाद उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने भू-अर्जन पदाधिकारी को बुलाकर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इनका संरचना से संबंधित मुआवजा लंबित है, एनएचएआई से समन्वय स्थापित किया गया है, एक सप्ताह के अंदर मुआवजा भुगतान कर दिया जाएगा।

## पंचतत्व में विलीन हुए अजप्टा के प्रमंडलीय सचिव अनिल कुमार खलखो

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** राजकीय मध्य विद्यालय खत्री खटंगा बेड़ो- 1 के सहायक शिक्षक और अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सचिव तुड़गुडू इटकी निवासी अनिल कुमार खलखो का रिम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही बेडो. लापुंग सहित ईटकी प्रखंड के शिक्षक शिक्षिकाओं में शोक की लहर छा गई। बेड़ो में सोमवार को आयोजित होने वाला गुरुगोष्ठी भी स्थगित कर दी गया। बेड़ो बीआरसी में एक शोक सभा का भी आयोजन किया गया। बेडो. की प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्रीमती शांति मुनी तिर्की, बीपीओ विकास भूषण, देव कुमार राम, लेखापाल आदिल हुसैन, सोनू लाल, अरुण कुमार साहु, आनंद किशोर साहु, लापुंग के सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता सहित सभी बीआरपी सीआरपी एवं शिक्षा परियोजना के कर्मियों सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने गहरी संवेदना जताते हुए उनके निधन पर शोक प्रकट किया। उधर लापुंग प्रखंड के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी उनके निधन पर दुःख प्रकट किया। इटकी के तुड़गुडू पहुंच कर बेडो. की बीईईओ शांति मुनी तिर्की, अजय ज्ञानी सहित सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाओं ने मृतक अनिल कुमार ख़लखो के अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया।

**स्वास्थ्य**

'सर्जिथॉन-2025' स्वास्थ्य जागरुकता अभियान के साथ शुरु

# अंधविश्वास और झोलाछाप डॉक्टरों से बचने की दी सलाह

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** "राष्ट्रीय शल्य चिकित्सक सप्ताह" का प्रारंभ सोमवार को झारखंड चैप्टर ऑफ एएसआई एवं रिम्स के सर्जरी विभाग ने सर्जिथॉन-2025 स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के साथ किया गया।

राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में चिकित्सा क्षेत्र में जागरूकता और सामाजिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिए "सर्जिथॉन-2025" का आयोजन किया गया। एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया (एएसआई) के झारखंड चैप्टर और रिम्स सर्जरी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस वॉकथॉन का उद्देश्य जनसामान्य को स्वास्थ्य और सुरक्षित चिकित्सा विकल्पों के प्रति जागरूक करना था। इस जागरूकता वॉकथॉन की शुरुआत रिम्स परिसर से हुई, जो ट्रॉमा सेंटर, ओपीडी और मुख्य सड़क से होते हुए राजेंद्र पार्क तक पहुंची। इस पहल के माध्यम से जनता को एक सशक्त संदेश दिया गया। स्वस्थ जीवन के लिए "जागरूकता बहुत जरूरी" है ।

**छात्रों की सहभागिता से कार्यक्रम विशेष बना**


इस आयोजन में रिम्स के सर्जरी विभाग के स्नातकोत्तर छात्र और एमबीबीएस विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम और अधिक सार्थक और स्मरणीय बन गया। यह सर्जिथॉन-2025" न केवल चिकित्सा क्षेत्र की प्रगति का प्रतीक था, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी।

इस आयोजन में रिम्स सर्जरी विभाग के प्रतिभागियों की प्रभावशाली सहभागिता रही। इसमे 72 स्नातकोत्तर छात्र, 20 वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टर्स तथा 25 सर्जरी फैकल्टी सदस्य शामिल हुए। इसके साथ ही, झारखंड के विभिन्न हिस्सों से आए 22 सर्जरी कंसलटेंट ने भी इसमें सहभागिता की, जिससे इस आयोजन की व्यापकता और प्रभावशीलता और बढ़ गई।

जनजागरूकता के लिए प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया वॉकथॉन के पश्चात, "अंधविश्वास और झोलाछाप डॉक्टरों से बचें, और योग्य सर्जनों पर विश्वास करें" विषय पर आधारित एक प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति की गई। इस जागरूकता कार्यक्रम को उपस्थित जनसमूह ने सराहा और इसकी सकारात्मक पहल को सराहनीय बताया।

मौके पर रिम्स सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. डीके सिन्हा, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. एनके झाडॉ. समीर टोप्पो सहित कई अन्य वरिष्ठ सर्जन उपस्थित थे।

## एचडीएफसी बैंक ने कोयला खदानों में चलाया अभियान




**रांची।** एचडीएफसी बैंक झारखंड ज़ोन द्वारा कोयला खदानों और जीएम कार्यालयों में एक विशेष सुरक्षा और जागरूकता अभियान 'सक्षम खदान, सुरक्षित खदान' का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य सुरक्षित खनन प्रक्रियाओं को बढ़ावा देना, खनन कर्मियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सशक्त बनाना तथा डिजिटल बैंकिंग सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस पहल के तहत आईएसएम के उद्योग विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रोटोकॉल और खनन क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उभरती भूमिका पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान, सभी कर्मचारियों के लिए आज के डिजिटल युग में सुरक्षित बैंकिंग से जुड़े इंटरएक्टिव वर्कशॉप भी आयोजित किए गए। कुमार अभिषेक, क्षेत्रीय प्रमुख – बिहार एवं झारखंड, ने कहा कि हम खनिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## राजेन्द्र कुमार को पीएचडी की उपाधि मिलने पर रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति ने किया सम्मानित



**रामगढ़।** सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति की ओर से राजरप्पा प्रोजेक्ट निवासी अधिवक्ता राजेन्द्र कुमार को पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित किया गया। अधिवक्ता राजेन्द्र कुमार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय से विधि विषय पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है जो कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। सम्मान समारोह के दौरान संगठन के अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने अधिवक्ता राजेन्द्र कुमार को शॉल, पुष्पगुच्छ और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा राजेन्द्र कुमार जैसे शिक्षित, संघर्षशील और समर्पित व्यक्तित्व को सम्मानित करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उनका यह शैक्षणिक उपलब्धि न केवल क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा देगी, बल्कि न्याय के क्षेत्र में नई दिशा भी प्रदान करेगी। रामगढ़ को ऐसे योग्य और कर्मठ लोगों पर गर्व है। कार्यक्रम में समिति के कई सदस्यगण, समाजसेवी और अधिवक्ता साथी उपस्थित रहे और सभी ने राजेन्द्र कुमार को शुभकामनाएं दीं।

## सड़क दुर्घटना में पति पत्नी समेत बच्चा गंभीर

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड स्थित गुंजरा मोड़ के समीप सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सोनू मोदी 23 वर्ष पिता अर्जुन मोदी, उसकी पत्नी नेहा कुमारी 20 वर्ष तथा उनकी बेटी छाया कुमारी 2 वर्ष तुर्कबाद निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनू मोदी अपनी बाइक से जा रहे थे। इसी बीच गुंजरा मोड़ समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा सभी घायलों को स्थित गंभीर देखते हुए सदर रेफर कर दिया गया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित

# सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं की परीक्षा संपन्न करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीपीओ यूआईडी आरती पंकज के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई की 0 से 5 वर्ष के बच्चों के आधार पंजीकरण को लेकर महिला पर्यवेक्षिकाओ को यूआइडीएआइ की एनएसआईईटी परीक्षा दिलाई जानी है जिस पर उपायुक्त में जल्द से जल्द सभी महिला पर्यवेक्षिकाओ का परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का आधार पंजीकरण करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ससमय प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा जिले में निराश्रित बच्चों का आधार पंजीकरण करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस उप विकास आयुक्त, उपाधीक्षक मुख्यालय, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सहायक डाक अधीक्षक, परियोजना पदाधिकारी यूआइडीएआइ रामगढ़, सहायक प्रबंधक यूआइडीएआइ क्षेत्रीय कार्यालय रांची, सीएससी मैनेजर सहित अन्य उपस्थित थे।

## सदर विधायक ने नवनियुक्त उपायुक्त से की शिष्टाचार भेंट



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी से हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सोमवार को जिले के नवनियुक्त उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के बीच जिले के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने उपायुक्त को हजारीबाग जिले की कमान संभालने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा की आपका प्रशासनिक अनुभव और जनसरोकारों के प्रति संवेदनशीलता हजारीबाग़ के विकास में अहम भूमिका निभाएगा। हमें विश्वास है कि आपके नेतृत्व में जिले की प्रशासनिक कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जन उत्तरदायी बनेगी। उन्होंने कहा की जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, रोजगार, महिला सशक्तिकरण तथा कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर ठोस पहल की आवश्यकता है, जिसमें जनप्रतिनिधि और प्रशासन मिलकर बेहतर तालमेल से कार्य कर सकते हैं। विधायक ने ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन तथा आम जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान पर भी बल दिया। साथ ही श्री प्रसाद में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर बनाने का आग्रह किया।

## कृषि विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** कृषि विभाग द्वारा रामगढ़ जिले में किया जा रहे कार्य को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिला कृषि पदाधिकारी उमेश तिर्की एवं उप परियोजना निदेशक कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) से कृषि विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त को खरीफ मौसम के दौरान बीज वितरण कार्यों की जानकारी दी गई जिस पर उपायुक्त ने ससमय सभी किसानों को बीज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।किसान क्रेडिट कार्ड के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा ज्यादा से ज्यादा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। सॉइल हेल्थ कार्ड की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। झारखंड मिलेट मिशन के तहत हो रहे है कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत प्रति सुनिश्चित करते हुए किसानों को मोटा अनाज उगाने एवं इसके फायदों के प्रति विभिन्न माध्यमों से प्रेरित करने का निर्देश दिया।

## निरसा में नदी पुल के पास से शव बरामद



**धनबाद।** निरसा थाना क्षेत्र के जामताड़ा रोड स्थित पुसोई नदी पुल पर सोमवार को अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। सुबह में कुछ लोगों ने पुल पर शव देख शोर मचाया. खबर फैलते ही वहां लोगों की भिड़ जुट गई. स्थानीय लोगों की सूचना पर निरसा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार व्यक्ति पुल पर लेटा हुआ दिखाई दे रहा था. पहले लोगों को लगा कि वह नशे की हालत में है और वहीं गिरकर सो गया है. लेकिन काफी देर तक जब उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई तब स्थिति की गंभीरता को समझते हुए लोगों ने निरसा थाना को इसकी सूचना दी।

## उलगुलान का सौदा मंजूर नहीं, विस्थापन आयोग बनाना होगा : सीटू

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** धरती आबा बिरसा मुंडा के 125 वीं शहादत दिवस के अवसर पर बस स्टैंड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद हजारीबाग के सीपीएम कार्यालय में उलगुलान का सौदा मंजूर नहीं" विषय पर सेमिनार किया गया इसकी अध्यक्षता ईश्वर महतो और संचालन तपेश्वर राम भुईयां ने किया। इस अवसर पर पार्टी के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने संबोधित करते हुए कहा कि , झारखंड राज्य का निर्माण हुआ और झारखंड राज्य के निर्माण के तत्काल बाद जो सरकार झारखंड में बनी वह बिरसा मुंडा के उलगुलान का सौदा करने लगी देखते-देखते सरकार ने 27 अगस्त 2008 तक 74 बड़े परियोजनाओं के लिए बड़े उद्योगपतियों के साथ एम ओ यू साइन कर दिया। जो बिरसा मुंडा के उलगुलान के विरुद्ध था, ऐसा एम ओ यू आज भी हो रहा है। बिरसा के शहादत के बाद सीएनटी एक्ट बना, बावजूद इसके सीएनटी एक्ट के तहत आने वाली जमीन, जंगल, जल और गैरमजरूआ जमीन की लूट आज तक जा रही है। आज झारखंड के विकास के लिए यह जरूरी है ,कि बिरसा मुंडा के उलगुलान को ताजा करते हुए उसे गांव गांव तक फैलाने की जरूरत है तभी झारखंड का विकास संभव है। झारखंड की विभिन्न सरकारें एमओयू के आधार पर आर्सेलर मित्तल कंपनी को स्टील प्लांट के लिए 25000 एकड़, टाटा स्टील को ग्रीन फील्ड परियोजना एवं जमशेदपुर प्लांट के विस्तार के लिए 30500 एकड़, भूषण स्टील के 2 परियोजनाओं के लिए 10400 एकड़ जमीन की एम ओ यू साइन किया गया। आज तक झारखंड सरकार ने कुल 98 एम ओ यू पर साइन किया है। इन तमाम एम ओ यू यदि लागू होती है तो झारखंड की लगभग 2 लाख एकड़ जमीन उद्योगपतियों को सरकार सौंप देगी।

## तीन बांग्लादेशी कैदी फरार

**नवीन मेल संवाददाता**




**हजारीबाग।** हजारीबाग के जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा स्थित ओपन जेल से तीन बांग्लादेशी कैदियों के फरार होने का मामला सोमवार को सामने आया है। फरार हुए कैदियों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। सभी को अवैध रूप से भारत में रहने के कारण हिरासत में लिया गया था। फरार कैदियों में रीना खान उर्फ फिना देवी, निपाह अख्तर खुशी और मोहम्मद नजमूल हंग शामिल हैं। रीना खान जामताड़ा जेल से 4 फरवरी 2022 को हजारीबाग ट्रांसफर की गई थी। निपाह अख्तर को होटवार जेल, रांची से 28 सितंबर 2024 को लाया गया था। मोहम्मद नजमूल को दुमका जेल से एक मार्च 2025 को स्थानांतरित किया गया था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। तीनों कैदियों को पहले अलग-अलग जेलों में रखा गया था और बाद में उन्हें हजारीबाग के ओपन जेल होल्डिंग कैम्प 'डिटेंशन सेंटर' में शिफ्ट किया गया था। बताया जा रहा कि ये सभी रविवार देर रात फरार हुए हैं। जेल प्रशासन और जिला प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रही है।

## जीएसटी केयर टेकर पर धोखाधड़ी का आरोप, दर्ज कराई प्राथमिकी

- व्यवसाय के प्रकृति के विरुद्ध भरी जा रही थी जीएसटी, भारी गोलमाल की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता**




**बरही ।** करसो निवासी प्रमोद कुमार यादव ने अपने ही फर्म के जीएसटी केयर टेकर पर धोखाधड़ी और गलत जीएसटी रिटर्न फाइलिंग को लेकर बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है. आरोप है कि केयरटेकर लोहसिंघना रोड हजारीबाग निवासी कुणाल अग्रवाल ने उन्हे धोखे में उनके जीएसटी का गलत उपयोग किया है. उनका धंधा जेसीबी/पोकलेन/हाइवा किराया सेवा से संबधित है. परंतु उक्त केयर टेकर ने किसी दूसरे को लाभ दिलाने के लिए उनके जीएसटी नंबर से कोयला, लोहा, छड़ आदि के खरीद बिक्री से संबंधित जीएसटी रिटर्न फाइल करने का काम किया हैं. जो उनके व्यवसाय के स्वभाव से बिलकुल भिन्न है. यह रिटर्न पिछले कई वर्षों से किया जा रहा था. गलत जीएसटी भरने के कारण हीं उनका जीएसटी सस्पेंड कर दिया गया है. जिससे उन्हे व्यवसाय करने में परेशानी हो रही है. इसकी जानकारी उन्हे जीएसटी सस्पेंशन के जानकारी लेने पर विभाग से प्राप्त हुई है. व्यवसायी श्री यादव ने अपनी फर्म मेसर्स प्रमोद कुमार यादव का संचालन स्वयं करते हैं. उन्होने पुलिस से उचित कारवाई करते हुए न्याय की गुहार लगाई है. संबंधित मामले में पुलिस ने कांड संख्या 207/24 दर्ज किया है. इस प्राथमिकी ने वैसे व्यवसायियों के नींद उड़ा दिए हैं जो अपने सीए/केयर टेकर पर पूर्ण भरोसा कर व्यवसायिक लेखांकन करवा रहे है. उन्हे सतर्क और क्रॉस वेरिफिकेशन करवाने की आवश्यकता है. इस मामले ने कई प्रश्न चिन्ह को खड़ा किया है जो एक बड़े गोलमाल की ओर इशारा कर रहा है।

## कांग्रेसियों ने प्रदेश के पूर्व मंत्री का किया स्वागत



**बरही ।** रसोईया धमना स्थित लोकनायक जयप्रकाश फैमिली रेस्टोरेंट में प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य व खाद्य मंत्री बन्ना गुप्ता का कांग्रेसियों ने स्वागत किया. श्री गुप्ता पार्टी के नए दायित्वों को निभाने के लिए 10 दिवसीय प्रवास पर मध्य प्रदेश जा रहे थे. इसी क्रम में वह कुछ समय कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए रुके थे. पूर्व मंत्री ने कहा कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल तथा झारखंड प्रभारी के राजू के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत उन्हें मध्य प्रदेश का पर्यवेक्षक की नई जिम्मेवारी दी गई है. उन्होंने उपस्थित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए संगठन की मजबूती और विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करने की बात कही. मौके पर उपस्थित कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री को इस नई जिम्मेवारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी. स्वागत कार्यक्रम ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता की अगुवाई में आयोजित की गई थी. जिसमे मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, ओबीसी कांग्रेस जिला महासचिव सुनील साहू, जिला सचिव विकास साहू सहित बीरबल साहू, राजू राणा, सूरज आदि सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोकल सेल में हिस्सेदारी की मांग को लेकर झारखंडी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा का धरना

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़ ।** भुरकुंडा पीओ कार्यालय परिसर में सोमवार को झारखंडी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की ओर से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शन लोकल सेल में रोजगार व अधिकार की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने को लेकर किया गया। धरना का नेतृत्व कर रहे मोर्चा के अध्यक्ष किशुन नायक ने कहा कि भुरकुंडा परियोजना क्षेत्र के स्थानीय प्रभावितों को वर्षों से रोजगार से वंचित रखा जा रहा है। पहले भी विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन सीसीएल प्रबंधन ने लगातार अनदेखी की।

मजबूरीवश एक बार फिर संगठन को धरना का रास्ता अपनाना पड़ा है। धरना के दौरान परियोजना पदाधिकारी राकेश सत्यार्थी खुद प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की

। उन्होंने संगठन के सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल की जाएगी। साथ ही यह भी कहा कि जब तक सभी संबंधित पक्षों के बीच आपसी सहमति नहीं बनती, तब तक लोकल सेल चालू नहीं होगी। प्रभावितों ने कहा कि प्रदूषण, सड़क दुर्घटनाएं, विस्थापन जैसी समस्याओं का सामना करने के बावजूद रोजगार से वंचित रहना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बेरोजगारी के कारण स्थानीय लोग पलायन को मजबूर हैं। कुछ पुराने समितियों के नाम पर कुछ लोगों ने निजी स्वार्थवश हिस्सेदारी पर कब्जा जमा रखा है, जिससे असली प्रभावित आज भी हाशिये पर हैं। धरना में लखन पासवान, जगतार सिंह, बिक्रम कुमार, बबलू ठाकुर, संतन सिंह, अमन कुमार आदि शामिल हुए ।

## 11 छात्रों का अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में चयन

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के लिए गौरव का क्षण रहा जब जिले के 11 मेधावी छात्रों का चयन अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बैंगलोर और भोपाल कैंपस में उच्च शिक्षा के लिए हुआ। इन छात्रों ने अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित ब्रिज प्रोग्राम के माध्यम से प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त कर 100% छात्रवृत्ति अर्जित की है। चयनित छात्रों में 9 भोपाल कैंपस और 2 बैंगलोर कैंपस में अध्ययन करेंगे।उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने इन सफल छात्रों को सम्मानित करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं।उपायुक्त ने कहा कि सिमडेगा जैसे पिछड़े माने जाने वाले जिले से छात्रों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करना जिले के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि शिक्षा के क्षेत्र में अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी। उन्होंने छात्रों को नई जगहों पर सजग रहने, अपनी सुरक्षा का ध्यान रखने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में जिला प्रशासन से तुरंत संपर्क करने की सलाह दी।

## विधायक ने पांच सड़क निर्माण कार्यों व सुदृढ़ीकरण कार्य का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने सोमवार को पांच अलग अलग सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। सबसे पहले विधायक ने केरसई के करंगागुड़ी बाजुटोली भाया नावाटोली झीपाटोली सेमरटोली तक पथ निर्माण कार्य एवं करंगागुड़ी से बाघड़ेगा भाया ढिंगुरपानी मीचूटोली तक और किनकेल बाजार पथ से तुरकिनजोर पथ के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इसके बाद मंसुर से भालू पहाड़ भाया पहारसाड़ा पंचायत भवन तक पथ निर्माण कार्य के सुदृढ़ीकरण, कुरडेग के खालीजोर बाजारटांड से सर्फमुंडा तक पथ निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि सड़क गांवों को शहरों से जोड़ने वाली जीवनरेखा होती है। हम लगातार कोशिश कर रहे हैं कि हर पंचायत, हर टोला तक पक्की सड़क पहुंचे। गांव में पक्की सड़कें केवल सुविधा नहीं, सम्मान का प्रतीक हैं। ये सड़कें बच्चों को स्कूल, बुजुर्गों को अस्पताल और किसानों को बाजार से जोड़ेंगी। उन्होंने कहा कि गांव के सड़कों की तस्वीर बदल रहा है। विगत वर्षों में दर्जनों सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल भवन का निर्माण हुआ है। उन्होंने वादा किया कि विकास का पहिया अब रुकेगा नहीं।

**तोपा कोयला स्टॉक** | सीसीएल के परियोजनाओं में जारी है अवैध उत्खनन

# सीसीएल तोपा परियोजना के कोयला स्टॉक में लगी आग

- पिछले कई दिनों से कोयला स्टॉक से धुंआ निकल रहा था

**नवीन मेल संवाददाता**



### कई माह से स्टॉक से नहीं डिस्पैच हो रहा था कोयला

मामले को लेकर वरीय अधिकारियों का कहना है कि उक्त कोयला स्टॉक से कई माह से कोयला डिस्पैच हो नहीं रहा था। जिसके कारण स्टॉक में गैस बनने के बाद अचानक आग की लपटे निकलने लगा। अगर सही तरीके से कोयला स्टॉक से कोयले का डिस्पैच होता तो आग नहीं लगाता।

**रामगढ़ ।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के तोपा परियोजना में कोयला स्टॉक में सोमवार को अचानक आग लग गया। जिससे आस-पास निवास करने वाले लोगों के बीच हड़कंप मच गया। कोयला स्टॉक में आग लगने की सूचना पर प्रबंधन द्वारा सीसीएल के अग्निशमन वाहन से आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह भी नाकाफी साबित हुआ। इधर प्रबंधन द्वारा कोयला स्टॉक में बचे हुए कोयला को हॉलपैक व हाइवा के माध्यम से हटाकर सीसीएल को नुकसान से बचाने का प्रयास जारी है। इधर बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से कोयला स्टॉक से धुंआ निकल रहा था। लेकिन आज दोपहर में अचानक कोयला स्टॉक से आग की लपटे निकलने लगी। आग की लपटो के साथ धुआं भी निकल रहा है। फैल गया है. आग लगने से वहां के लोग काफी डरे सहमे हैं। मामले को लेकर तोपा मैनेजर अनुभव गौरव ने बताया कि आग लगने के बाद बुझाने का सभी प्रयास जारी है। जल्द ही आग पर काबू पा लिया जायेगा।

## बानो प्रखंड में रौतिया समाज की क्षेत्रीय समिति पाड़ो का गठन

**बानो।** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद, प्रखंड बानो की क्षेत्रीय समिति पाड़ो" का गठन एक विशेष बैठक में किया गया। बैठक की अध्यक्षता भुनेश्वर सिंह ने की, जिसमें समाज के विभिन्न गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।बैठक में भीष्म सिंह को क्षेत्रीय समिति का अध्यक्ष चुना गया, जबकि गौतम सिंह को उपाध्यक्ष, प्रभु दयाल सिंह को सचिव, और भरत सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।समिति की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समाज को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए गांव स्तर पर भी समिति का विस्तार किया जाएगा। साथ ही यह भी तय किया गया कि सामाजिक समस्याओं का समाधान अब क्षेत्रीय स्तर पर किया जाएगा।

## आज होगा इटावा व दिल्ली के कव्वालों का शानदार मुकाबला



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** कोनरा दरगाह मुहल्ला मजार शरीफ परिसर में उर्स मुबारक के मौके पर आज कव्वाली का शानदार मुकाबला होने जा रहा है. कार्यक्रम की तैयारियां पूरी की जा चुकी है. उक्त जानकारी उर्स कमिटी के अध्यक्ष भगवान केसरी व सचिव रिजवान अली ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दिया। बताया गया कि उक्त मुकाबले में बतौर मुख्यातिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी व विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव, पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव, कांग्रेस एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान सहित कई गणमान्य होंगे। उर्स मुक़ाबला इटावा उत्तर प्रदेश के शाने आलम शाबरी और दिल्ली के जारा वारसी उर्फ जारा डिस्को के बीच होगा। जिसे सुनने के लिए भारी संख्या में भीड़ उमड़ने की संभावना है। कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से प्रारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम सफल बनाने के लिए उर्स कमिटी के लोग दिन रात लगे हुए है।

# बिरसा मुंडा की 125वीं दिवस पर झामुमो ने दी श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सोमवार को झामुमो सिमडेगा के नेताओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के 125 वीं शहादत दिवस पर, नगर भवन सिमडेगा स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा सही मायनों में एक सच्चे जननायक थे। आज हम उन्हीं के पदचिन्हों पर चलकर ही समाज में शोषित - वंचित लोगों के हक एवं अधिकारों की रक्षा करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहना होगा , तभी जाकर हम बिरसा मुंडा के सपनों को साकार कर सकते हैं।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला सचिव सफीक खान, केन्द्रीय समिति सदस्य नोवस केरकेट्टा, फिरोज अली, संजू डांग,मो इरशाद, केंद्रीय समिति सदस्य,सुनील खेश,प्रफुल्लित डुंगडुंग, जिला उपाध्यक्ष सरफराज अहमद उर्फ रूफी,जिला उपाध्यक्ष रितेश बड़ाइक, जिला कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो,पूर्व केन्द्रीय समिति सदस्य मो० शाहिद, पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साबिर अंसारी, नगर अध्यक्ष अनस आलम, बीरबल महतो, सिमडेगा प्रखण्ड सचिव मिन्हाज राजन,,जाफर खान,नारायण मांझी, संदीप मिंज,बिपिन कुल्लू, ओस्कर डांग, मिनहाज राजन, बीरेंद्र बड़ा, किशोर केरकेट्टा,संजय सिंह ,हाफिज अमानुल्लाह, मोआशिफ खान, मिन्हाज अलम, मो इकबाल , शशि सिमोन बड़ा,दिवाकर प्रसाद,आदि नेताओं एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर भाजपा ने अर्पित की श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

### पूर्व मंत्री विमला प्रधान हुई शामिल



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा जिला समिति द्वारा सोमवार को नगर भवन परिसर में स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान, भाजपा जिला अध्यक्ष समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने आदिवासी समाज के अधिकारों और अस्तित्व की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। वे जनजातीय समाज के महानायक थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ जनजागृति फैलाकर संघर्ष का बिगुल फूंका।पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि बिरसा मुंडा का बलिदान आज भी हमें समाज और संस्कृति की रक्षा के लिए प्रेरित करता है। भाजपा उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का कार्य कर रही है। इस मौके पर प्रणव प्रसाद, संजय शर्मा सत्यनारायण प्रसाद ,अनूप केसरी, अनूप प्रसाद, युवा मोर्चा के अनिरुद्ध सिंह प्रदेश महिला प्रवक्ता मार्गेट बा उर्फ पिंकी, सीखा अग्रवाल, नीलेश प्रधान सहित अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं

# फुलमनी और बिरहोर के गांव पहुंचकर की स्थिति की जांच





नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कंचन सिंह ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। इस दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। मुख्य रूप से भूमि विवाद, जमीन पर अवैध कब्जा, जमीन का बंटवारा, शादी का झांसा देकर यौन शोषण करनेवाले व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई करने, आईएफसी कोऑर्डिनेटर में अनियमित बहाली, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना का लाभ दिलाने, नया राशन डीलर चयन, उग्रवादी हिंसा में मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिलाने, खराब जल मीनार की मरम्मत, बकाया मानदेय भुगतान, दैनिक मजदूरी की बकाया राशि का भुगतान और नल जल योजना के तहत पानी आपूर्ति से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। उपायुक्त ने सभी आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी मामलों का नियम के अनुसार शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता से लेने और समयबद्ध समाधान करने का सख्त निर्देश भी दिया। जनता दरबार में आई समस्याओं के प्रति प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया लोगों में विश्वास बढ़ाने में सहायक रही।

उपायुक्त ने परिवार के मुखिया सुदोर बिरहोर से मुलाकात कर सरकार द्वारा मिलने वाली राशन, पेंशन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी। उपायुक्त ने बिरहोर परिवारों को समय से सभी योजनाओं का लाभ मिले से सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने सुदोर बिरहोर से बच्चों की शिक्षा की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को पढ़ाने की बात कहीं। सुदोर बिरहोर का स्वस्थ काफी खराब है वह चल भी नहीं पाते हैं उनके इलाज कराने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिए।

### शिकायत पर गांव पहुंचीं उपायुक्त, योजनाओं की जांच की

फुलमनी बिरहोर ने उपायुक्त महोदय के जनता दरबार में आवेदन देकर सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की और बताया कि उन्हें तीन माह से राशन नहीं मिला है, पेंशन भी नहीं मिली है, आवा-गमन हेतु पथ नहीं है, इसे गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने जनता दरबार के बाद फुलमनी के गांव बंगरु पहाड़ टोली पहुंचीं और योजनाओं की स्थिति की जांच की। वहां बिन्नी बिरहोर ने बताया कि वह बाहर काम करता है, उसने बताया कि वह बाहर में ड्राइवरी का काम करता है। और उसका आधार कार्ड भी नहीं बना है। उपायुक्त ने तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी को बिन्नी बिरहोर का आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस जल्द से जल्द बनवाने का निर्देश दिया। बिरहोर परिवार के आंगन में नल जल योजना के तहत लगा नल चालू किया जिसमें पानी भी सप्लाई नहीं हो रहा है। उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को जल्द ही उसे ठीक करने की बात कहीं।

# भगवान बिरसा मुंडा की विरासत हमें संघर्ष स्वाभिमान और सेवा की राह दिखाती है : विधायक

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** भगवान बिरसा मुंडा की शहादत दिवस के अवसर पर नगर भवन सिमडेगा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक भूषण बाड़ा अपनी धर्मपत्नी सह जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा के साथ उपस्थित होकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। माल्यार्पण के पश्चात सभा को संबोधित करते हुए विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक जननायक नहीं थे। बल्कि वे आदिवासी चेतना के अग्रदूत थे। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने केवल अपने समुदाय के लिए ही नहीं। बल्कि पूरे समाज के लिए स्वतंत्रता, आत्मसम्मान और अधिकार की आवाज बुलंद की थी। आज का दिन हमें उनके बलिदान को याद करने का ही नहीं। बल्कि उनकी राह पर चलने का संकल्प लेने का भी दिन है। विधायक ने कहा कि आदिवासी समाज को जब-जब दबाने की कोशिश हुई। तब-तब बिरसा जैसे वीरों ने आगे आकर रास्ता दिखाया। आज हम जब आदिवासी समाज के विकास की बात करते हैं। तो हमें बिरसा मुंडा के उस दर्शन को नहीं भूलना चाहिए जिसमें प्रकृति, परंपरा और प्रगति तीनों का सामंजस्य था।ज़िप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने कम उम्र में जो चेतना की मशाल जलाई। वह आज भी हम सबके दिलों में जल रही है। कार्यक्रम में जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, एजाज अहमद, कांग्रेस नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन ओबीसी जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद, कांग्रेस प्रवक्ता रणधीर रंजन, लखन गुप्ता, विनय तिग्गा, शोभेन तिग्गा,दिव्या सोरेंग सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बीडीओ ने दी भगवान बिरसा मुण्डा को श्रद्धांजलि

**कुरडेग।** प्रखण्ड कार्यालय परिसर में भगवान बिरसा मुण्डा की 125 वी पुण्य तिथि पर कुरडेग बीडीओ नैमन कुजूर और केरसई बीडीओ ज्ञानमणि एक्का ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी । इस दौरान उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा के बलिदान और योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया।मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा आज भी एकता , सघर्ष और स्वभिमान के प्रतिक हैं और उनके बिचार आनेवाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक रहेंगे । मौके पर प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी , प्रभारी सांख्यकी पर्यवेक्षक, प्रखण्ड समन्वयक, प्रखण्ड कार्यालय के नाजीर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर बीडीओ ने अर्पित की श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** बानो प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सोमवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी समेत कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी ।बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी ने इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान और उनके ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी प्रेरणास्रोत है। हमें उनके सेवा, संघर्ष और स्वाभिमान के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए ।उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की संक्षिप्त जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कर्मियों से समाज हित में सेवा भावना से कार्य करने की अपील की ।इस मौके पर लिपिक प्रदीप यादव, अनिल कुमार, कनीय अभियंता राजा कुजूर, लेखा सहायक आशीष तिर्की, जितेंद्र पंडा, सीआई विल्सन केरकेट्टा, मेनका कुमारी, कोमल सुरिन, बसंत मड़की, अभिषेक राज तोपनो, सुमन देवी, पद्मिनी देवी समेत प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

# उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया रैन बसेरे का निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सोमवार को सिमडेगा उपायुक्त कंचन सिंह और पुलिस अधीक्षक मोहम्मद अर्शी ने नगर परिषद सिमडेगा द्वारा संचालित झूलन सिंह चौक स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने वहां उपलब्ध सुविधाओं और संचालन की व्यवस्था की गहन समीक्षा की ।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया और रैन बसेरे में ठहरने वाली महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में नगर परिषद प्रशासक से विस्तृत जानकारी ली ।नगर परिषद प्रशासक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रैन बसेरा विशेष रूप से महिलाओं के लिए बनाया गया है, जहाँ रुकने के इच्छुक लोगों से 30 सहयोग शुल्क लिया जाता है, जिसके बदले में उन्हें एक कंबल व सुरक्षित स्थान प्रदान किया जाता है। साथ ही खाद्य सामग्री के रूप में चूड़ा और गुड़ भी दिया जाता है ।इस पर उपायुक्त कंचन सिंह ने कहा रैन बसेरे में पारदर्शिता बनी रहनी चाहिए। प्रत्येक प्रवेश की सही तरीके से एंट्री की जाए, और सहयोग राशि लेने पर पावती रसीद अनिवार्य रूप से दी जाए ।वहीं, पुलिस अधीक्षक मोहम्मद अर्शी ने कहा कि रैन बसेरे में रुकने वाली महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। जैसे ही कोई महिला ठहरने आती है, इसकी सूचना तत्काल स्थानीय थाना को दी जाए, ताकि पेट्रोलिंग के माध्यम से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके ।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रैन बसेरे में मौजूद अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# समसेरा चर्च में हथियारबंद डकैती तीन पल्ली पुरोहित घायल, 7 लाख की लूट

कालो खलखो



**बोलबा।** बोलबा थाना क्षेत्र अंतर्गत समसेरा चर्च में रविवार रात करीब 1:30 बजे एक संगीन आपराधिक वारदात हुई। पांच नकाबपोश हथियारबंद अपराधी चर्च परिसर में घुसे और तीन पल्ली पुरोहितों के साथ बर्बरता से मारपीट कर डकैती को अंजाम दिया। घटना के दौरान अपराधियों ने लाठी-डंडे, चाकू और देसी कट्टा से लैस होकर फादर इग्नासीयूस टोप्पो, रोशन सोरेंग और अगुस्टिन डुंगडुंग को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी को हाथ-पैर बांधकर प्रताड़ित किया गया। आरोपियों ने चर्च की मिनी बैंक, स्कूल की निधि, मिस्सा के समय एकत्रित चढ़ावे का पैसा और पुरोहितों के निजी रुपये समेत कुल लगभग 7 लाख रुपये लूट लिए। हालांकि रकम स्पष्ट नही। अपराधियों ने पल्ली पुरोहितों के मोबाइल फोन भी तोड़ दिए और पूरे आवास को अस्त-व्यस्त कर दिया। चर्च में सीसीटीवी कैमरा या सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था नहीं होने के कारण अपराधियों को खुली छूट मिल गई ।घटना करीब एक घंटे तक चली। रात के समय मोबाइल नेटवर्क बाधित होने से कोई तत्काल संपर्क नहीं हो सका। बाद में ग्रामीणों की मदद से घायलों को बोलबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ डॉ. देवतोष भूटिया की निगरानी में उनका प्राथमिक उपचार किया गया। तीनों की हालत खतरे से बाहर बताई गई, लेकिन बेहतर इलाज के लिए उन्हें सिमडेगा रेफर कर दिया गया ।घटना की जानकारी मिलते ही सिमडेगा एसपी मो अर्शी ने कहा कि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेजा जाएगा। बोलबा थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि पूरे प्रखंड को सील कर सघन छापेमारी और पूछताछ की जा रही है ।घटना की सूचना पर कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने तत्काल घटनास्थल का दौरा किया और अस्पताल में घायल पुरोहितों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों को बेहतर उपचार देने के निर्देश दिए और प्रशासन को मामले की शीघ्र व निष्पक्ष जांच के आदेश दिए। इधर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने भी इस घटना को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है ।इस दौरान अंचल अधिकारी सुधांशु पाठक, विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, सम्मी आलम, संजय कुजूर, सांसद प्रतिनिधि सुनील टोप्पो समेत चर्च से जुड़े अनेक लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुँचे और घायलों की स्थिति की जानकारी ली ।यह घटना समसेरा पल्ली में पिछले एक दशक में दूसरी बड़ी डकैती है। इससे पूर्व वर्ष 2014 में भी इसी चर्च में लाखों की डकैती हुई थी, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गया है ।इस वीभत्स हमले की विविन्न संगठनों ने निंदा की है ।विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों और धर्मगुरुओं पर हमला पूरे समाज और मानवता को शर्मसार करता है। प्रशासन को चाहिए कि दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करे ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो ।इसी प्रकार सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया के सदर मोहम्मद ग्यास ने भी घटना की भर्त्सना करते हुए कहा कि धर्म के नाम पर हिंसा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।

# मानव तस्करी मामले में फरार दंपती के खिलाफ इश्तिहार चिपकाया गया

नवीन मेल संवाददाता



- मानव तस्करी कांड के आरोपी दंपती को 23 जून तक कोर्ट में हाजिर होने का आदेश
- ढोल-नगाड़े व डुगडुगी बजाकर सार्वजनिक स्थलों पर इश्तिहार चिपकाया गया

**सिमडेगा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत डिप्टी टोली में सोमवार को ढोल-नगाड़े और डुगडुगी की आवाज के साथ पुलिस ने फरार अभियुक्तों अजीत केरकेट्टा और रीना केरकेट्टा के घर के पास सार्वजनिक स्थल पर इश्तिहार चिपकाया। यह कार्रवाई एएचटीयू थाना, रांची द्वारा की गई ।अजीत और रीना पर वर्ष 2021 में एएचटीयू थाना रांची कांड संख्या 6/21, दिनांक 10 जुलाई 2021 को दर्ज मानव तस्करी से संबंधित मामले में IPC की धारा 363, 370, 370A, 372, 373, 374, 323, 307 एवं जेजे एक्ट की धारा 75/81 के तहत प्राथमिकी दर्ज है ।पुलिस के अनुसार, आरोपी पति-पत्नी घटना के बाद से फरार हैं। न्यायालय द्वारा जारी आदेश के आलोक में यह सार्वजनिक सूचना (इश्तिहार) डिप्टी लोहरा कोचा स्थित उनके घर के पास सामुदायिक भवन व सिमडेगा अंचल कार्यालय परिसर में चिपकाई गई ।इस अभियान में सोनहातू थाना के सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार, सिमडेगा थाना के एएसआई सहित पुलिस बल व अंचल कार्यालय के कर्मी शामिल थे। इश्तिहार के अनुसार, दोनों आरोपियों को 23 जून 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे तक न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। अनुपस्थित रहने की स्थिति में उनके विरुद्ध कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## विकास की आस | बानो प्रखंड का कर्रादमाइर गांव अब भी विकास से वंचित

# पंगुर नाला में पुल नहीं, हर बरसात में बनता है 'टापू'

- पुल निर्माण के लिए कई बार निरीक्षण हुआ लेकिन काम शुरू नहीं हुआ

नवीन मेल संवाददाता





पुल नहीं, सड़क नहीं, बरसात में गांव टापू बन जाता है। इलाज, शिक्षा और पानी की भारी किल्लत से ग्रामीण परेशान और उपेक्षित हैं।

**बानो।** आजादी के 75 वर्षों के बाद भी बानो प्रखंड से लगभग 20 किमी दूर स्थित कर्रादमाइर गांव बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। गांव को मुख्य सड़क और पंचायत मुख्यालय से जोड़ने वाला पंगुर नाला पर अब तक पुल नहीं बन पाया है, जिससे बरसात के दिनों में गांव का संपर्क पूरी तरह कट जाता है ।पिछले वर्ष सर्पदंश की घटना में दो ग्रामीणों की मृत्यु इस कारण हो गई कि समय रहते उन्हें अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। गांव में एंबुलेंस भी नहीं पहुंच पाती। ग्रामीणों के अनुसार, यह समस्या हर साल बरसात में तीन महीने तक विकराल रूप ले लेती है, जब पूरा गांव टापू में तब्दील हो जाता है ।गांव की आबादी लगभग 200 है, जहां मुंडा, रौतिया, लोहरा और भुंइया जातियों के लोग रहते हैं। ग्रामीणों का मुख्य पेशा खेती-बाड़ी और जंगल से मिलने वाले कंदमूल पर आधारित है ।गाँव में सिर्फ आंगनबाड़ी और एक प्राइमरी स्कूल है। उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को 15 किमी दूर हुरदा या 20 किमी दूर बानो जाना पड़ता है, जो बरसात में संभव नहीं होता ।पेयजल के सोलर जलमीनार लगा है, लेकिन गर्मी में वह भी सूख जाता है। सड़क व परिवहन में गांव तक पक्की सड़क बनी है, लेकिन पुल के अभाव में चारपहिया वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते। वही बिजली व नेटवर्क की बात करें तो बिजली अक्सर बाधित रहती है और मोबाइल नेटवर्क की स्थिति भी खराब है। लोगों को घर के बाहर निकलकर बात करनी पड़ती है ।ग्रामीण सहदेव कोटवार और दुर्गा सिंह ने बताया कि पुल निर्माण के लिए कई बार विभाग द्वारा स्थल निरीक्षण और नापी कराई गई, लेकिन अब तक निर्माण शुरू नहीं हुआ ।सहिया सिसलिया कडुलना ने कहा कि बरसात में गांव पंचायत और प्रखंड मुख्यालय से कट जाता है। ग्रामीण मिलकर लकड़ी का अस्थायी पुल बनाते हैं, लेकिन तेज बारिश में उसके बह जाने का खतरा बना रहता है ।सुनीता देवी, किरण देवी और मुन्नी देवी जैसी ग्रामीण महिलाओं ने भी बताया कि पुल नहीं रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई रुक जाती है, और गांव पूरी तरह अलग-थलग पड़ जाता है ।ग्रामीणों ने एक स्वर में पंगुर नाला पर शीघ्र पुल निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि अब तक अनेक आवेदन, निरीक्षण और वादे हुए लेकिन जमीनी हकीकत जस की तस है ।यदि समय रहते यह पुल नहीं बना तो आने वाली बरसात में जनजीवन फिर से संकट में घिर जाएगा।

# सिमडेगा में नशामुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान शुरू

नवीन मेल संवाददाता

- युवाओं व समाज के सभी वर्गों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना

**सिमडेगा।** जिले के प्रत्येक प्रखंड में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता अभियान की कार्यशाला की गई। इस अभियान का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और इससे बचाव के लिए सामूहिक प्रयास को बढ़ावा देना है ।इस क्रम में जेएसएलपीएस के सभी कैडर, कर्मी और सीएलएफ की पदाधिकारियों को एक दिवसीय ओरिएंटेशन दिया गया। प्रशिक्षण के बाद सभी कैडर और स्वंय सहायता समूहों की दीदियां अपने-अपने गांव एवं ग्राम संगठन स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करेंगी। इसके अंतर्गत पंचायत स्तर पर रैली, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, वीडियो प्रदर्शन, संगोष्ठी, रंगोली प्रतियोगिता, रात्रि चौपाल जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।जेएसएलपीएस के कैडर एवं स्वंय सहायता समूह की दीदियों को गांव-गांव जाकर विशेष रूप से महिलाओं, युवाओं और बच्चों को नशे से दूर रहने, नशे के दुष्प्रभावों को समझने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक करने का जिम्मा सौंपा गया है। यह अभियान समाज में नशा मुक्त वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बिरसा मुंडा का जीवन अन्याय के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा देता है : जोबा माझी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बंदगांव।** बंदगांव प्रखंड के कारिका ग्राम में सोमवार को वीर बिरसा मुंडा मेमोरियल क्लब के तत्वावधान में स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर उपस्थित सांसद जोबा माझी समेत सैकड़ों लोगों ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि के मौके पर कारिका ग्राम में छऊ नृत्य एवं मेला का आयोजन हुआ। पुण्यतिथि पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद जोबा माझी ने कहा बिरसा मुंडा स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ अपनी संस्कृति, जमीन और सभ्यता की रक्षा के लिए संघर्ष किया था। बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष से भरा रहा। युवा पीढ़ी को उनकी जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। सांसद ने कहा बिरसा मुंडा ने अन्याय के खिलाफ जो संघर्ष किया था वह हम सभी को प्रेरणा देता है।

झामुमो के चक्रधरपुर प्रखंड अध्यक्ष सन्नी उरांव ने कहा युवा पीढ़ी को भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी को जानना चाहिए। कहा दूसरे प्रदेश का जब कोई व्यक्ति झारखंड आता हैं तो कहता है बिरसा मुंडा की धरती पर आया हूं। उन्होंने वीर बिरसा मेमोरियल क्लब से कहा पुण्यतिथि हो या शहादत दिवस का आयोजन भव्य रूप से करें ताकि आने वाली पीढ़ी को बिरसा मुंडा के संघर्ष को जान सकें। इससे पूर्व स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। झामुमो केंद्रीय सदस्य रामलाल मुंडा, मिथुन गागराई, मसीह चरण पुरती, आलोक मुंडू, प्रेम मुंडरी, पीरु हेम्ब्रम, ताराकांत सिजुई, विक्की सिंह, प्रदीप महतो, जादो राय मुंडरी, टिंकू पाहन, लोबा मुंडू, लम्बरा मुंडू, गोपाल मुंडा, विकास मुंडू, कालीदास हासा पूर्ति, नंदलाल मुंडू समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



बंदगांव प्रखंड के कारिका में पुण्यतिथि पर बिरसा मुंडा को सांसद समेत सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि, मेला और छऊ नृत्य का हुआ आयोजन

# झारखंड की कला-संस्कृति से जुड़े छऊ की है विश्व में विशिष्ट पहचान : जोबा माझी

- -चक्रधरपुर के धरमसाई में छऊ नृत्य सह मेला का हुआ आयोजन, रातभर जागकर ग्रामीणों ने छऊ नृत्य का लिया आनंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड के कुलीतोड़ांग पंचायत अन्तर्गत धरमसाई गांव में दो दिवसीय छऊ नृत्य सह मेला का आयोजन हुआ। सोमवार को समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी उपस्थित रही। करीब दो घंटे तक सांसद ने छऊ नृत्य का आनंद लिया। ग्रामीणों के मुताबिक सन् 1908 से धरमसाई गांव में छऊ नृत्य सह मेला का आयोजन होता आ रहा है। आसपास के इलाकों में धरमसाई गांव का छऊ नृत्य सह मेला प्रसिद्ध है। मेला घूमने और छऊ नृत्य का आनंद लेने लोग काफी दूर से पहुंचते है। छऊ नृत्य प्रतियोगिता में गांव के दो दल उपर टोला एवं नीचे टोला के कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद जोबा माझी ने कहा आदिवासी समाज में आज भी परंपरा के अनुसार छऊ का आयोजन होता आ रहा है। छऊ नृत्य द्वारा हम अपनी पौराणिक कथाओं को कला के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं। छऊ नृत्य में सरायकेला, सिंहभूम, मयूरभंज शैली देश में अपनी एक अलग पहचान बनायी है। स्थानीय कलाकारों का




उत्साह बढाते हुए कहा झारखंड की छऊ नृत्य पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। छऊ नृत्य झारखंड की कला संस्कृति से जुड़ा है। झारखंड सरकार कला संस्कृति को जीवित रखने के साथ इसे बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। मौके पर बच्चों के लिए नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य रामलाल मुंडा, थाना प्रभारी राजीव रंजन, रमेश बोदरा, अजय देवगम, जयपाल जामुदा, करण जामुदा, मोहन जामुदा, विजय गोप, सुरेश जामुदा समेत काफी संख्या में ग्रामीण दर्शक उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से दादी और पोता की मौके पर मौत, विरोध में सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी थाना क्षेत्र के गुमगी बाजार के समीप ट्रैक्टर की चपेट में आने से दादी और पोता की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि स्व. राजकुमार शर्मा की पत्नी 58 वर्षीय कौशल्या देवी अपने पोते 3 वर्षीय रियांश शर्मा के साथ गुमगी बाजार से घर की तरफ आ रही थी। उसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही ट्रैक्टर ने दादी पोते को अपने चपेट में ले लिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इधर ग्रामीणों ने एकत्रित होकर मुआवजा को लेकर तिसरी गांवा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया है इधर सूचना मिलते ही तिसरी पुलिस अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर आगे की जांच में जुट गई है और जाम हटवाने के लिए तिसरी पुलिस प्रयास कर रही है। वहीं मृतक के परिजनों का




आरोप है कि ट्रैक्टर चालक दारू पीकर गाड़ी चला रहा था। कहा कि जब तक कोई उच्च अधिकारी नही आयेंगे और उचित मुआवजा नहीं मिलेगा तब तक सड़क जाम रहेगी। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# बिरसा मुंडा का 125वां शहादत दिवस धूमधाम से मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम।** वीर शहीद बिरसा मुंडा के 125वें शहादत दिवस धूमधाम से सोमवार को मनाया गया। बिरसा सेवा दल पंचायत समिति एवं बिरसा सेवा दल स्वलम्बी सहकारिता समिति के संयुक्त तत्वावधान में बिरसानगर के साप्ताहिक बाजार परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिरसा मुंडा के संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान बिरसा नगर को बसाने वाले अपने साथियों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बिरसा सेवा दल के कार्यकर्ताओं और समिति सदस्यों ने झंडारोहण के साथ वीर बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मुख्य अतिथियों के रूप में चंचल लकड़ा, गोपाल लोहार, कृष्णा कर्मकार, प्रकाश कोया, शंकर कर्मकार, संतोष संडिल, जय सिंह मुंडा, राजू कर्मकार, गणेश कर्मकार, दशरथ मुंडा, सूरा विरुली, सुनील दास सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष किया और आदिवासियों के अधिकारों की लड़ाई को मजबूती दी।

# कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन को लेकर बैठक राजाबासा एवं घुटबहार पंचायत में संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन सृजन को लेकर सोमवार को ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत राजाबासा एवं घुटबहार पंचायत में दो महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अशफाक आलम ने की, जबकि बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रेक्षक जॉनसन मिंज उपस्थित रहे।बैठक के दौरान दोनों पंचायतों की कमेटियों का विस्तार किया गया, जिसमें नए सदस्यों को संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। इस अवसर पर प्रेक्षक जॉनसन मिंज ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित



करते हुए कहा प्रखंड स्तरीय संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में सभी कांग्रेसजनों को कमर कस लेनी होगी।

संगठन को पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत करने की आवश्यकता है।उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की आज़ादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आज आवश्यकता है कि संगठनात्मक एकता, अनुशासन और निष्ठा के साथ पार्टी को फिर से सशक्त किया जाए। पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जैसे नेताओं ने देश को नई दिशा दी।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने किया रक्तदान कैंप का आयोजन




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा ने शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के अध्यक्षता में रक्तदान पखवाड़ा के अन्तर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह आयोजन पुष्प विहार, गणपति अपार्टमेंट में किया गया। शिविर में 16 यूनिट रक्त संग्रह किया गया । रक्तदान संयोजिका पायल जैन, संयोजिका कोमल पोद्दार, रक्तदान पखवाड़ा संयोजिका रोजी खंडेलवाल ने पूरे कार्यक्रम को लाइनअप किया। जिसमें सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया एवं रक्तदान के महत्व को समझाया गया। रक्तदाताओं को संस्था की तरफ़ से सर्टिफिकेट दिया गया। साथ ही सबको जूस और फल भी दिया गया। यह शिविर सदर अस्पताल के चिकित्सकों के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, कोमल पोद्दार, पिंकी शर्मा, वेदिका सिंघानिया, चंद्रकला और अन्य सदस्य मौजूद थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

# आदिवासी मुख्यमंत्री के शासन में ही आदिवासी बेटियां सबसे ज्यादा असुरक्षित : रघुवर दास



**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड के( गोड्डा जिला )बरहेट विधानसभा क्षेत्र के सुंदरपहाड़ी इलाके में एक नाबालिग आदिवासी युवती के साथ गैंगरेप की घटना ने पूरे राज्य को शर्मसार कर दिया है। यह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का गृह विधानसभा क्षेत्र है। इस घटना पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सोमवार को तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री के शासन में ही आदिवासी बेटियां सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। यह घटना बताती है कि सरकार महिला सुरक्षा के प्रति कितनी संवेदनहीन है। दास ने आरोप लगाया कि इस जघन्य अपराध को दबाने का प्रयास किया गया और पूछा कि आखिर किसके इशारे पर ऐसा हुआ। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री के क्षेत्र में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, तो बाकी जिलों का हाल तो और भी बुरा होगा। उन्होंने हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि बोकारो के ललपनिया में आदिवासी महिला से दुष्कर्म की कोशिश हुई, साहिबगंज में रुबिका पहाड़िया की हत्या कर दी गई, सिमडेगा, गुमला, गोड्डा, खूंटी और राजधानी रांची में भी महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने मांग की कि मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हो और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। पीड़िता को सीआरपीसी की धारा और झारखंड पीड़ित सहायता योजना के तहत चार लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री से भी सवाल किया कि वे किसके दबाव में चुप हैं।

# करंट लगने से ऑटो चालक की मौत

**पलामू।** ऑटो पर लोड करने के दौरान लोहे की पाइप के 11 हजार केवीए हाईटेंशन तार में सट जाने से एक ऑटो चालक की मौत हो गयी। घटना सतबरवा थाना क्षेत्र के रामघाट जोड़ा दुलसुलमा मुख्य पथ पर हुई। सतबरवा नदीपर के युवक निक्की कुमार (18) नरेश मांझी की मौत हुई। सोमवार को मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम कराने आये परिजनों के अनुसार रामघाट जोड़ा दुलसुलमा पथ पर एक घर में टेंट हाउस की पाइप लगी हुई थी। निक्की टेम्पो लेकर लोहे की पाइप लोड करने गया था। पाइप लोड करने के क्रम में वहां से गुजरे 11 हजार हाईटेंशन तार में हट गया, जिससे निक्की को जोरदार करंट लगा। उसे इलाज के लिए नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सतबरवा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच में लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दी गई है। घटना के बाद से परिजनों का रो रो का बुरा हाल बना हुआ है। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक युवक के हाइटेंशन तार में सटने से मौत हो जाने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम भेजकर कार्रवाई की गयी। इधर, परिजनों का आरोप है कि जिस टेंट हाउस के लिए निक्की पाइप लेने गया था। घटना के बाद उसका मालिक शव को देखने तक नहीं आया। परिजनों में इस घटना को लेकर आक्रोश था। उन्होंने प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाने का आग्रह किया है। निक्की की शादी नहीं हुई थी।

# विधायक के बुलावे पर गया था, नहीं ली कांग्रेस की सदस्यता : उप प्रमुख



**पिठोरिया।** कांके प्रखंड के उप प्रमुख सह कांके क्षेत्र के समाजसेवी अंजय बैठा ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बारे में अपना स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने कहा हैं कि मैंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण नहीं की है। मैं विधायक सुरेश कुमार बैठा के बुलावे पर उनके कांके रोड जगतपुरम में स्थित आवास गया था। वहां पर कांग्रेस पार्टी की बैठक चल रही थी। विधायक सुरेश कुमार बैठा मेरे मामा एवं एक सम्मानित व्यक्ति हैं। मैं किसी भी पार्टी के कार्यक्रमों में बुलाने पर जाता हूं। लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को बैठक में माला पहनने और उपस्थित होने पर लगा कि मैं कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ले ली और इसी को कांग्रेस पार्टी के लोग प्रचार प्रसार कर रहे हैं। यह गलत है। मैं कांग्रेस पार्टी की सदस्यता नहीं ली है। मैं कांग्रेस पार्टी के विधायक सुरेश कुमार बैठा सहित सभी पदाधिकारियों का तहे दिल से आदर करता हूं और आगे भी आदर करते रहूंगा।

# ट्रैफिक पुलिसकर्मी की बदसलूकी का वीडियो वायरल होते ही एसएसपी ने लिया एक्शन

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में ट्रैफिक पुलिसकर्मी की ओर से वाहन चालक के साथ बदसलूकी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सोमवार को एसएसपी पीयूष पांडेय ने आरोपित ट्रैफिक सिपाही को तत्काल निलंबित कर जांच के आदेश दिये हैं। रविवार को सिदगोड़ा 28 नंबर के पास ट्रैफिक चेकिंग के दौरान टाटा स्टील कर्मी प्रदीप तीयू के साथ ट्रैफिक पुलिसकर्मी कुंदन कुमार सिंह की बदसलूकी का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चालक से जबरन चाभी, हेलमेट छिनतई और गाली-गलौज करते देखा गया, जिससे सोशल मीडिया पर पुलिस महकमे की जमकर किरकिरी हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए ट्रैफिक डीएसपी नीरज ने तत्काल जांच के आदेश दिये और गोलमुरी ट्रैफिक प्रभारी भूषण कुमार को जांच सौंपी। देर शाम रिपोर्ट मिलने पर एसएसपी पीयूष पांडेय ने आरोपित सिपाही कुंदन कुमार सिंह को निलंबित कर दिया। साथ ही मौके पर वीडियो बना रहे सिपाही संजय यादव के खिलाफ भी जांच के आदेश दिये गये हैं। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि ड्यूटी के दौरान किसी भी पुलिसकर्मी का अनुशासनहीन आचरण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन को प्रशासन ने किया भंग

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन ने सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन और इसी नाम से संचालित किसी भी संस्था को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। उपायुक्त चंदन कुमार के आदेश के मुताबिक, इस संस्था की ओर से संचालित या धारित सभी परिसंपत्तियों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया जाएगा और इन्हें जिला खेलकूद शाखा के सुपुर्द करने का निर्देश दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी (सदर), चाईबासा को संबंधित संपत्तियों को सील कर जिला खेलकूद शाखा को सौंपने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही, सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से संचालित सभी टूर्नामेंट्स को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

# 10 थाना प्रभारी बदले गए, टाउन थाना की कमान ज्योति लाल को

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** पलामू जिले में 10 नये थाना प्रभारी बनाए गए हैं। मेदिनीनगर शहर, लेस्लीगंज, तरहसी, पड़वा, मोहम्मदगंज, पांडू, पाटन, नावाजयपुर, एससी-एसटी और बिश्रामपुर के थाना प्रभारी बदल गए हैं। इसी तरह कई पुलिस अवर निरीक्षक, सहायक अवर निरीक्षक का तबादला किया गया है। शहर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक देवव्रत पोद्दार का ट्रांसफर हो गया है। वे अब सदर अंचल कैंप में अपनी सेवा देंगे। इंस्पेक्टर ज्योति लाल राजवार शहर थाना के नए प्रभारी होंगे। इसी तरह उत्तम कुमार राय को लेस्लीगंज का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। आनंद राम तरहसी के थाना प्रभारी होंगे। इसी तरह अंचित कुमार पड़वा, नारायण



सोरेन मोहम्मदगंज, बगेश कुमार राय पांडू, शशि शेखर पांडे पाटन, सतीश कुमार गुप्ता नावा जयपुर, विवेक कुमार एससी-एसटी थाना प्रभारी, ऋषिकेश कुमार दुबे को थाना प्रभारी विश्रामपुर की कमान सौंपी गयी है। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने सभी को 24 घंटे में योगदान देते हुए अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। सहायक अवर निरीक्षक इंद्रदेव पासवान को टीओपी वन का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह राकेश कुमार टीओपी 2 और अजय कुमार गुप्ता टीओपी तीन के प्रभारी होंगे।

# कांके ब्लॉक चौक के फुथपाथ दुकानदारों को हटने का निर्देश



**पिठोरिया।** कांके अंचल अधिकारी जय कुमार राम ने ब्लॉक चैक में लगातार जाम की शिकायत मिलने के बाद ब्लॉक चौक ,बोड़ेया से लेकर मिल्लत कॉलोनी के सभी फुथफाथ दुकानदार को स्वेच्छा से 30 जून तक दुकान हटाने का नोटिस जारी किया है.जिसके बाद सभी फुथपाथ दुकानदारों में हड़कंप मच गई.इसे लेकर अरसंडे ब्लॉक चौक फुथपाथ दूकानदार संघ की बैठक पंचायत समिति सदस्य लालचंद सोनी की अध्यक्षता में सोमवार को ब्लॉक चैक में हुई। जिसमें दुकानदारों ने कहा कि ब्लॉक चौक के पास जाम फुथपाथ दुकानदारों की वजह से नहीं लग रही है. जाम का कारण कांके जेनरल हॉस्पिटल व सिन्हा ड्रग्स बताया। कहा कि हॉस्पिटल व दवा दुकान अपना बांउड्रीवाल कर दिया है। हॉस्पिटल के सामने पार्किंग की व्यवस्था नहीं रहने के कारण जाम लग रही है. दुकानदार संघ के अध्यक्ष निरंजन कुमार ने बताया कि दूकानदारों को हटाया जाता है तो अंचल कार्यालय के समक्ष उग्र धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर भाजपा ने श्रद्धांजलि देकर याद किया उनका बलिदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम।** आदिवासी अस्मिता और स्वाधीनता संग्राम के महानायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा सोमवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर साकची गोलचक्कर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर भाजपा जमशेदपुर महानगर उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर नमन किया। साथ ही बिरसा मुंडा के बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, दिनेश कुमार, कुलवंत सिंह बंटी, रमेश हांसदा, कल्याणी शरण सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'बिरसा मुंडा अमर रहें' और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ वीर बिरसा मुंडा के बलिदान को याद किया। इस अवसर पर डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा युवाओं के आदर्श हैं, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ युवाओं को संगठित कर सशस्त्र आंदोलन किया। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि बिरसा मुंडा की शहादत पूरे देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।



**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।**
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**

**आम सूचना**

आम सूचना सं0:– 1239/भू0अ0, हजारीबाग — दिनांक 09.06.2025

अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड को आवंटित गोंदुलपारा कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत पुनर्वास स्थल हेतु ग्राम चंदौल में भूमि अधिग्रहण के कारण प्रभावित होने वाले परिवारों के लिए तैयार की गई पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्कीम को आयुक्त (पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन) सह प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के द्वारा अनुमोदन/स्वीकृति प्रदान की गई है।

अतः उक्त के आलोक में भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 18 में निहित प्रावधानों के तहत नियमानुसार प्रभावित परिवारों के सहज अवलोकन तथा आमलोगों की जानकारी के लिए अनुमोदित पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन स्कीम को हजारीबाग जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इसे https://hazaribag.nic.in/ पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 354538 (Land Reforms) 25-26 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारम्बार करना पड़ सकता है। **- श्री श्री परमहंस योगदानंद**

## संपादकीय

### आतंकवाद पर दोहरी मानसिकता

पुलवामा हमले के जवाब में भारत ने वर्ष 2019 में जब बालाकोट एयरस्ट्राइक की थी, तब अमेरिका के जाने-माने टिप्पणीकार एश्ली टेलिस ने साफ-साफ शब्दों में टिप्पणी की थी, 'पाकिस्तानी आतंकवाद दक्षिण एशिया में स्थिरता के लिए प्रमुख खतरा बना हुआ है। आगे बढ़ने वाली अमेरिकी नीति को पाकिस्तान पर जिहादी समूहों पर नकेल कसने के लिए लगातार दबाव डालना होगा, अन्यथा क्षेत्र में संकट जारी रहने का खतरा हमेशा बरकरार रहेगा।'तब तार्किक रूप से निष्कर्ष निकाला गया था कि बालाकोट संकट-जो 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा में भारतीय केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले पर जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती बम विस्फोट से शुरू हुआ था, जिसने भारतीय सैन्य जवाबी कार्रवाई और उसके बाद 26-27 फरवरी को भारत- पाकिस्तान हवाई संघर्ष को उकसाया था-बिल्कुल इसी दिशा में बढ़ रहा था। यह अंततः एक पूर्ण पैमाने पर युद्ध के रूप में परिणत नहीं हुआ, जैसी की आशंकाएं जताई जा रही थीं, इसके लिए काफी हद तक अनुकूल राजनीतिक परिस्थितियों को श्रेय जाता है। उस समय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने बड़ी ही कुशलता से इस घटना को कम करके आंका था, लेकिन अगर दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता के लिए इस तरह के घातक परिणामों को स्थायी रूप से टालना है, तो इस उथल-पुथल के मूल कारण अर्थात पाकिस्तानी सेना द्वारा अपने पड़ोसियों के खिलाफ आतंकवादी समूहों को लगातार समर्थन दिए जाने का अंतरराष्ट्रीय समुदाय और अंततः पाकिस्तानी राजनेताओं द्वारा सीधे तौर पर विरोध किया जाना चाहिए। लेकिन हकीकत में ऐसा हुआ नहीं। यह देखा गया कि 10 मई, 2025 को सरगोधा और रावलपिंडी पर भारत ने हमला किया, उसके बाद पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने अमेरिका के विदेश मंत्री से तनाव को कम करने की गुहार लगाई। ठीक उसी समय पाकिस्तान के सशस्त्र बलों को बहावलपुर के मरकज सुभान अल्लाह में मारे गए आतंकवादियों का अंतिम संस्कार करते देखा गया, जो जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण और भर्ती केंद्र संचालन का मुख्यालय था। इनमें से कुछ आतंकवादियों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित सूची में रखा गया था। इस पृष्ठभूमि में हमें यह जानकार भी आश्चर्य हुआ कि मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत कर दिया गया। वास्तव में ऐसा इसलिए नहीं था कि वह अपने देश के लिए उत्पन्न खतरे से निपट सकते थे, बल्कि इसलिए कि उन्होंने ट्रंप कॉरपोरेशन के लिए एक व्यापारिक सौदे में भूमिका निभाई थी। इसके साथ ही, हमें पता चला कि ट्रंप प्रशासन ने न्यूयॉर्क की एक अदालत को बताया था कि भारत और पाकिस्तान केवल तभी 'अस्थिर संघर्ष विराम' पर पहुंचे थे, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'हस्तक्षेप किया और दोनों देशों को पूर्ण पैमाने पर युद्ध को टालने के लिए अमेरिका के साथ व्यापारिक पहुंच की पेशकश की।' भारत के सरकारी सूत्रों का कहना है कि दोनों देशों के बीच किसी तीसरे पक्ष की भागीदारी के बिना समझौता हुआ है। और न ही कोई व्यापार समझौता हुआ और न ही संघर्ष विराम को बढ़ावा दिया गया। आतंकवाद से निपटने को एक व्यापारिक सौदे के रूप में नहीं देखा जा सकता।

*पाकिस्तानी आतंकवाद दक्षिण एशिया में स्थिरता के लिए प्रमुख खतरा बना हुआ है।*

# प्रधानमंत्री का 11वां साल : भारत के बदलाव की एक बड़ी उपलब्धि



लोकतंत्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे वंचितों और अल्पवंचितों तक सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में उच्च मानकों पर खरे उतरें। भारत में यह कसौटी और भी कठोर है। कोई भी नारा बिना उद्देश्य के और कोई भी दावा बिना परिणाम के नहीं टिकता। वास्तविक बदलाव का फायदा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, क्योंकि हमारे लोकतंत्र में, अंत्योदय (समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान) के लिए वोट किया जाता है।

यही कारण है कि मोदी 3.0 के एक वर्ष में, दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा में मिले शानदार जनादेश केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं हैं, बल्कि वे इस बात की पुष्टि करते हैं कि आज के भारत में, बयानबाजी नहीं, बल्कि काम करके भरोसा जीता जाता है। 'अंत्योदय के माध्यम से सर्वोदय' के दर्शन पर आधारित कार्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि देश के विकास में कोई भी भारतीय पीछे न छूट जाए। 25 करोड़ से अधिक लोगों को कई तरह की गरीबी से बाहर निकाला गया है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.68 लाख करोड़ से अधिक वितरित किए गए हैं। 'लखपति दीदी' पहल ने एक करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को सालाना 1 लाख से अधिक आय प्राप्त करने का अधिकार दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 3 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है। जल जीवन मिशन के तहत, 15.44 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।

70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने के लिए, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) का विस्तार किया गया है, चाहे उनकी आय कुछ भी हो। इससे लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ होने की उम्मीद है, जिससे उन्हें व्यापक स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सुरक्षा मिलेगी। इसके अलावा, इस योजना का विस्तार करके अग्रिम पंक्ति के सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी इसमें शामिल किया गया। ये चौंका देने वाले आंकड़े केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि लाखों भारतीय घरों में बदलाव की कहानियां हैं।

आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति से संबंधित प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पहलगाम हमले के बाद त्वरित प्रतिक्रिया में स्पष्ट थी, जहां आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया था। देश ने नुकसान पर शोक व्यक्त किया, लेकिन एकजुट होकर ऑपरेशन सिंदूर को सटीकता और दबदबे के साथ अंजाम दिया, जिससे उसके आतंकवाद से लड़ने और अपने नागरिकों की रक्षा करने के संकल्प की पुष्टि हुई।

दुनिया ने प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व द्वारा समर्थित भारतीय रक्षा बलों की तकनीकी और रणनीतिक श्रेष्ठता देखी है।

दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति आत्मनिर्भरता के लिए रणनीतिक निवेश से मेल खाती है।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की व्यापक सटीकता, आंशिक रूप से कई वर्षों तक स्वदेशी रक्षा क्षमता पर लगातार ध्यान केंद्रित करने के कारण सक्षम हुई। 2014 के बाद, भारत के रक्षा विनिर्माण का तेजी से आधुनिकीकरण हुआ है, निर्यात में भारी बढ़ोतरी हुई है। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ है।

आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत, रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी), रक्षा उत्पादन और निर्यात प्रोत्साहन नीति (डीपीईपीपी) जैसे प्रमुख सुधार और कुछ क्षेत्रों के लिए 100% एफडीआई खोलने से घरेलू कंपनियों को फलने-फूलने में मदद मिली है। ड्रोन और उसके कलपुर्जों के लिए दो विशेष पीएलआई योजनाओं की शुरुआत से अगली पीढ़ी के नवाचार को और भी बढ़ावा मिला है। आज, भारत द्वारा डिजाइन की गई मिसाइल प्रणाली, बख्तरबंद वाहन और नौसैनिक प्लेटफॉर्म न केवल हमारी सेनाओं में तैनात हैं, बल्कि 80 से अधिक देशों को निर्यात किए गए हैं। इससे ऐसे समय में क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत की छवि मजबूत हुई है, जब विश्वसनीय रक्षा भागीदारों पर वैश्विक भरोसा बहुत अधिक है।

विनिर्माण इसी नजरिये के केंद्र में है। भारत बड़े निवेश और सरकारी प्रोत्साहनों के कारण सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स असम में 27,000 करोड़ के निवेश से सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण संयंत्र बना रहा है, जिसके 2025 के मध्य तक परिचालन में आने और लगभग 27,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। इस बीच, एचसीएल और फॉक्सकॉन का 3,706 करोड़ का संयुक्त उद्यम उत्तर प्रदेश के जेवर में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है, जो डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स पर ध्यान केंद्रित करेगी और इसका उत्पादन 2027 में शुरू होगा।

भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1.57 लाख से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। इनमें 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न और 3,600 से ज्यादा डीप-टेक वेंचर शामिल हैं जो एआई, बायोटेक और सेमीकंडक्टर पर केंद्रित हैं। अकेले हमारे अंतरिक्ष क्षेत्र में 200 से ज्यादा स्टार्टअप सामने आए हैं, जो एक भरोसेमंद इनोवेशन अर्थव्यवस्था के उदय का संकेत है।

स्टार्टअप इकोसिस्टम ने पहले ही 17.2 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष रोजगार पैदा किए हैं और समस्या-समाधानकर्ताओं (प्रॉब्लम सॉल्वर्स) एवं उद्यमियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित किया है। इस बीच, भारत धीरे-धीरे दुनिया के सबसे जुड़े हुए लोकतंत्र के रूप में उभरा है। 80 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट यूजर्स और 136 करोड़ आधार नामांकन के साथ, यह दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पहचान कार्यक्रम बन गया है। अब हमारी वैश्विक डिजिटल पेमेंट में 46% हिस्सेदारी हो गई है, जो यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म पर आधारित है जिसने वित्तीय लेन-देन को सभी के लिए आसान बना दिया है। इन प्रणालियों ने न केवल नागरिकों को सशक्त बनाया है बल्कि शासन को और भी स्मार्ट, तेज और पारदर्शी बनाया है।

2024-25 के केंद्रीय बजट में हमारी सरकार की निर्णय लेने की क्षमता साफ नजर आती है। कुल व्यय 44.6 लाख करोड़ निर्धारित किया गया, जिसमें पूंजीगत व्यय को अभूतपूर्व रूप से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ किया गया। कर छूट को बढ़ाया गया, मध्यम वर्ग के लिए रिबेट दोगुनी कर दी गई और लंबे समय से स्टार्टअप के लिए चिंता का विषय रहे एंजल टैक्स को समाप्त कर दिया गया। इन सुधारों से उपभोग में बढ़ोतरी होती है, उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलता है और भारत के दीर्घकालिक विकास पथ को मजबूती मिलती है।

मोदी 3.0 के एक साल पूरे होने पर, बदलाव स्पष्ट नजर आ रहा है। सड़कें, कारखाने और सौर पैनल सिर्फ प्रगति के संकेत नहीं हैं, बल्कि वे आकांक्षाओं की नींव हैं। आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक सहित हर क्षेत्र में भारत राष्ट्रीय स्तर पर नवीनीकरण का एक नया अध्याय लिख रहा है। जनादेश भी स्पष्ट है।

विजन बरकरार है। और, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, निर्णायक दशक अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है। इतिहास इस वक्त को सिर्फ तेज विकास के चरण के रूप में ही नहीं, बल्कि उस क्षण के रूप में दर्ज करेगा, जब भारत ने विश्वास किया, बदलाव किया और नेतृत्व किया है।

आज की बात



**हरदीप एस पुरी**
भारत सरकार में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री

## पर्ची का खेला क्लीनिक ने झेला

गुप्ता जी के क्लीनिक के शटर बंद होते ही मोहल्ले में एक अजीब-सी खामोशी छा गई, जैसे रेडियो पर 'बिनाका गीतमाला' के बीच अचानक बिजली चली गई हो। अब ना वो पुराना घंटी वाला दरवाज़ा बजता, ना उनकी खाँसती आवाज़ में वो मशहूर डायलॉग सुनाई देता – "दवा नहीं, भावना से इलाज होगा।" मोहल्ले का एकमात्र वाई-फाई जो भावनात्मक नेटवर्क से चलता था, अब 'नो सिग्नल' दिखा रहा था। बूढ़े शर्मा जी, जिनकी कमर सालों से सीधी नहीं हुई थी, अब हर सुबह क्लीनिक के बंद शटर के सामने तख्त पर बैठकर झाड़ू लगाते, जैसे गुप्ता जी आएंगे तो देखेंगे कि मोहल्ला उन्हें भूला नहीं। लोगों ने कहानियां सुनानी शुरू कर दी थीं, जैसे गुप्ता जी कोई डॉक्टर नहीं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। "याद है, कैसे उन्होंने पप्पू के पित्त की गर्मी सिर्फ छातीकटोरी से कम कर दी थी?" "हां हां, और वो कमला बुआ का दमा, जिस पर दवा ने नहीं, गुप्ता जी की मुस्कान ने असर किया था।" बच्चों ने तो अपने स्कूल प्रोजेक्ट में गुप्ता जी को 'लोकल हीरो' घोषित कर दिया था – एक ने तो पोस्टर बनायाः "अवर ऐरन मैन विथाउट ऐरन टेबलेट्स." मोहल्ले की दीवारों पर किसी ने चॉक से लिखा – "गुप्ता जी अमर रहें।" और नीचे किसी ने जोड़ दिया – "कम से कम हमारी यादों में।" गुप्ता जी अब भी उसी मोहल्ले में रहते थे, लेकिन जैसे कोई परछाई हो जो दिन में दिखती नहीं, रात में डराती है। वह रोज़ अपनी खिड़की से बाहर झांकते और सोचते – "क्या पर्चियाँ भी गुनाह हो गईं?" उनकी आंखों में वो सवाल था जो हर बुजुर्ग बाप की आंखों में होता है – "क्या मैंने सच में कुछ गलत किया?" एक दिन किसी ने उन्हें रोते देखा – "मैंने तो लोगों की तिजोरी नहीं, तकलीफें हल्की की थीं।" लेकिन ये बयान किसी प्रेस नोट में नहीं छपा। मोहल्ले के अखबार में अब हेल्थ टिप्स तो छपते थे, लेकिन गुप्ता जी की टीप वाली हँसी नहीं। और फिर आई वो खबर -गुप्ता जी को सरकारी नोटिस मिला कि उनकी क्लीनिक लाइसेंस के अभाव में स्थायी रूप से बंद मानी जाएगी। जिस दिन उन्होंने वो चिट्ठी पढ़ी, मोहल्ले के पेड़ों से भी पत्ते नहीं गिरे। जैसे खुद प्रकृति को भी शर्म आ गई हो। गुप्ता जी ने मुस्कराकर कहा - "अब तो शायद मेरा इलाज सिर्फ ऊपर वाला ही करेगा।" लोगों ने उनके लिए एक अंतिम विदाई जैसी सभा की – जिसमें सब रोए, कुछ फूट-फूटकर और कुछ भीतर-भीतर। वहीं किसी ने धीरे से कहा – "सच में, वो डॉक्टर नहीं, मोहल्ले का संत था – जिसके पास स्टेथोस्कोप नहीं, संवेदना थी।" अब जब कोई बीमार होता है, तो लोग कहते हैं – "चलो सरकारी अस्पताल चलते हैं लेकिन गुप्ता जी होते तो..." और फिर वाक्य वहीं टूट जाता है, जैसे कोई अधूरी चिट्ठी जिसमें पता लिखा हो, मगर नाम मिटा हो। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

# नेत्रदान : आपका अंतिम उपहार – किसी की पहली रोशनी

**10 जूनः विश्व नेत्रदान दिवस**

जब जीवन की अंतिम साँसें गिनती शुरू होती हैं, तब भी किसी और के जीवन में उजाला भरने का संकल्प लेना इंसान को साधारण से असाधारण बना देता है। नेत्रदान एक ऐसा पुण्य कार्य है, जो न केवल हमारे जीवन को सार्थकता प्रदान करता है, बल्कि किसी अंधेरी दुनिया में रोशनी की किरण बनकर किसी और का जीवन संवार देता है। विश्व नेत्रदान दिवस, जो हर साल 10 जून को मनाया जाता है, हमें यह अवसर देता है कि हम अपनी आँखों से केवल अपनी दुनिया को ही नहीं, बल्कि किसी और की दुनिया को भी रंगों से भर दें। यह एक ऐसा मौका है, जो हमें याद दिलाता है कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा किसी को देखने की शक्ति देना है।

भारत में नेत्रहीनता एक गंभीर समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, भारत में लगभग 1.2 करोड़ लोग कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से पीड़ित हैं, और इनमें से करीब 20 लाख लोग ऐसे हैं, जिन्हें नेत्र प्रत्यारोपण के माध्यम से दृष्टि प्रदान की जा सकती है। नेशनल प्रोग्राम फॉर कंट्रोल ऑफ ब्लाइंडनेस एंड विजुअल इम्पेयरमेंट (एनपीसीबी&वीआई) के आँकड़ों के अनुसार, भारत में प्रतिवर्ष केवल 50,000 से 60,000 नेत्रदान होते हैं, जबकि आवश्यकता 1 लाख से अधिक कॉर्निया की है। इस कमी का प्रमुख कारण है जागरूकता की कमी, सामाजिक मिथक, और नेत्रदान की प्रक्रिया के प्रति भय। कई लोग यह मानते हैं कि नेत्रदान से मृत शरीर की शक्ल बिगड़ जाती है या यह धार्मिक मान्यताओं के खिलाफ है। लेकिन सच्चाई यह है कि नेत्रदान एक सरल, सुरक्षित और मानवीय प्रक्रिया है, जो किसी की भी धार्मिक या सांस्कृतिक भावनाओं का उल्लंघन नहीं करती।

नेत्रदान मृत्यु के बाद किया जाने वाला एक ऐसा कार्य है, जो कुछ ही मिनटों में पूरा हो जाता है। मृत्यु के 6 से 8 घंटों के भीतर कॉर्निया निकाल लिया जाता है, जो आँख का वह पारदर्शी हिस्सा है, जो प्रकाश को केंद्रित करता है। यह प्रक्रिया इतनी सूक्ष्म होती है कि मृत व्यक्ति के चेहरे की सामान्य पहचान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। राष्ट्रीय नेत्र बैंक और अन्य प्रमाणित संस्थानों ने इस प्रक्रिया को और भी विश्वसनीय और पारदर्शी बनाया है। आश्चर्यजनक रूप से, नेत्रदान के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। एक नवजात शिशु से लेकर 80 वर्ष के बुजुर्ग तक, कोई भी व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है। यहाँ तक कि चश्मा पहनने वाले, मधुमेह या उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोग भी नेत्रदान के लिए पात्र हैं, बशर्ते उनकी कॉर्निया स्वस्थ हो। कैंसर, एचआईवी, या कुछ संक्रामक रोगों को छोड़कर, अधिकांश लोग इस पुण्य कार्य का हिस्सा बन सकते हैं।


नेत्रदान की प्रक्रिया को समझना भी आवश्यक है। जब कोई व्यक्ति नेत्रदान का संकल्प लेता है, तो उसका पंजीकरण निकटतम नेत्र बैंक में किया जाता है। मृत्यु के बाद, परिवार के सदस्यों को तुरंत नेत्र बैंक को सूचित करना होता है। विशेषज्ञों की टीम कॉर्निया को सुरक्षित और सम्मानजनक तरीके से निकालती है। इसके बाद, कॉर्निया को नेत्र प्रत्यारोपण के लिए उपयुक्त मरीजों तक पहुँचाया जाता है। भारत में कई नेत्र बैंक, जैसे दिल्ली का डॉ. राजेंद्र प्रसाद सेंटर फॉर ऑफ्थैल्मिक साइंसेज और चेन्नई का शंकर नेत्रालय, इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। ये संस्थान न केवल नेत्रदान को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करते हैं कि दान की गई कॉर्निया जरूरतमंद तक समय पर पहुँचे। नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होना होगा। स्कूलों और कॉलेजों में नेत्रदान पर कार्यशालाएँ आयोजित की जानी चाहिए। धार्मिक नेताओं को आगे आकर मिथकों को तोड़ना चाहिए, क्योंकि कोई भी धर्म मानवता की सेवा के खिलाफ नहीं है। मीडिया और सोशल मीडिया भी इस मुहिम को गति दे सकते हैं। हाल के वर्षों में, कई बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज ने नेत्रदान को बढ़ावा देने का प्रयास किया है, जिसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है। फिर भी, हमें स्थानीय स्तर पर, गाँवों और कस्बों में, इस संदेश को पहुँचाने की आवश्यकता है। पंचायतें, सामुदायिक केंद्र, और स्थानीय चिकित्सा संस्थान इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कल्पना कीजिए कि आपके दान किए गए नेत्रों से कोई बच्चा पहली बार अपनी माँ का चेहरा देखता है। कोई छात्र अपनी किताबों के अक्षरों को पढ़ पाता है। कोई माता-पिता अपने बच्चों के साथ फिर से रंगों की दुनिया में लौट आता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

क्या दिन थे , हर भोर में, छम छम की अनुगूँज।
पूरे घर में गूंजती, माँ के पग की गूँज।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# अध्यात्म-जीवन की शुरुआत से ही क्यों जरूरी है?

हमारे समाज में एक ग़लत धारणा गहराई से बैठी हुई है-कि "अभी तो ज़िंदगी जीनी है, आध्यात्मिक तो बुज़ुर्ग लोग होते हैं।" अक्सर लोग सोचते हैं कि अध्यात्म का मतलब होता है 60 की उम्र के बाद भगवान का नाम लेना, पूजा-पाठ में समय बिताना, और जीवन से धीरे-धीरे दूर हट जाना। लेकिन अगर हम थोड़ा रुककर सोचें, तो यह सोच कितनी अधूरी और गलत दिशा में ले जाने वाली है।

जरा सोचे गीता क्यों अर्जुन को सुनाई गई थी? भगवद गीता — जो आध्यात्म का गूढ़तम ज्ञान है — वो किसी संत या सन्यासी को नहीं, बल्कि अर्जुन जैसे युवा, योद्धा, और ज़िम्मेदार व्यक्ति को सुनाई गई थी। अर्जुन को भागना नहीं, बल्कि युद्ध करना था। परिवार चलाना था, राज्य संभालना था, कर्तव्य निभाना था। इससे बड़ा प्रमाण क्या चाहिए कि अध्यात्म का संबंध जीवन से जुड़ने से है, जीवन से भागने से नहीं।

**फिर हम अध्यात्म को जीवन के आख़िरी मोड़ तक क्यों टालते हैं?**

क्योंकि हमें सिखाया ही नहीं गया कि अध्यात्म का मतलब पूजा-पाठ और कर्मकांड नहीं होता। हमें बचपन से सिर्फ यही बताया गया कि "बड़े होकर भगवान को याद करना है।"

पर सच तो यह है कि भगवान को, या कहें — अपने आप को — बचपन से ही जानना चाहिए।

**अध्यात्म का अर्थ हैः मैं कौन हूँ?**

मुझे क्या करना चाहिए? इस जीवन का उद्देश्य क्या है? सही और गलत में अंतर कैसे समझूं?

जब ये सवाल किसी 18 साल के युवा के दिमाग में आते हैं और उन्हें सही जवाब नहीं मिलता, तो वह या तो भटक जाता है या फिर बाहरी दिखावे में फंस जाता है, अगर उसको शुरू से सही नॉलेज दिया जाएगा तो वह कभी नहीं भटकेंगे और अपने हर फैसला बहुत ही समझदारी से लेगा।

**क्या पूजा-पाठ ही अध्यात्म है?**

नहीं पूजा एक साधना हो सकती है, लेकिन वह अध्यात्म का केवल एक हिस्सा है। असली अध्यात्म है - सच को जानना और उसे जीना। मतलब, ज़िंदगी की हर चीज़ को उसकी सही जगह देना। पैसा कमाना ज़रूरी है, पर पैसे के पीछे भाग जाना नहीं। रिश्ते बनाना ज़रूरी है, पर उन्हें ईमानदारी और समझदारी से निभाना और भी ज़रूरी है।

**अध्यात्म से क्या फ़ायदा?**

जब कोई व्यक्ति अध्यात्म से जुड़ता है तो उसके फ़ैसले अधिक साफ़ और सटीक होते हैं,

वह अपने रिश्तों को अधिक समझदारी और प्रेम से निभाता है, वह छोटी-छोटी बातों में नहीं उलझता, और हर परिस्थिति में संतुलित रहता है।

अध्यात्म कोई बोझ नहीं है, बल्कि यह जीवन को हल्का, सरल और स्पष्ट बना देता है। यह एक आंतरिक GPS की तरह होता है, जो हर मोड़ पर दिशा देता है। अध्यात्मः ज़िंदगी से भागना नहीं, ज़िंदगी को समझना है हमने आध्यात्मिकता को साधु-संतों के कपड़ों में लपेट दिया है, जबकि असल में यह हर उस इंसान की ज़रूरत है जो रोज़ निर्णय लेता है, रिश्ते निभाता है, संघर्ष करता है।

जंगल जाकर बैठना जरूरी नहीं, आप जहां रह रहे हैं उसे स्थिति में रहते हुए शांति और संतुलन बनाए रखना असली साधना है।

**युवाओं को क्यों अपनाना चाहिए अध्यात्म?**

आज का युवा हर तरफ़ से दबाव में है - करियर का, रिश्तों का, समाज की अपेक्षाओं का। अगर उसे बचपन से ही अपने भीतर झांकना सिखाया जाए, तो वह केवल सफल ही नहीं, सुखी भी बनेगा। अगर माता-पिता अपने बच्चों को शुरू से ही आत्मबोध, सेवा, कर्मयोग, और जीवन के गहरे सवालों के प्रति संवेदनशील बनाएं - तो अगली पीढ़ी ज्यादा स्पष्ट, मजबूत और दयालु होगी। अध्यात्म कोई देर से अपनाने वाली चीज़ नहीं है। यह एक बीज है, जो जितनी जल्दी बोया जाए, उतना सुंदर जीवन का वृक्ष बनता है।

अब समय आ गया है कि हम अध्यात्म को केवल माला-जप या पूजा तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने बच्चों, युवाओं और खुद की ज़िंदगी में शुरू से उतारें। जैसे स्कूल में पढ़ाई कराई जाती है वैसे घर में शुरू से ही सार्थक जीवन जीने के लिए सही चीजों का बताने के लिए आध्यात्मिक जरूरी है। ताकि हम सिर्फ सफल न बनें — बल्कि सार्थक बनें।

(veenavlogs@gmail.com)

अलग बात



**वीणा देवांगन**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# राजीव घई को नई जिम्मेदारी, बने सेना के रणनीतिक उप प्रमुख




**एजेंसी। नई दिल्ली**

'ऑपरेशन सिंदूर' में सफल भूमिका निभाने वाले भारतीय सेना के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को पदोन्नति दी गई है। सोमवार को उनकी पदोन्नति की जानकारी सामने आई।

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को अब भारतीय सेना का उप सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। बतौर उप सेना प्रमुख वह रणनीति मामलों को देखेंगे। उप सेना प्रमुख बनने के बावजूद लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई पूर्व की भांति फिलहाल डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन यानी डीजीएमओ का कार्यभार भी संभालते रहेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, उप सेना प्रमुख (रणनीति) के पद पर पदोन्नत किए गए हैं। दरअसल, भारतीय सेना में यह एक महत्वपूर्ण पद है। सेना के सभी ऑपरेशनल कार्यक्षेत्र, उप सेना प्रमुख (रणनीति) के कार्यालय को रिपोर्ट करते हैं। वहीं, भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य स्तर पर होने वाली बातचीत का नेतृत्व डीजीएमओ द्वारा किया जाता है। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान में और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित विभिन्न आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना ने हमला किया था, जिसमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने इसके जवाब में भारतीय सैन्य और नागरिक ठिकानों पर हमले किए, जिसका मुंह तोड़ जवाब भारतीय सेना ने दिया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस व एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट कर दिए। इसके बाद पाकिस्तान ने युद्ध विराम की मांग की।

सेना के मुताबिक, इस बात पर सहमति हुई कि दोनों पक्ष यानी भारत और पाकिस्तान सीमाओं और अग्रिम क्षेत्रों से सैनिकों की संख्या में कमी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपायों पर विचार करें।

### भारत-पाक डीजीएमओ वार्ता सीमा पर शांति की सहमति

पाकिस्तानी सेना के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस ने भारतीय डीजीएमओ से संपर्क किया। दोनों के बीच यह वार्ता हॉटलाइन पर हुई थी। बीते महीने हुई इस वार्ता में पाकिस्तान ने कहा था कि वह सीमा पार से एक भी गोली नहीं चलाएगा। वार्ता में कहा गया कि दोनों पक्षों को एक भी गोली नहीं चलानी चाहिए। एक-दूसरे के खिलाफ कोई आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई शुरू नहीं करनी चाहिए।

# पाक के लिए जासूसी करने वाली ज्योति मल्होत्रा को नहीं मिली राहत

## न्यायिक हिरासत 23 जून तक बढ़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हरियाणा के हिसार की एक अदालत ने एक बार फिर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उनके मामले की सुनवाई 23 जून को फिर होगी। यह दूसरी बार है जब उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इससे पहले 26 मई को उन्हें चार दिन की पुलिस रिमांड पर रहने के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। पिछले सप्ताह, एक अन्य यूट्यूबर जसबीर सिंह को पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान समर्थित जासूसी नेटवर्क में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जसबीर कथित तौर पर ज्योति के नियमित संपर्क में था। पंजाब पुलिस के अनुसार, जसबीर सिंह पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी शाकिर उर्फ जट्ट रंधावा से निकटता से जुड़ा हुआ था, जो भारतीय मूल का व्यक्ति है और जिसके बारे में संदेह है कि वह इंटर-सर्विसेज



इंटेलिजेंस (आईएसआई) के लिए काम कर रहा है। सिंह, हरियाणा की ज्योति मल्होत्रा के कथित तौर पर निकट संपर्क में था, जिसे पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पंजाब पुलिस ने सिंह की गिरफ्तारी के बाद दावा किया था कि बल ने एक 'आतंकवाद समर्थित जासूसी नेटवर्क' का पता लगाया है, जो आरोपी को पाकिस्तानी खुफिया और सेना के अधिकारियों से जोड़ता है।

# दिलीप जायसवाल बोले, राजद राजनीतिक रोटी सेंक रही है

**पटना (आईएएनएस)**

बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के आरक्षण को 65 प्रतिशत बढ़ाने की मांग को लेकर दिए गए बयान पर जबरदस्त पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र में 65 साल और बिहार में 15 साल शासन के दौरान राजद और कांग्रेस ने आरक्षण को लेकर कुछ नहीं किया और अब ये इस पर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण बढ़ाने का काम भी नीतीश कुमार की सरकार ने किया है और मामला कोर्ट में है।



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने काका कालेलकर की रिपोर्ट को 30 सालों तक ठंडे बस्ते में डाल दिया। इन लोगों को शर्म नहीं आती है। ये दोहरा चरित्र रखते हैं। आरक्षण का फैसला नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की सरकार ने लिया और अब यह रोटी सेंकना चाहते हैं। भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार की जनता जानती है कि यह वही लालू यादव हैं, जिन्होंने 15 साल बिहार की सत्ता में रहने के बाद भी आरक्षण का कोई काम नहीं किया। नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद पिछड़ा आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया।

# न्यायालय ने भावनाओं को संयमित रखने का निर्देश दिया

**इलाहाबाद । एजेंसी**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने के लिए आरोपी अजीत यादव के खिलाफ दर्ज की गयी प्राथमिकी रद्द करने से मना कर दिया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि कथित पोस्ट भावनाओं में बहकर किया गया है। इस पर न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति अनिल कुमार की खंडपीठ ने कहा, "प्रधानमंत्री के खिलाफ याचिकाकर्ता के पोस्ट में सरकार के मुखिया के खिलाफ अपमानजनक का प्रयोग किया गया है। अदालत ने तीन जून को दिये निर्णय में कहा, "भावनाओं को इस हद तक नहीं बहने दिया जा सकता कि इस देश के संवैधानिक अधिकारियों के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का उपयोग कर उन्हें बदनाम किया जाए। यह संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अधिकार का प्रयोग कर प्राथमिकी में हस्तक्षेप करने का उचित मामला नहीं है, इसलिए इस याचिका को खारिज किया जाता है। याचिकाकर्ता अजीत यादव ने फेसबुक पर कथित रूप से तीन पोस्ट किये थे।



# आज का राशिफल

**मेष :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**वृष :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**मिथुन :** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगें। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**तुला :** खान-पान में सावधानी रखें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**धनु :** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मकर :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य कर।

**कुंभ :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार- दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

**मीन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे।

## महिलाओं और पिछड़ों के लिए समर्पित सरकार

# पीएम के 11 सालों को सुनहरे अक्षरों में लिखा जाना चाहिए : जेपी नड्डा

- **पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना :** 2014 से पहले की सरकारों को बताया भ्रष्टाचार और नकारात्मकता से भरा हुआ दौर
- **गरीबी में गिरावट :** 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर, अति गरीबी में 80% की कमी आई
- **ऐतिहासिक फैसले :** अनुच्छेद 370 हटाया, तीन तलाक समाप्त, नया वक्फ अधिनियम और सीएए लागू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एनडीए सरकार के 11 साल की खूबियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में हम 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र को लेकर आगे बढ़े और इसमें कामयाब भी हुए। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जेपी नड्डा ने कहा, "पीएम मोदी के नेतृत्व में 11 साल तक विकसित भारत और अमृत काल के लिए जो काम किया गया, उसे सुनहरे अक्षरों में लिखा जाना चाहिए। क्योंकि किए गए काम अकल्पनीय और अद्वितीय हैं और हमें यह ध्यान में रखना चाहिए कि पीएम मोदी ने देश की राजनीति की संस्कृति को किस तरह से बदला है।"जेपी नड्डा ने पूर्व की सरकारों की खामियां गिनाते हुए कहा, "2014 से पहले पिछली सरकार भ्रष्टाचार और नकारात्मकता से भरी हुई थी। लेकिन 2014 के बाद पीएम मोदी के नेतृत्व में यह भावना बदल गई। अब लोग गर्व से कहते हैं, मोदी है तो मुमकिन है। हम गरीबी हटाओ का नारा लेकर नहीं चले हैं, हमने गरीब कल्याण करके दिखाया है। आंकड़े इस बात का सबूत हैं। देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। इसी तरीके से अति गरीबी में 80 प्रतिशत की कमी आई है।"केंद्रीय मंत्री के अनुसार उपलब्धियां इतनी ज्यादा हैं कि एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे समेटना नामुमकिन है।

बोले, "11 साल के शासन का पूरा लेखा-जोखा पेश करना मुश्किल है, लेकिन हमारी सरकार ने लगातार राष्ट्रहित में साहसिक और ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। कुछ उदाहरण लें तो हमने अनुच्छेद 370 को हटाया और तीन तलाक को खत्म किया। हमने नया वक्फ अधिनियम बनाया और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पारित किया। हमने विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण भी सुनिश्चित किया।



### गैरजिम्मेदाराना विपक्ष का रोल निभा रहे हैं राहुल : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ऑपरेशन सिंदूर पर की गई टिप्पणियों को लेकर राहुल गांधी पर हमला बोला है। नड्डा ने कहा कि वे (राहुल) गैरजिम्मेदाराना विपक्ष का रोल निभा रहे हैं। भगवान उनको सद्बुद्धि दें। सोमवार को मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नड्डा ने भारत की विदेश नीति और ऑपरेशन सिंदूर पर कांग्रेस नेता की टिप्पणियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष के उद्देश्य को समझना बहुत मुश्किल है। जब वे सर्वदलीय बैठक में जाते हैं तो कहते हैं कि वे देश के साथ खड़े हैं, लेकिन जब वे बाहर निकलते हैं तो वे सवाल उठाने लगते हैं, ऐसे सवाल जो पूरी तरह से निराधार हैं। इसलिए वे एक गैर-जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नड्डा ने कहा कि जितना जनसंवाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करते हैं, उतना जयराम रमेश ने जीवन में बात नहीं की होगी। कांग्रेस के चुनाव आयोग पर उठाए गए सवाल पर नड्डा ने कहा कि जब वे कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश जीतते हैं तो सब ठीक रहता है और हारते हैं तो सब खराब हो जाता है। कांग्रेस की तो यह आदत बन गई है। चार प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक ही विषय पर अलग-अलग आंकड़े ले कर आते हैं। कांग्रेस को अपने विषय में सोचना चाहिए। अपने नेतृत्व पर विचार करना चाहिए।


# देशभर में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 6 हजार पार

## पिछले 24 घंटों में छह की मौत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में तेजी से फैल रहे कोरोना ने चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अलर्ट पर है। मंत्रालय के मुताबिक, आज 8:00 बजे तक कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 6133 हो गई है । पिछले 24 घंटों के दौरान देश में 379 नए मरीज आए और छह मरीजों की मौत हुई है। मृतकों में दो कर्नाटक, तीन केरल और एक तमिलनाडु का व्यक्ति है ।

केरल में सक्रिय मामलों की संख्या सबसे अधिक 1950, फिर गुजरात जहां 822 से अधिक मामले रिपोर्ट किए गए हैं। इसके बाद दिल्ली, जहां 686 सक्रिय मामले रिपोर्ट किए गए है। इसका कारण कोराना के वेरिएंट एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 को बताया जा रहा है। जेएन.1 अभी भी प्रमुख स्ट्रेन बना हुआ है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों से शांत रहने और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर स्वच्छता बनाए रखने की चेतावनी दी है। जिन वयस्कों को पहले से ही कोई बीमारी है उनमें वायरस का खतरा अधिक हो सकता है।



# गुजरात हाईकोर्ट को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की मिली धमकी

## तनाव के बीच सर्च ऑपरेशन जारी

**अहमदाबाद । एजेंसी**

गुजरात उच्च न्यायालय ने 9 जून को दोपहर के भोजन के बाद काम करना बंद कर दिया। न्यायालय की रजिस्ट्री को कथित तौर पर ईमेल के माध्यम से एक गुमनाम बम की धमकी मिली थी। रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी एक नोटिस में कहा गया है कि अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण, दोपहर 1.45 बजे के बाद न्यायालयों के कामकाज को बंद करने का निर्णय लिया गया है। नोटिस में कहा गया कि न्यायालयों से अनुरोध किया जाता है कि वे वकीलों को बताएं कि वे दोपहर के भोजन के बाद काम नहीं कर रहे हैं और साथ ही सभी को जल्द से जल्द परिसर छोड़ना होगा, क्योंकि पूरे न्यायालय परिसर की सुरक्षा जांच की आवश्यकता है। धमकी के बाद, सुरक्षा बढ़ा दी गई है, अदालत के द्वार सील कर दिए गए हैं और उच्च न्यायालय परिसर में बम निरोधक दस्ते के साथ-साथ डॉग स्क्वायड और पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है।

# संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की स्याही रगड़ने में गंवाए 11 साल : खड़गे

**नई दिल्ली । एजेंसी**

कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में देश के लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा झटका दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि सरकार ने इन 11 वर्षों में संविधान के हर पन्ने पर केवल "तानाशाही की स्याही पोत दी है"। खड़गे ने एक्स पर लिखा कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने भारतीय लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुँचाया है। खड़गे ने आरोप लगाया कि बीजेपी-आरएसएस ने हर संवैधानिक संस्था को कमज़ोर कर, उनकी स्वायत्तता पर कड़ा प्रहार किया। चाहे वो जनमत चुराकर पिछले दरवाज़े से सरकारें गिराना हो या एक-दलीय तानाशाही शासन जबरन लागू करना हो। इस दौरान, राज्यों के हकों की अनदेखी हुई है और संघीय ढांचे कमज़ोर हुए। उन्होंने कहा कि समाज में नफ़रत, धमकी और डर का वातावरण फैलाने की कोशिश लगातार जारी है। दलित, आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक व कमज़ोर वर्गों का शोषण लगातार बढ़ा है। इनके आरक्षण व बराबरी के अधिकार से वंचित रखने की साजिश जारी है। मणिपुर की ना थमने वाली हिंसा भाजपा की प्रशासनिक विफलता का सबसे बड़ा सबूत है। कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा कि बीजेपी-आरएसएस ने देश के जीडीपी विकास दर को 5-6% की आदत डाल दी, जो यूपीएम के दौरान 8% औसतन हुआ करता था। सालाना 2 करोड़ नौकरियों का वादा के बजाय युवाओं से करोड़ों नौकरियां छीनी।



## पुडुचेरी विधानसभा कागज रहित विधायी कामकाज सेवा नेवा प्लेटफॉर्म से जुड़ा

# एक राष्ट्र, एक आवेदन की दिशा में बड़ा कदम है राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन नेवा : डॉ एल मुरुगन

**ब्यूरो**

**दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय मामलों के राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने 09 जून को पुडुचेरी विधानसभा के लिए राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) का उद्घाटन किया। यह पारदर्शी, कुशल और पर्यावरण के अनुकूल शासन की दिशा में एक बड़ा कदम है। उद्घाटन समारोह में पुडुचेरी के उपराज्यपाल के कैलाशनाथन, पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगासामी, पुडुचेरी विधानसभा के अध्यक्ष आर सेल्वम भी मौजूद थे। इस लॉन्च के साथ, पुडुचेरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के विजन के अनुरूप नेवा प्लेटफॉर्म को अपनाने वाला देश का 19वां विधानमंडल बन गया है। यह पहल, जो कागज रहित विधायी कामकाज को सक्षम बनाती है, संसदीय मामलों के मंत्रालय द्वारा 100% केंद्रीय सहायता के माध्यम से वित्त पोषित है।सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने कहा, "नेवा एक परिवर्तनकारी पहल है जो विधायी कार्यवाही तक वास्तविक समय में पहुँच सुनिश्चित करती है और हमारे लोकतंत्र को मजबूत करती है। यह 'एक राष्ट्र, एक आवेदन' के सिद्धांत को दर्शाता है, साथ ही 'एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड' और प्रस्तावित 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' जैसे ऐतिहासिक सुधारों को भी दर्शाता है। जनता को यह जानने और देखने का अधिकार है कि कानून कैसे बनाए जाते हैं।" मंत्री ने पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले दशक की प्रमुख उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला, जिनमें शामिल हैं- भारत डिजिटल लेन-देन में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से कल्याण का कुशल वितरण, आत्मनिर्भर भारत के तहत तकनीकी प्रगति, जिसके परिणामस्वरूप रक्षा आयात में 50% की कमी आई है। उन्होंने भारत के विकास को गति देने वाले दो मुख्य स्तंभों के रूप में बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक पूंजी को रेखांकित किया और 2047 तक भारत के विकसित भारत बनने की यात्रा में विश्वास व्यक्त किया। पुडुचेरी के उपराज्यपाल ने नेवा के शुभारंभ को एक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह न केवल विधायी कामकाज को डिजिटल बनाता है बल्कि कार्यवाही की लाइव-स्ट्रीमिंग भी सक्षम बनाता है, जिससे अधिक सार्वजनिक पहुंच और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि इस कदम से डिजिटल इंडिया, गो ग्रीन और सुशासन का समर्थन करते हुए सालाना 3-5 टन कागज की बचत होगी। अधिकारियों ने विधायकों और कर्मचारियों को नेवा की विशेषताओं के बारे में प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। एप्लिकेशन के सुचारू कार्यान्वयन के लिए जागरूकता अभियान और क्षमता निर्माण सत्र आयोजित किए जाएंगे। नेवा डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत एक मिशन मोड परियोजना है, जिसका उद्देश्य सभी विधायिकाओं को कागज रहित, कुशल और नागरिक-केंद्रित विधायी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाना है।




## बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर

## श्रद्धालुओं को बेहतर सुरक्षा प्रदान करते हुए सहज और सुरक्षित दर्शन का अनुभव मिला

# भक्तों को मिला श्रद्धा, और संरचना का अद्भुत संगम

- **मंदिर के आसपास पांच एकड़ भूमि अधिग्रहित की जाएगी**

**मथुरा । एजेंसी**

बांके बिहारी मंदिर की बहुप्रतीक्षित कॉरिडोर परियोजना अब मूर्त रूप लेने जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद योगी सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर मंदिर के आसपास पांच एकड़ भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कॉरिडोर के निर्माण का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सहज, सुरक्षित और गरिमामय तरीके से भगवान बांके बिहारी के दर्शन कराने के साथ-साथ मंदिर क्षेत्र में व्याप्त अव्यवस्था और भीड़-भाड़ की समस्याओं को दूर करना है। कॉरिडोर के निर्माण के बाद मंदिर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को अब अव्यवस्थाओं से जूझना नहीं पड़ेगा। कॉरिडोर में श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल, विश्राम स्थल, स्वच्छ शौचालय, चिकित्सा केंद्र, लॉकर, प्रसाद वितरण और सुरक्षा व्यवस्था जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी। यह परियोजना श्रद्धा और संरचना का एक अनुपम संगम बनकर उभरेगी। इनके अलावा, बांके बिहारी मंदिर में दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ और अव्यवस्थित व्यवस्थाओं के कारण अतीत में कई बार भगदड़ जैसी घटनाएं घट चुकी हैं। नई कॉरिडोर व्यवस्था से यह खतरा काफी हद तक समाप्त हो जाएगा और दर्शन व्यवस्था अधिक सुगम व सुव्यवस्थित होगी। सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि बांके बिहारी मंदिर के सेवायतों (गोस्वामी समाज) के पारंपरिक अधिकार, सेवाएं और धार्मिक परंपराएं यथावत बनी रहेंगी। सरकार केवल बाह्य विकास कार्य करेगी, मंदिर की धार्मिक व्यवस्था में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा।

गौरतलब है कि 1939 से बांके बिहारी मंदिर में सिविल कोर्ट द्वारा रिसीवर नियुक्त किया गया है, इसके बावजूद मंदिर क्षेत्र में व्याप्त अव्यवस्था को पूरी तरह नियंत्रित नहीं किया जा सका है।



### परियोजना में मुआवजे का आश्वासन

ई कॉरिडोर परियोजना इन समस्याओं का समाधान लेकर आएगी, कॉरिडोर निर्माण के दौरान यदि किसी की दुकान या मकान प्रभावित होता है, तो राज्य सरकार ने यह आश्वासन दिया है कि उन्हें दुकान के बदले दुकान और मकान के बदले मुआवजा अथवा वैकल्पिक व्यवस्था दी जाएगी। इस तरह, परियोजना में कोई सामाजिक असंतोष न उत्पन्न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।कॉरिडोर निर्माण के बाद यहां आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में चार गुना तक वृद्धि की संभावना जताई जा रही है।



## डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले उस्मान ख्वाजा ने बताया क्या है उनका 'रिटायरमेंट प्लान'

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल खेला जाना है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा का मानना है कि वह अभी भी अपने खेल के शीर्ष पर हैं। अभी उस्मान ख्वाजा रिटायरमेंट के बारे में नहीं सोच रहे। उनका कहना है कि जब भी सही समय आएगा, वह अपने करियर को अलविदा कह देंगे। उस्मान ख्वाजा पूरे डब्ल्यूटीसी चक्र के दौरान ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर रहे हैं। ख्वाजा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले जाने वाले खिताबी मैच से पहले कुल 1,422 रन बनाए हैं। वह मौजूदा चक्र के दौरान टीम के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उस्मान ख्वाजा ने आईसीसी डिजिटल को बताया, "मेरे लिए बढ़ती उम्र का कोई मतलब नहीं। अगर मैं अभी भी अपने खेल का लुत्फ उठा रहा हूं। अभी भी वास्तव में कड़ी ट्रेनिंग कर रहा हूं, मैं अभी भी रन बना रहा हूं, अभी भी टीम में अपना योगदान दे रहा हूं, तो मेरे अंदर अभी भी भूख है।

### दक्षिण अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया : विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल

# दक्षिण अफ्रीका की नजरें टी20 वर्ल्ड कप के पहले आईसीसी खिताब पर

**एजेंसी । लंदन**

वैश्विक टूर्नामेंटों में बादशाहत कायम करने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम बुधवार से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उतरेगी तो उसके सामने मजबूत इरादे वाले दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी जो खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए बेकरार है। ऑस्ट्रेलिया इकलौती टीम है जिसने आईसीसी की चारों ट्रॉफी (वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और डब्ल्यूटीसी) जीती है। वैश्विक टूर्नामेंटों के फाइनल में उसे हराना और मुश्किल होता है। टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में 13 बार फाइनल में पहुंची है और इसमें से 10 बार खिताब जीतने में सफल रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम अहम मैचों में जीत के करीब पहुंच कर फिसलने के लिए जानी जाती है। टीम ने अब तक आईसीसी का सिर्फ एक टूर्नामेंट जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। दक्षिण अफ्रीका की इस टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और टीम तटस्थ स्थल पर खेले जाने वाले इस मैच को जीत कर 'चोकर्स' के तमगे से पीछा छुड़ाना चाहेगी। टीम ने डब्यूटीसी के 2023-25 चक्र में सबसे ज्यादा 30 खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया। इसमें से ज्यादातर खिलाड़ी सही समय पर रन बनाने वाले या विकेट लेने वाले निकले। टीम लगातार सात टेस्ट में जीत के साथ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने के लिए तैयार है। उसने पिछले साल दिसंबर में ही इसका टिकट पक्का कर लिया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती पारी का आगाज करने के लिए उस्मान ख्वाजा के साथी को तय करने की होगी।




### भारत से भिड़ंत को तैयार ऑस्ट्रेलिया वार्नर बाहर, हेजलवुड फिट

ऑस्ट्रेलिया के पास भारत के खिलाफ पिछले डब्यूटीसी फाइनल खेलने वाले अंतिम एकादश से डेविड वार्नर को छोड़कर बाकी के 10 खिलाड़ी मौजूद है। मध्यम गति के गेंदबाज जोश हेजलवुड उस मैच को चोट के कारण नहीं खेल पाए थे। वह हालांकि उस टीम में शामिल रहे स्कॉट बोलैंड की जगह लेने के लिए तैयार है। हेजलवुड ने कंधे की चोट से उबरते हुए पिछले सप्ताह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभई। उन्होंने IPL में 12 मैचों में 22 विकेट लेकर दमदार प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज के तौर पर वॉर्नर की जगह लेने वाले का फैसला अब भी नहीं हुआ है। 19 साल के सैम कोंस्टास ने भारत के खिलाफ आक्रामक तेवर से प्रभावित किया लेकिन फरवरी में श्रीलंका में ट्रेविस हेड ने इस भूमिका को निभाया। माना जा रहा कि हेड एक बार भी इस भूमिका में दिखेंगे।

### लॉर्ड्स में टक्कर तय: रबाडा की चुनौती, स्मिथ की लय बरकरार

स्मिथ ने हालांकि पिछले पांच टेस्ट मैचों में चार शतक जड़े है और उन्होंने 10,000 रनों का आंकड़ा भी पार कर लिया है। यह आंकड़ा दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम के रनों के लगभग बराबर है। लॉड्र्स उनका औसत 58 के आसपास का है। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती कैगिसो रबाडा से निपटने की होगी। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाजों के लिए भी रबाडा मुश्किलें खड़ा करेंगे। उन्होंने 10 टेस्ट मैचों में ख्वाजा को पांच बार चलता किया है। रबाडा के नाम 327 टेस्ट विकेट है। उन्हें मार्को यानसेन से बेहतर मदद की उम्मीद होगी। वामहस्त तेज गेंदबाज यानसेन ने डब्यूटीसी चक्र में छह मैचों में 29 विकेट चटकाए हैं। टीम में लुंगी एनगिडी और डेन पैटरसन तेज गेंदबाजी के तीसरे विकल्प होंगे। एनगिडी आईपीएल खेल कर वहां पहुंच है तो वही पेटरसन ने हाल में काउंटी क्रिकेट खेला है। एडेम मारक्रम और रयान रिकेल्टन दक्षिण अफ्रीका के लिए पारी का आगाज करेंगे।

## पुर्तगाल कोच मार्टिनेज बोले, हम 'नेशंस लीग' जीतने के पूरी तरह हकदार थे

**म्यूनिख (आईएएनएस)**



स्पेन को 5-3 से हराकर नेशंस लीग का खिताब जीतने वाली पुर्तगाल टीम के हेड कोच रोबर्टो मार्टिनेज बेहद खुश दिखे। मार्टिनेज ने टीम के खिलाड़ियों की जमकर प्रशंसा की और कहा कि हम खिताब जीतने के हकदार थे। म्यूनिख फुटबॉल एरीना में खेले गए नेशंस लीग फाइनल में निर्धारित समय में खेला गया मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। पेनल्टी में पुर्तगाल ने स्पेन को हराकर खिताब जीता। इस जीत के साथ ही पुर्तगाल दो बार यूईएफए नेशंस लीग जीतने वाली पहली टीम बन गई। जीत के बाद पुर्तगाल के कोच रोबर्टो मार्टिनेज ने कहा, "फाइनल में जीत पर गर्व है। जीत बेहद अहम थी। हमने उस टीम के खिलाफ जोरदार वापसी करते हुए जीत हासिल की जिसे फाइनल खेलने का अनुभव है। मुझे अपने खिलाड़ियों का खेल और रवैया पसंद आया। हम जीत के हकदार थे। हेड कोच ने कहा कि 11 से ज्यादा खिलाड़ियों का होना बेहद जरूरी है। यह खेल शारीरिक से ज्यादा मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण होता है। मैच को लेकर हमारा दृष्टिकोण बेहद स्पष्ट था।

## दूसरे टी20 में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को चार विकेट से पराजित किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिस्टल में रविवार को खेले गए दूसरे टी20 मैच में चार विकेट से जीत हासिल की है। इस जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज में इंग्लैंड 2-0 से आगे हो गई है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बैटिंग करते हुए वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 196 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के लिए जॉनसन चार्ल्स ने 47, कप्तान शे होप ने 49, रोवमन पॉवेल ने 34 और जेसन होल्डर ने नौ गेंद पर नाबाद 29 रन बनाए। चार्ल्स और होप ने अगर तेज गति से बल्लेबाजी की होती तो स्कोर 225 के पार जा सकता था। इंग्लैंड के लिए लुक वुड ने चार ओवर में 25 रन देकर दो और ब्रायडन कार्स, जैकब बेथल तथा आदिल रशीद ने एक-एक विकेट लिए। 197 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड को नौ के स्कोर पर पहला झटका लगा जब जेमी स्मिथ महज चार रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें जेसन होल्डर ने आउट किया। इसके बाद बेन डकेट और जोस बटलर ने दूसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी कर टीम की शुरुआत को मजबूती दी थी। डकेट 18 गेंद में 30 रन बनाकर आउट हुए। बटलर ने कप्तान हैरी ब्रूक के साथ तीसरे विकेट के लिए 40 रन जोड़कर टीम का स्कोर 112 तक पहुंचाया।

## 10 साल की अतीका रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में टॉप 10 पहुंचने वाली पहली भारतीय

**ट्रिनेच (चेक गणराज्य)**



भारत की 10 वर्षीय रेसर अतीका मीर ने रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष-10 में जगह बनाकर एक और उपलब्धि अपने नाम की। रोटैक्स यूरो ट्रॉफी एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्टिंग सीरीज है। अक्सेल जीपी समर्थित अतीका ने सप्ताहांत में स्टील रिंग सर्किट में आयोजित रोटैक्स यूरो ट्रॉफी के दूसरे चरण में नौवां स्थान हासिल किया। फॉर्मूला वन से वित्तीय और तकनीकी सहायता पाने वाली पहली भारतीय अतीका क्वालीफाइंग में शानदार प्रदर्शन कर अपने ग्रुप में सातवें स्थान पर रहीं। उन्हें हालांकि दो बंपर पेनाल्टी मिली लेकिन वह इसके बावजूद वह तीन हिट्स के बाद 10वें स्थान पर रहीं।

भारत के पहले फॉर्मूला वन ड्राइवर नारायण कार्तिकेय से प्रशिक्षण लेने वाली अतीका ने रविवार को फाइनल से पहले बारिश के कारण मुश्किल परिस्थितियों में अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। फाइनल में 10वें स्थान से शुरुआत करने वाली अतीका एक समय 14वें स्थान पर फिसल गयी थी लेकिन उन्होंने अच्छी वापसी करते हुए रेस को नौवें पायदान के साथ खत्म किया।

अतीका ने कहा, 'मेरे लिए वह एक अद्भुत सप्ताहांत था। मैंने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्राइवरों के साथ ड्राइविंग करके बहुत कुछ सीखा। सूखे मौसम में मेरी गति बहुत अच्छी थी और मैंने बारिश के बाद मुश्किल स्थिति में भी अच्छी प्रगति की।'

## बीसीसीआई ने बदले भारत के मैचों के वेन्यू

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम इस वक्त इंग्लैंड के दौरे पर है, जहां 20 जून से पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। इस बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुरुष और महिला टीमों के कुछ मुकाबलों को लेकर अहम फैसला लिया है। भारत-वेस्टइंडीज के बीच अक्टूबर में दो टेस्ट मुकाबलों की घरेलू सीरीज खेली जानी है। बीसीसीआई ने सोमवार को बताया कि वेस्टइंडीज के खिलाफ इस सीरीज का दूसरा मैच 10-14 अक्टूबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। पहले ये मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाना था। इसी के साथ बीसीसीआई ने घोषणा की है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत का पहला टेस्ट दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के बजाय, कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होगा। यह मुकाबला 14 नवंबर से 18 नवंबर तक खेला जाना है।




## पेनल्टी-शूटआउट में स्पेन को हराकर पुर्तगाल बना नेशंस लीग चैंपियन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पुर्तगाल ने सोमवार को नेशंस लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। जर्मनी के म्यूनिख में खेले गए रोमांचक मुकाबले में 2-2 से ड्रॉ के बाद पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को पुर्तगाल ने 5-3 से शिकस्त दी। इसी के साथ पुर्तगाल दो बार यूईएफए नेशंस लीग खिताब जीतने वाला पहला देश बन गया। इस खिताबी जीत ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो को इमोशनल कर दिया। आलम ये रहा कि स्टार फुटबॉलर मैदान पर अपने आंसू नहीं रोक सके। खिताबी मुकाबले में दोनों ही देश शुरुआती मिनट से ही आक्रामक नजर आए। मुकाबले का पहला गोल स्पेन के नाम रहा। ये सफलता 21वें मिनट तब मिली, जब पुर्तगाल के लैमिन यामल के क्रॉस को क्लियर करने में नाकाम रहने पर मार्टिन जुबिमेंडी ने गोल कर दिया। इसके तुरंत बाद पुर्तगाल ने जवाबी हमला किया। नूनो मेंडेस ने ऑस्कर मिंगुएजा को पछाड़ते हुए पांच मिनट बाद ही अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर पुर्तगाल को बराबरी पर ला दिया।

## पीएम मोदी ने खेल के लिए किया शानदार काम, उनके विजन में भारत बनेगा नंबर वन

**बेंगलुरु ( आईएएनएस)**

भारतीय पैरा-एथलीट के. वाई. वेंकटेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने पीएम मोदी के 11 साल के कार्यकाल को शानदार बताया। उन्होंने पीएम मोदी की नेतृत्व शैली और खेलों में योगदान की भी सराहना की।

वेंकटेश ने पीएम मोदी को एक अनोखा और सेवाभावी नेता बताया, जो देश को नंबर वन बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। वेंकटेश ने कहा कि पहले पद्म पुरस्कार केवल खास लोगों तक सीमित थे, लेकिन अब मोदी सरकार ने इसे आम लोगों का सम्मान बना दिया। पहले यह आम लोगों का पुरस्कार नहीं था। लोग सोचते थे कि यह सिर्फ बड़े लोगों को मिलता है। लेकिन अब, जो पर्दे के पीछे काम करते हैं, जिन्होंने समाज के लिए बहुत कुछ किया, खासकर ग्रामीण इलाकों से आने वाले लोग, उनकी पहचान हो रही है। उन्होंने कहा कि पहले इन लोगों का नाम गूगल पर भी नहीं मिलता था, लेकिन पद्म पुरस्कार मिलने के बाद अब उनकी उपलब्धियां सबके सामने आ रही हैं। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के विकास की भी तारीफ की। कहा कि मोदी जी तीसरी बार पीएम बने हैं और अर्थव्यवस्था, उद्योग और खेलों में शानदार काम कर रहे हैं। मैं खेलों की बात करूंगा। पहले एशियाई खेलों या पैरालंपिक में हमारे पदक दोहरे अंक तक नहीं पहुंचते थे। अब एशियाई खेलों में हमने तीन अंकों का आंकड़ा पार किया है और ओलंपिक में भी दोहरे अंक छू रहे हैं। उन्होंने पैरा-एथलीटों के लिए भी मोदी सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में अटल बिहारी वाजपेयी खेल केंद्र बनाया गया है, जो भारतीय खेल प्राधिकरण के तहत काम कर रहा है। यह पैरा-एथलीटों के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने पीएम मोदी को शुभकामनाएं देते हुए कहा, "मैं चाहता हूं कि वे अगले 10-20 साल तक देश का नेतृत्व करें। उनके विजन से भारत नंबर वन बनेगा।

### खेलों में भारत की उपलब्धियां



- पहले एशियाई खेलों या पैरालंपिक में भारत के पदक दोहरे अंक तक नहीं पहुंचते थे।
- अब एशियाई खेलों में भारत ने तीन अंकों का आंकड़ा पार कर लिया है और ओलंपिक में भी दोहरे अंक हासिल कर रहा है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस


## शेयर बाजार हरे निशान में बंद निफ्टी बैंक ऑल टाइम हाई पर

**मुंबई (आईएएनएस)** । भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हरे निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 256.22 अंक या 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,445.21 और निफ्टी 100.15 अंक या 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,103.20 पर था। इस तेजी का नेतृत्व निफ्टी बैंक ने किया और 57,049.50 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। कारोबार के अंत में निफ्टी बैंक 261.20 अंक या 0.46 प्रतिशत बढ़कर 56,839.60 पर बंद हुआ। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 664.65 अंक या 1.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,674.95 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 290.95 अंक या 1.57 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,873.40 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल और मीडिया इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। केवल निफ्टी रियल्टी इंडेक्स ही लाल निशान में बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, टीसीएस और टाटा मोटर्स टॉप गेनर्स थे। इटरनल (जोमैटो), आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, एमएंडएम और टाटा स्टील टॉप लूजर्स थे।

# एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार को 8,077 करोड़ का लाभांश दिया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8,076.84 करोड़ रुपए का लाभांश चेक दिया। एसबीआई के चेयरमैन सीएस सेट्टी ने वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में वित्त मंत्री को यह चेक सौंपा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा," वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एसबीआई के चेयरमैन सीएस सेट्टी से 8076.84 करोड़ रुपए का लाभांश चेक मिला। भारत की टॉप पब्लिक सेक्टर कंपनियों ने 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान मुनाफे में मजबूत वृद्धि दर्ज की, जिससे सरकार की राजकोषीय स्थिति और मजबूत होने की उम्मीद है। देश के सबसे बड़े ऋणदाता एसबीआई और बीमा दिग्गज भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने क्रमशः 18,643 करोड़ रुपए और 19,013 करोड़ रुपए के शुद्ध लाभ के साथ बढ़त हासिल की। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एसबीआई का शुद्ध लाभ अब 70,901 करोड़ रुपए हो गया है, जबकि एलआईसी ने 48,151 करोड़ रुपए का प्रभावशाली शुद्ध लाभ दर्ज किया है। एनर्जी सेक्टर में कोल इंडिया ने चौथी तिमाही के दौरान 9,604 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया, जबकि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने 7,265 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया।




### पावर सेक्टर में प्रमुख पीएसयू कंपनियों का प्रदर्शन

**एनटीपीसी**
- देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी
- जनवरी-मार्च तिमाही में ₹7,897 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया

**पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन**
- ₹8,358 करोड़ की शानदार कमाई की
- लाभ के मामले में एनटीपीसी से भी आगे

**पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया**
- ₹4,143 करोड़ का मजबूत लाभ इस तिमाही में

## विझिनजाम बंदरगाह को मिली वैश्विक मान्यता : सीएम विजयन




**तिरुवनंतपुरम (आईएएनएस)**

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने सोमवार को अदाणी समूह के विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज 'एमएससी इरिना' के आगमन की सराहना करते हुए, इसे एक ऐतिहासिक क्षण बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में विजयन ने कहा कि 'एमएससी इरिना' का आना बंदरगाह की रणनीतिक वैश्विक भूमिका को दर्शाता है और विकास के हमारे सामूहिक सपने को गति देता है।


उन्होंने कहा, "केरल किसी भी दक्षिण एशियाई बंदरगाह पर सबसे बड़े कंटेनर जहाज 'एमएससी इरिना' का बहुत गर्व के साथ स्वागत करता है। उन्होंने आगे कहा, 399.9 मीटर लंबाई और 61.3 मीटर चौड़ाई वाले इस जहाज की क्षमता 24,346 टीईयू है और इसका विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर आगमन एक ऐतिहासिक क्षण है। विजयन ने पोस्ट किया, "यह एक गौरवपूर्ण मील का पत्थर है।

## भारती एयरटेल ने पैन इंडिया नेटवर्क के लिए एरिक्सन के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारती एयरटेल ने सोमवार को एरिक्सन के साथ एक बहुवर्षीय रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत स्वीडिश दिग्गज 4जी, 5जी एनएसए, 5जी एसए, फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए), प्राइवेट नेटवर्क और नेटवर्क स्लाइसिंग में एयरटेल सेवाओं का प्रबंधन करेगी। इस साझेदारी के तहत एरिक्सन अपने स्टेट-ऑफ-द-आर्ट नेटवर्क ऑपरेशंस सेंटर (एनओसी) के जरिए एयरटेल के पैन इंडिया नेटवर्क का प्रबंधन करेगी और पूरे देश में एफडब्ल्यूए और नेटवर्क स्लाइसिंग का विस्तार करेगी। भारती एयरटेल के सीटीओ रणदीप सेखों ने कहा, "हम एरिक्सन के साथ अपने मजबूत सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं, क्योंकि हम अपने ग्राहकों के लिए एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करने वाले फ्यूचर-रेडी नेटवर्क बनाने के अपने लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

# स्विट्ज़रलैंड और स्वीडन दौरे पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को अपनी पांच दिवसीय यात्रा के हिस्से के रूप में स्विट्ज़रलैंड की अपनी आधिकारिक यात्रा शुरू कर दी है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री गोयल व्यापार संबंधों को मजबूत करने के लिए स्वीडन भी जाएंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, यह यात्रा प्रमुख यूरोपीय देशों के साथ रणनीतिक-आर्थिक साझेदारी को गहरा करने, मजबूत व्यापार-निवेश संबंधों को आगे बढ़ाने और मजबूत वैश्विक विकास के लिए साझा दृष्टिकोण का समर्थन करने की भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। केंद्रीय मंत्री की यह यात्रा यूरोप की दो सबसे नवीन अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत के जुड़ाव को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। बयान में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्री गोयल की बैठकें दोनों देशों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं और व्यापार संघों के साथ उच्च प्रभाव वाली बातचीत से जुड़ी होंगी। केंद्रीय मंत्री गोयल द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को मजबूत करने के अवसरों का पता लगाने के लिए स्विट्ज़रलैंड में ग्लोबल सीईओ और प्रमुख उद्योग जगत के नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। यात्रा कार्यक्रम में फार्मा एंड लाइफ साइंसेज और प्रेसिजन इंजीनियरिंग/मशीन टूल्स/हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग जैसे सेक्टर में प्रमुख स्विस उद्योग दिग्गजों के साथ बैठकें शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री आईसीएआई ज्यूरिख चैप्टर से भी जुड़ेंगे और भारतीय मीडिया से बातचीत करेंगे।

## बीएस कॉलेज में स्नातक में नामांकन जारी

**लातेहार।** शहर के बानपुर में अवस्थित बनवारी साहू महाविद्यालय में स्नातक में छात्र व छात्रों का नामांकन जारी है. महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो पीके तिवारी ने बताया कि स्नातक सत्र 2025-29 एवं सत्र 2023-27 का नामांकन जारी है. स्नातक सत्र 2025-29 के छात्र चांसलर पोर्टल के माध्यम से 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. इसके बाद महाविद्यालय में सुबह आठ से 12:30 बजे के बीच वांछित दस्तावेज जमा कर अपना नामांकन करा सकते हैं. सेमेस्टर तीन के छात्र-छात्राओं से उन्होने 15 जून तक महाविद्यालय कार्यदिवस (8am-12:30 pm) में आ कर अपना नामांकन करा लेने की अपील की है।

# ट्रक और बस की भीषण टक्कर में आठ यात्री घायल, दो की हालत गंभीर

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र के सिंजो शिव मंदिर के पास सोमवार के अहले सुबह लगभग चार बजे भगत नामक बाराती बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई।हादसे में आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों में रविंद्र उरांव, मानती देवी, अनिकेत उरांव, मनीता देवी, सुचिता कुमारी, परमेश्वर उरांव और सरस्वती कुमारी शामिल हैं।सभी घायलों को पुलिस व स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से मनिका उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां प्राथमिक इलाज के बाद लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहां पर सभी को इलाज किया गया और छह लोगों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि भगत नामक यात्री बस मेदिनीनगर से लातेहार की ओर जा रही थी। जबकि ट्रक रांची से मेदिनीनगर की ओर से आ रहा था।इसी दौरान दोनों वाहनों की आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही मनिका थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम को हटाया। इस दुर्घटना में दोनों वाहनों का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

## डायन-बिसाही के शक में रिश्तेदार ने करवाई थी महिला की हत्या



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर के बाघमाड़ा टोला में 16 मई को हुई 55 वर्षीया महिला विमला देवी की हत्या मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि डायन बिसाही के शक में रिश्तेदार गौतम कुमार भुईयां ने 80 हजार रुपए देकर विमला देवी की हत्या करवाई थी। गौतम भुईयां ने विनोद भुइयां के माध्यम से सकेंद्र उरांव को 80 हजार रुपए में हत्या का जिम्मा दिया था। जिसके बाद सकेंद्र उरांव ने सोनू अली और एक अन्य के साथ मिलकर विमला देवी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने गौतम कुमार व विनोद भुईयां को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं शूटर सकेंद्र उरांव और सोनू अली आगजनी के एक मामले में 2 जून को जेल जा चुके हैं। एक आरोपी फरार है। एसपी ने कहा कि जल्द ही फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संगठन सृजन कार्यक्रम में कई कांग्रेसी दिग्गज कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश

**लातेहार।** कांग्रेस कमिटी के द्वारा आयोजित होने वाली संगठन सृजन कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली हैं । इसे लेकर तैयारियों का जायजा लेने सोमवार को लातेहार जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष गूँजर उरांव, युवा कांग्रेस लातेहार विधानसभा अध्य ज्ञात हो कि 10 जून मंगलवार को आयोजित होने वाले संगठन सृजन कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस के स्थायी सदस्य सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू व झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, लातेहार जिला प्रभारी पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह पहुचेंगे। इसे लेकर जहां एक ओर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश का माहौल है।

## निविदा के 6 माह बाद भी गोबरदाहा नदी पर पुल का काम नहीं हुआ शुरू

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत अंतर्गत गोलापत्थर गांव में आवागमन के लिए गोबरदाहा नदी पर पुल निर्माण की निविदा के 6 माह बाद भी काम शुरू नहीं हुआ है। इस कारण इस बरसात में भी खासकर, गोलापत्थर के ग्रामीणों को आवागमन में मुश्किल होगी। क्योंकि बरसात में गांव तीन ओर से नदियों से घिर जाता है। ऐसी स्थिति को झेल रहे ग्रामीणों को जब पुल निर्माण को लेकर निविदा की जानकारी मिली थी,तब काफी खुश थे। मगर, निर्माण कार्य आरंभ नहीं हुआ, तो निराश हो गए हैं। बताया जाता है कि इसकी प्राकल्लित राशि 1.74 करोड़ है। वहीं, कार्य को पूरा करने की अवधि 15 महीने निर्धारित की गई है। मगर, निविदा के बाद भी पुल निर्माण को लेकर कोई सुगबुगाहट नहीं हुई है। बताया जाता है कि इस पुल निर्माण की स्वीकृति सांसद वीडी राम व पूर्व विधायक कमलेश कुमार की कोशिश का प्रतिफल है।

ग्रामीणों ने वर्तमान विधायक संजय कुमार सिंह यादव से पुल निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने की मांग की है। सांसद व विधायक प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह व डा. पंचू रजवार ने कहा कि इसे लेकर सांसद व विधायक का ध्यान आकर्षित कराया जाएगा। बता दें कि गोलापत्थर के लिए यह बड़ी सौगात मिली है। इससे इस गांव के साथ अन्य कई गांव की बड़ी आबादी को आवागमन का उचित माध्यम मिलेगा।

### छठ पोखरा पिंड की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने को लेकर बैठक संपन्न

## सूर्य मंदिर, छठ पोखरा व धर्मशाला की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने का लिया गया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद छठ पोखरा सूर्य मंदिर परिसर में समिति की बैठक सह आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में सूर्य मंदिर, छठ पोखरा तालाब का पिंड एवं धर्मशाला की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर चर्चा की गई। नगर पंचायत हुसैनाबाद के नागरिकों ने अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद समेत उच्चाधिकारियों को भी पत्र लिखकर भूमि को अतिक्रमणमुक्त करने का आग्रह किए जाने का निर्णय लिया गया। आम सभा में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया की सूर्य मंदिर परिसर, छठ पोखरा तालाब व पिंड के अलावा धर्मशाला की भूमि का अतिक्रमण मुक्त कराने में तन मन धन से काम करेंगे। इसे मुक्त कराने को लेकर वर्षो से प्रयास किया गया है। मगर आज तक अधिकारियों ने सिर्फ खानापूर्ति कर मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। आम सभा में निर्णय लिया की अगर दो महीना के अंदर अतिक्रमण नहीं हटाया गया



तो, जोरदार आंदोलन किया जाएगा। आम सभा में रंजीत कुमार, सतेंद्र गुप्ता, रेखा कुमारी गुप्ता, बेबी देवी, प्रमिला देवी,मुन्ना सिंह, अजय गुप्ता, मनीष कुमार, राजीव रंजन, राजेश्वर विश्वकर्मा, अनिल कश्यप, राजकुमार कश्यप, सुनीता देवी आदि ने कहा है कि सूर्य मंदिर परिसर, छठ पोखरा के पिंड और धर्मशाला की भूमि को हर हाल में अतिक्रमणमुक्त कराना सभी का लक्ष्य है।

## तापमान में वृद्धि से अच्छी बरसात की उम्मीद जगी

**मोहम्मदगंज।** धूप-छांव के बीच सोमवार को गर्म मौसम से असहज महसूस किया गया। जबकि बीते दिनों में कभी हल्की बारिश और कभी बूंदाबांदी से उमस के कारण परेशानी होती रही थी। तापमान में गिरावट से अच्छी बरसात की उम्मीद नहीं की जा रही थी। मगर इन दिनों तापमान में सामान्य से अधिक वृद्धि को अच्छी बरसात का संकेत माना जा रहा है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, इसका प्रभाव 44 डिग्री सेल्सियस महसूस किया गया। बिना सिर ढके घरों से बाहर निकलना आसान नहीं बताया गया। लोगों की मानें, तो मौसम के तपने से अच्छी बरसात होती है। हालांकि मौसम के इस उतार-चढ़ाव से खरीफ फसलों की ससमय बोवाई को लेकर सामान्य किसान अनिश्चितता के दौर से गुजर रहे बताए जाते हैं।

## महिला एवं दिव्यांग बोगी के 25 अवैध यात्रियों से वसूला गया जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** सोमवार को पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू मंडल रेल खंड पर गाड़ी संख्या 53350 डेहरी ऑनसोन- बरवाडीह पैसेंजर पैसेंजर ट्रेन में अनधिकृत रूप से महिला व दिव्यांग बोगी में यात्रा कर रहे व्यक्तियों को रेलवे अधिनियम की धारा 162 में 15 लोगों एवं धारा 155 में 10 लोगों को पकड़ा गया। पकड़े गए लोग को रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी डाल्टनगंज के समक्ष प्रस्तुत किया गया। रेल न्यायिक दंडाधिकारी ने जुर्माना वसूल कर सभी को छोड़ दिया है। उन्हें रेल न्यायिक दंडाधिकारी ने




हिदायत दिया हैं कि आगे अभियान जारी रहेगा। पकड़े जाने पर जेल भेज दिया जायेगा। यह अभियान कजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन पर चलाया गया। अभियान का नेतृत्व आरपीएफ पोस्ट नबीनगर के इंस्पेक्टर राज किशोर कछवाहा के नेतृत्व में चलाया गया। पकड़े गए लोगों को नबीनगर आरपीएफ पोस्ट परिसर में कैंप कोर्ट लगाया गया।

## बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में दो लोग गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** बाइक हटाने को लेकर हुई विवाद में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये, अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिये एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। घटना रविवार की देर शाम की बतायी जाती है। इस संबंध में हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के खलीफा मोहल्ला- मधुशाला रोड निवासी मिनहाज खलीफा उर्फ तेजू ने हुसैनाबाद थाना में छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है की मेरे बेटा शादाब इदरीशी उम्र 22वर्ष और मेरा भतीजा शहबाज इदरीशी 23 वर्ष अपना बुलेट बाइक से एक दुकान के पास खड़ा किया था, इसी क्रम में कुर्मी टोला मोहल्ला निवासी पीयूष पासवान वहां आकर बुलेट हटाने को कहा, इसी बीच दोनों के बीच बहस होने लगा।और इसी बीच पीयूष पासवान अपने मोबाइल से अपने दोस्त रौशन चंद्रवंशी, कुंदन पटेल, अंकित कुमार, विमलेश पटेल और अपने भाई आयुष पासवान सभी कुर्मी टोला निवासी ने वहां पहुंचकर गाली गलौज करते हुए लोहे के रॉड, फाइटर, से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

## एएनसी रजिस्ट्रेशन में सुधार कर लक्ष्य के अनुरूप रजिस्ट्रेशन करने का दिया गया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त




ने सिविल सर्जन से जिले में हुए एएनसी एवं संस्थागत प्रसव के संख्या के बारे में जानकारी लिया। तथा संस्थागत डिलीवरी बढ़ाने पर बल देते हुए उपायुक्त ने वैसे क्षेत्रों को चिंहित करने का निर्देश दिया है,जहां संस्थागत डिलीवरी का प्रतिशत कम है। इस दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देशित किया कि एक माह के अंदर कार्य मे सुधारात्मक प्रगति लाते हुए गर्भवती महिलाओं का एएनसी शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी गर्ववती महिलाओं को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस जानकारी हेतु निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिले में संचालित कुपोषण उपचार केंद्रों में कुपोषित बच्चों के उपचार के सम्बन्ध में जानकारी लिया।

## कुएं का पानी सूखने से ग्रामीणों को पेयजल के लिए हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखण्ड क्षेत्र के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा के टोला बघौता मे पुरण राम के घर के पास वाले कुएं में गरमी की दस्तक देते ही कुएं का पानी सूख गया। जिससे लोगों को पेयजल के साथ अन्य दैनिक कार्य के लिए काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण पूरण राम, भुनेश्वर राम, धीरंजन कुमार,रोहित कुमार, लीलू देवी, अशोक राम, निकेश कुमार, किरन्ती देवी, आरती देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की इस टोले मे हमलोग लगभग 12 परिवार रहते है। जो पेयजल तथा अन्य दैनिक कार्य के लिए एक कुएं पर निर्भर रहते है. कुएं सूख जाने के बाद हम लोग को बीच पेयजल के लिए बहुत ही ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आगे ग्रामीणों ने कहा की इस कुएं को मरम्मती करने की आवश्यकता है। एक बार कुआं मरम्मती हो जाता तो पानी की समस्या हम लोग के बीच से दूर हो जाती। अपना पंचायत मुखिया को हम लोग मौखिक रूप से कई बार अवगत करवाएं हैं लेकिन अभी तक कोई निराकरण नहीं हो पाया मुखिया ने सिर्फ आश्वासन ही दिया। प्रत्येक वर्ष कुएं में पानी सूख जाता है जिसको लेकर हम सभी ने मिलकर अपने से कुएं का गहराई करने का काम किया है। गहराई के बाद थोड़ा बहुत पानी आता है और फिर सुख जाता है। फिर पानी के लिए तरसना पड़ता है। पानी के लिए पास के कुछ दूर जाकर दूसरे की कुआं से पानी लाकर अपना पेयजल पूर्ति करते हैं।

कुएं को मरम्मती करने की आवश्यकता है एक बार कुएं मरम्मती हो जाता तो पानी की समस्या हम लोग के बीच से दूर हो जाती



## वाहन के धक्के से बाइक सवार गंभीर,रेफर

**हुसैनाबाद** । रविवार की देर शाम जपला छतरपुर मुख्य मार्ग के खादी ग्रामोद्योग के समीप सड़क दुर्घटना में मुगिंया (बिहार) गांव निवासी मनोज विश्वकर्मा (40) वर्ष एक वाहन के धक्के से बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता हैं कि वह जपला से अपने गांव जा रहा था, इसी क्रम में दूसरे वाहन ने बाइक मे धक्का लगने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। आसपास के लोगों के सहयोग से घायल को गम्भीर स्थिति में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल से इलाज के बाद मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार स्थिति गंभीर बताई जाती हैं।

# पेज एक के शेष

## भगवान बिरसा मुंडा...

जमीन और आदिवासियों तथा मूलवासियों को संरक्षण देने में बड़ा योगदान दिया है और उनका यह योगदान युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को रांची के बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बिरसा मुंडा को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष और आदर्श हमें हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें। झारखंड के वीर शहीद अमर रहें। जय बिरसा, जय झारखंड।

## बिरसा मुंडा का...

पीएम मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा समेत कई नेताओं ने भगवान बिरसा मुंडा को सोशल मीडिया के जरिए श्रद्धांजलि अर्पित की। गृह मंत्री अमित शाह ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 'एक्स' पोस्ट में लिखा, महान स्वाधीनता सेनानी एवं जनजातीय अस्मिता के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि।

## राजा रघुवंशी की...

पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। रविवार की रात करीब दो बजे सोनम को भी गाजीपुर के एक ढाबे से हिरासत में ले लिया गया है। सोनम ने इस ढाबे से ही अपने भाई गोविंद को फोन किया था। गोविंद ने ही मध्य प्रदेश पुलिस को सूचना दी। इसके बाद गाजीपुर पुलिस ने सोनम को हिरासत में ले लिया। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सोनम गाजीपुर तक कैसे पहुंची। फिलहाल सोनम गाजीपुर पुलिस की हिरासत में है। उत्तर प्रदेश पुलिस के एडीजी का कहना है कि सोनम को मेघालय पुलिस को सौंपा जाएगा और वही उससे पूछताछ करेंगे।इधर, राजा रघुवंशी के परिजनों को जानकारी मिली कि उसके बेटे की हत्या में सोनम का ही हाथ है, तो इससे पूरा परिवार आक्रोशित है। बताया गया कि इसके बाद राजा के परिजनों ने सोनम के कई फोटो फाड़ दिए। सोनम के पिता ने इस बात को मानने से साफ इनकार कर दिया है कि उनकी बेटी ने अपने पति की हत्या कराई होगी। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी बेगुनाह है। मेघालय पुलिस ने उसे फंसाने के लिए झूठी कहानी गढ़ रही है। मेघालय पुलिस ने बिल्कुल भी सहयोग नहीं किया। सोनम किस हालत में ढाबे तक पहुंची, पता नहीं। ढाबे वाले से फोन लेकर उसने भाई को फोन किया, तभी हमें जानकारी मिली। उन्होंने मांग की कि इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। अब इस पूरे मामले पर सब की निगाहें मेघालय पुलिस की जांच पर है। सोनम लापता होने के बाद 17 दिन तक कहां रही है। इंदौर क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मेघालय पुलिस की सूचना पर यहां तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसमें एक राज कुशवाह भी है, जो नंदबाग का रहने वाला है। दूसरा विशाल चौहान और तीसरा आकाश राजपूत है। एक फरार आरोपित आनंद को बीना से गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा, मेघालय पुलिस ने यूपी के ललितपुर से भी एक युवक आकाश लोधी (18) को हिरासत में लिया है। मेघालय की सोहरा थाना पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। सोनम गाजीपुर में मिली है। मेघालय पुलिस गाजीपुर पहुंच रही है। मामले में पिता देवी सिंह की फैक्टरी के कर्मचारी से सोनम के अफेयर की चर्चा सामने आई है। यह बात सामने आई है कि सोनम का अपने पिता की प्लाईवुड फैक्टरी में काम करने वाले पांच साल छोटे राज कुशवाह के साथ अफेयर था। राज कुशवाह फैक्टरी में बिलिंग का काम करता है।

**सोनम ने ही कराई पति की हत्या :** मेघालय के डीजीपी इदाशीशा नोंग्रांग ने सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में दावा किया कि पत्नी (सोनम) ने ही पेशेवर हत्यारों को सुपारी देकर राजा रघुवंशी की हत्या कराई है। इस मामले की पुष्टि मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से की है।

## कोडरमा में लिव...

बताया गया कि तलाक होने के बाद आयुषी बीते दो साल से अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ ही लिव इन रिलेशन में रह रही थी। वहीं, उसके ब्वॉयफ्रेंड हर्ष ने पुलिस को बताया कि वह रात को आयुषी के साथ था। सुबह छह बजे वह अपनी फल की दुकान चला गया। कुछ देर बाद आयुषी का फोन आया कि वह खुदकुशी कर रही है। हर्ष तुरंत उसके कमरे की ओर भागा। जब वह कमरे में पहुंचा तो देखा कि आयुषी पंखे से दुपट्टे के सहारे लटक रही थी। जब तक वह उसे नीचे उतारता, आयुषी की मौत हो चुकी थी। हर्ष ने इसकी सूचना आयुषी के परिजनों और तिलैया पुलिस को दी। आयुषी की शादी 2018 में झुमरीतिलैया में हुई थी। पांच साल बाद उसका तलाक हो गया। इसके बाद वह झुमरीतिलैया के फल व्यापारी हर्ष सोनकर के साथ रहने लगी।

## सभी योजनाओं ने...

140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से संचालित भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन देखे हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने गति, पैमाने और संवेदनशीलता के साथ पथ प्रदर्शक परिवर्तन किए हैं। आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, लोगों पर केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया है। आज भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है। लेकिन साथ ही, हम एक विकसित भारत के निर्माण के लिए आशा, विश्वास और नए संकल्प के साथ आगे देखते हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक सरकार ने जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों को 'नमो ऐप' के माध्यम से इस परिवर्तनकारी यात्रा का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह ऐप सरकार की उपलब्धियों को इंटरैक्टिव तरीके से प्रस्तुत करता है। इसमें गेम, क्विज, सर्वेक्षण और अन्य प्रारूप शामिल हैं, जो जानकारी देने के साथ ही लोगों को प्रेरित करते हैं।

## बड़ा तालाब की...

इसे लेकर जगह-जगह नाली में जाली बनाया जाएगा। बड़ा तालाब से समय-समय पर जलकुंभी निकाली जा रही है और इसमें नालियों से गंदे पानी का ट्रीटमेंट कर साफ पानी को ही जाने दिया जा रहा है। पिछली सुनवाई में हस्तक्षेपकर्ता झारखंड सिविल सोसाइटी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि बड़ा तालाब की गहराई में जमे गाद को जबतक नहीं निकाला जाएगा, तबतक पूरी तरह से इसकी सफाई नहीं हो सकेगी। उनकी ओर से यह भी बताया गया कि हरमू नदी में लोगों के घर से निकला कचरा जा रहा है, ऐसे में नदी की सफाई भी जरूरी है। इस पर सरकार की ओर से बताया गया था कि बड़ा तालाब में वर्षों से जमे गाद को निकालने के लिए नगर विकास विभाग ने जुडको से संपर्क किया था, लेकिन जुडको ने इसमें विशेषज्ञता नहीं होने की बात कहते हुए असमर्थता जताई है। इसके बाद नगर विकास विभाग की ओर से जल संसाधन विभाग को बड़ा तालाब से गाद निकालने के संबंध में पत्र लिखा गया है। ज्ञात हो कि रांची के जलस्त्रोतों के अतिक्रमण और साफ-सफाई से संबंधित प्रकाशित खबर को झारखंड हाईकोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए उसे जनहित याचिका में तब्दील कर दिया था। पूर्व में कोर्ट ने सरकार को राज्य के सभी जिलों में जलस्त्रोतों के संरक्षण, अतिक्रमण, जल की स्थिति आदि के बारे में अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

## हर कदम पर...

तो लगता है जैसे स्वयं मां भारती आपके रक्षक रूप में चल रही हों। हमारा संकल्प बस इतना है कि आतंक को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे, आततायियों के फन को कुचल देंगे। हमारी कलम, हमारी वाणी, हमारा संकल्प और हमारी प्रार्थना हर कदम पर आपके साथ है। आपका हर ऑपरेशन, हर कदम, हमारे आत्मसम्मान की लड़ाई है। हमारी सेना, हमारी शान, हमारा मान और हमारा स्वाभिमान है। जय हिंद।

## सिंगापुर के कंटेनर पोत में विस्फोट के बाद आग लगी चालक दल के 4 लापता



● आईसीजी डोर्नियर विमान को जहाज के ऊपर निगरानी के लिए तैनात किया गया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कोलंबो बंदरगाह से मुंबई के न्हावा शेवा की ओर जा रहे सिंगापुर के ध्वज वाले कंटेनर पोत वान हाई 503 में सोमवार सुबह कोच्चि में बेपोर के तट से 88 समुद्री मील दूर विस्फोट के बाद आग लग गई। भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) ने चालक दल के 18 सदस्यों को बचा लिया है, जबकि 04 सदस्य लापता हैं। जहाज फिलहाल पानी में है, लेकिन आईसीजी ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। आईसीजी डोर्नियर विमान को जहाज के ऊपर निगरानी के लिए तैनात किया गया है। आईसीजी के कमांडर अमित उनियाल ने बताया कि सिंगापुर के ध्वज वाला कंटेनर पोत वान हाई 503 श्रीलंका के कोलंबो बंदरगाह से 06 जून को रवाना हुआ था, जिसे 09 जून को मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह पहुंचना था। इस जहाज पर कुल 22 चालक दल के सदस्यों के साथ कंटेनर कार्गो थे। कोलंबो से न्हावा शेवा की ओर जा रहे जहाज ने आज सुबह लगभग 09.30 बजे डेक के नीचे विस्फोट होने और बाद में आग लगने की सूचना दी।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार स्टॉकहोम में अंतरराष्ट्रीय आईडिया सम्मेलन में देंगे भाषण

**स्टॉकहोम/नई दिल्ली।** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार 10 से 12 जून, 2025 को चुनावी सत्यनिष्ठा पर आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन सहायता संस्थान-आईडीईए स्टॉकहोम सम्मेलन में भाग लेने के लिए स्वीडन की यात्रा पर हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने अप्रवासी भारतीयों (एनआरआई) और विदेश में रहने वाले भारतीय नागरिकों (ओसीआई) के साथ निर्वाचन आयोग की समावेशी भागीदारी और नागरिक जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित करने की बात दोहराई। उन्होंने ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से डाक मतपत्र प्रेषण प्रणाली- ईटीपीबीएमएस जैसी पहल का उल्लेख किया जिसका उद्देश्य विदेश में रहने वाले मतदाताओं की अधिक चुनावी भागीदारी को सक्षम बनाना है।

## अमेरिकी एयर बेस के पास विस्फोट में चार जापानी रक्षा बल के सदस्य घायल

**टोक्यो (आईएएनएस)।** दक्षिणी जापान के ओकिनावा प्रांत में अमेरिकी सेना के कडेना एयरबेस के पास सोमवार को हुए विस्फोट में जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेजीएसडीएफ) के चार सदस्य घायल हो गए। जापानी मीडिया के अनुसार, यह जानकारी सामने आई है। स्थानीय अधिकारियों और रक्षा मंत्रालय के अनुसार आत्मरक्षा बल (एसडीएफ) के कर्मी डिपो में कार्यरत थे। स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11:20 बजे अग्निशमन विभाग को एसडीएफ (सेल्फ डिफेंस फोर्स) द्वारा संचालित प्लांट में विस्फोट की सूचना मिली, जब कर्मचारी बम निरोधक अभियान की तैयारी कर रहे थे।

## आईसीसी न्यायाधीशों पर प्रतिबंध लगाने का मामला, ईरान ने अमेरिकी फैसले की निंदा की

**तेहरान (आईएएनएस)।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघेई ने अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के न्यायाधीशों पर प्रतिबंध लगाने के अमेरिका के हाल में लिए गए फैसले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह अमेरिका की विदेश नीति का 'नया निम्न स्तर' है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एस्माईल बाघेई ने लिखा, "अमेरिका ने आईसीसी जजों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का फैसला न्यायाधिकरण के उस फैसले के बाद लिया जिसमें इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। बाघेई ने कहा कि अमेरिकी सरकार के न्यायिक आदेश का पालन करने के लिए आईसीसी के न्यायाधीशों और कार्मिकों पर प्रतिबंध लगाने और उन्हें परेशान करने की कार्रवाई निम्न स्तर की है।

### मोदी सरकार के 11 साल, नितिन गडकरी बोले

# आज भारत का सड़क ढांचा कई मामलों में अमेरिका से बेहतर है

**22000** करोड़ रुपये की लागत से बुद्ध सर्किट तैयार किया गया है, जिससे पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है

**12000** करोड़ रुपये की लागत से केदारनाथ तक रोपवे निर्माण किया जा रहा है, जिससे तीर्थयात्रा सुगम होगी

**नई दिल्ली । एजेंसी**

मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री का सपना है कि भारत विश्व गुरु बने, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बने। इस सपने को पूरा करने के लिए हमें निर्यात बढ़ाना होगा, तभी कृषि, सेवा और औद्योगिक क्षेत्रों में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि हमारी सबसे बड़ी समस्या यह थी कि हमारे देश की लॉजिस्टिक्स लागत 16% थी, चीन 8% पर था, अमेरिका और अन्य यूरोपीय देश 12% पर थे। गडकरी ने दावा किया कि अब हमने जिस तरह की सड़कें बनाई हैं, उससे हमारी लॉजिस्टिक्स लागत 6% कम हुई है और अगले साल तक हम 9% पर आ जाएंगे... हमारा निर्यात बढ़ेगा, हम और अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और हमारा देश विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि हम 25 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे बना रहे हैं, पोर्ट कनेक्टिविटी के लिए 3,000 किलोमीटर से ज्यादा हाईवे बना रहे हैं और धार्मिक पर्यटन के लिए हमने 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के हाईवे बनाए हैं और इसके अलावा हम 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के हाईवे बना रहे हैं। हमने 22,000 करोड़ रुपये में बुद्ध सर्किट तैयार किया है। जब लोग दक्षिण एशिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर, जापान से भगवान गौतम बुद्ध की जन्मस्थली पर आते हैं, तो वे कई जगहों पर जाना चाहते हैं और पर्यटन भी बढ़ा है। भाजपा नेता ने कहा कि चार धाम- बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, इसका ट्रैफिक तीन गुना बढ़ गया है। अब हम केदारनाथ तक रोपवे बना रहे हैं, यह भी 12,000 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि आज अगर आप मनाली से रोहतांग दर्रे की ओर निकलेंगे तो अटल टनल से 8 मिनट में पहुंचा जा सकेगा, जबकि पहले 3.5 घंटे लगते थे... हम श्रीनगर से जम्मू के बीच 36 सुरंगें बना रहे हैं।

जिनमें से 23 पूरी हो चुकी हैं। 4-5 सुरंगें निर्माणाधीन हैं। दिल्ली से चेन्नई की 240 किलोमीटर की दूरी कम हो गई है। इससे कश्मीर से कन्याकुमारी जाने का हमारा बचपन का सपना पूरा हुआ है। हम दिल्ली में बहुत सारे हाईवे बना रहे हैं।

### 25 नए ग्रीन एक्सप्रेसवे से बदलेगा भारत का नक्शा



**36** सुरंगों का श्रीनगर से जम्मू के बीच निर्माण, जिनमें से 23 पूरी हो चुकी हैं और 4-5 अभी निर्माणाधीन हैं

गडकरी ने कहा कि हम दिल्ली में इतने राजमार्ग बना रहे हैं कि हम दिल्ली से देहरादून 2 घंटे में, दिल्ली से अमृतसर 3.5-4 घंटे में, दिल्ली से कटरा 6 घंटे में, दिल्ली से श्रीनगर 8 घंटे में, दिल्ली से जयपुर 2 घंटे में, चेन्नई से बेंगलुरु 2 घंटे में, बेंगलुरु से मैसूर 1 घंटे में, मेरठ से दिल्ली 50 मिनट में पहुंच जाएंगे। हम इस तरह के करीब 25 और ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे बना रहे हैं और मुझे लगता है कि इससे भारत का पूरा नक्शा बदल जाएगा... हम उत्तराखंड में केदारनाथ और हेमकुंड रोपवे बना रहे हैं... हम दिल्ली को ट्रैफिक जाम और प्रदूषण की समस्याओं से मुक्त करने के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये की लागत से सड़कें बना रहे हैं। नितिन गडकरी ने कहा कि पाइपलाइन में जो प्रोजेक्ट हैं, वे इतनी तेजी से चल रहे हैं कि दो साल के अंदर हमारा रोड इंफ्रास्ट्रक्चर अमेरिका जैसा हो जाएगा। मैं बिहार और उत्तर प्रदेश की सड़कों की बात कर रहा हूं... अमेरिका से कुछ लोग मेरे पास आए और गुस्सा हुए, उन्होंने कहा कि मैं गलत कह रहा हूं। उन्होंने कहा कि आज भारत का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर अमेरिका से बेहतर है।

## सरकार 25 नई जगहों पर हाईवे बना रही है : गडकरी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, बुद्ध सर्किट से लेकर चार धाम यात्रा को लेकर कहा कि सरकार 25 नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे बना रही है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे का मतलब है, एकदम नई जगह पर बनने वाले हाईवे। गडकरी ने कहा कि बंदरगाह को जोड़ने के लिए 3000 किलोमीटर से ज्यादा लंबे हाईवे बन रहे हैं।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने पोर्ट कनेक्टिविटी और धार्मिक पर्यटन के लिए 3,000 किलोमीटर से ज़्यादा के हाईवे बनाए हैं। इसके अलावा, 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के हाईवे बन रहे हैं। नितिन गडकरी ने बुद्ध सर्किट के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सर्किट 22,000 करोड़ रुपये में पूरा हुआ है। बुद्ध सर्किट बनने से दक्षिण एशिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर और जापान से भगवान गौतम बुद्ध के जन्म स्थान आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। चार धाम यात्रा के बारे कहा कि बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री में अब तीन गुना ज्यादा लोग आ रहे हैं। केदारनाथ के लिए 12,000 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे (रज्जू मार्ग) भी बनाया जा रहा है। उत्तराखंड में कैलाश मानसरोवर को पिथौरागढ़ से जोड़ने वाली सड़क का 85-90% काम भी पूरा हो चुका है। इससे यात्रियों को बहुत सुविधा होगी।



● बुद्ध सर्किट बनने से गौतम बुद्ध के जन्म स्थान आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ी है

## इजराइल के नेता प्रधानमंत्री नेतन्याहू से निराश, नेसेट को भंग करने की तैयारी

**तेल अवीव (हि.स.)।** इजरायल के प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय लिबरल मूवमेंट (लिकुड) के शीर्ष नेता बेंजामिन नेतन्याहू पर संकट के बादल गहराने लगे हैं। दक्षिण पंथी लिकुड के नेता को बुधवार को नेसेट में विरोधी दलों से अब तक की सबसे तगड़ी चुनौती मिल सकते हैं। इन दलों ने नेसेट को भंग करने की तैयारी शुरू कर दी है।

## चंद्रबाबू नायडू ने 500 रुपए का नोट बंद करने की मांग की



**ब्यूरो**

● नायडू आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं और केंद्र में सत्तारुढ़ एनडीए के सहयोगी हैं

**नई दिल्ली।** पांच सौ रुपये के नोट को लेकर तरह-तरह की खबरें आ रही हैं। हाल में एक वीडियो में यह दावा किया गया था कि सरकार 5सौ रू. के नोट बंद करने जा रही है। वैसे तो सरकार ने इसका खंडन किया है, लेकिन अब भाजपा की सहयोगी व आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने 500 रुपये का नोट बंद करने की मांग करके इसे और हवा दे दिया है।मालूम हो कि एन चंद्रबाबू नायडू तेलुगू देशम पार्टी के सर्वेसर्वा हैं और केंद्र में सत्तारूढ़ एनडीए के सहयोगी व भागीदार हैं। नायडू का कहना है कि सभी बड़े नोट बंद होने चाहिए, तभी हम भ्रष्टाचार से मुक्ति पा सकेंगे।नायडू ने इंडिया टुडे के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि केवल 100 रुपये और 200 रुपये से नीचे के नोट होने चाहिए।

500 रुपये के नोट को भी बंद करदिया जाना चाहिए। मालूम हो कि सरकार ने 2016 में नोटबंदी की घोषणा की थी। जिसके तहत 500 रुपये और 1000 रुपये के नोट बंद कर दिए गए थे। हालांकि बाद में 2000 व 500 रुपये के नए नोट जारी किए गए थे। उसके कुछ साल बाद अब तो 2000 रुपये के नोट को भी बंद किया जा चुका है, लेकिन 500 रुपये का नोट चल रहा है, जो फिलहाल मोदी राज में सबसे बड़ा नोट है और लोग इसे बैंक से निकालकर लेन - देन में ज़्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं।यह जो नोट चलन में हैं, 200 रुपये, 100 रुपये, 50 रुपये, 20 रुपये, 10 रुपये, 2रूपये व 1रूपये के, उनमें सबसे ज्यादा 500 रुपये के ही नोट चल रहे हैं, जो कुल नोटों में 41% है।कीमत के हिसाब से 500 रुपये के नोट का हिस्सा 86% है।

यानी ज्यादातर लोग 500 रुपये के नोट का इस्तेमाल कर रहे हैं। दूसरी तरफ 20, 50, 100 और 200 रुपये के नोटों का कम इस्तेमाल हो रहा है। इसके बारे में कुछ अर्थशास्त्रियों व विपक्षी नेताओं का कहना है कि सरकार चाहती है कि लोग डिजिटल पेमेंट का ही इस्तेमाल करें। इसलिए बड़े नोट खत्म करने के लिए तरह -तरह के तर्क दे रही है। इसके लिए ये लोग वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण के हाल ही के उस बयान का भी हवाला दे रहे हैं, जिसमें मैडम ने कहा था कि सरकार छोटे नोटों और डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि छोटे नोटों का ज्यादा इस्तेमाल हो।अब बताइए, किसी को शादी - ब्याह के लिए यदि 5 लाख या 10 लाख रुपये बैंक से निकालना हो, तो क्या वह 100, 50 व 20 रुपये के नोटों के गट्ठर बोरा में लेकर ढोएगा?

## मास्क पहने लोगों को गिरफ्तार करो...

● अमेरिका में अब ट्रंप ने ये कौन सा आदेश दे दिया?

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों को मास्क पहने हुए प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है, क्योंकि आव्रजन दमन के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों के बीच लॉस एंजिल्स में रविवार को तनाव बढ़ गया। ट्रम्प ने विरोध प्रदर्शनों में मास्क के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया, साथ ही लॉस एंजिल्स में दो दिनों की हिंसा और अशांति के बाद प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए नेशनल गार्ड, जो आमतौर पर राज्य के गवर्नरों के अधीन एक आरक्षित सैन्य बल होता है, की सराहना की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल ट्रुथ प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि चेहरे पर मास्क पहने लोगों को तुरंत गिरफ्तार करें।

### मस्क-ट्रंप की फाइट के बाद अमेरिका में क्यों भड़क उठी हिंसा

# लांस एंजलिस में 33 सालों बाद उतरी सेना, आखिर ऐसा क्या हुआ?

**न्यूयॉर्क । एजेंसी**

क्या अमेरिका में सिविल वॉर जैसी स्थिति बन रही है। लांस एजलिंस की सड़कों पर नेशनल गार्ड, आंसू गैस, प्रदर्शन, आगजनी और उस पर राष्ट्रपति ट्रंप की चेतावनी। ये सिर्फ इमीग्रेशन का मामला है या अमेरिका में कुछ बड़ा पक रहा है। अमेरिका में इन दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क के बीच टकराव देखने को मिल रहा है।

कभी ट्रंप के हर दिल अजीज कहे जाने वाले एलन मस्क अब ट्रंप के प्रमुख आलोचक हो गए हैं। दोनों के बीच जुबानी जंग भी सोशल मीडिया में देखने को मिली। लगातार एक दूसरे पर निशाना साधते भी नजर आए। लेकिन इन घटनाक्रमों के बीच अमेरिका के लांस एजेलिस में माहौल बेहद गर्म हो गया है।



### कैसे हुई हंगामे की शुरुआत?

अमेरिका की इमीग्रेशन एजेंसी यानी इमीग्रेशन एंड कस्टम इंफोर्समेंट यानी आईसीई ने लांस एजेंलिस पर कई जगहों पर रेड डाली। इस रेड में 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया जो कथित तौर पर अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे थे। जैसे ही ये गिरफ्तारियां हुई लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने आईसीई के खिलाफ नारेबाजी की।

## बिग बॉस ओटीटी 3 विजेता सना अस्पताल में भर्ती




बिग बॉस ओटीटी 3 की विजेता सना मकबूल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह 2020 से ऑटोइम्यून लिवर की बीमारी से जूझ रही हैं। अपने परिवार के साथ ईद मनाने की तस्वीरें शेयर करने के कुछ ही समय बाद उन्हें अचानक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बिग बॉस ओटीटी 3 की विजेता सना मकबूल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह 2020 से ऑटोइम्यून लिवर की बीमारी से जूझ रही हैं।

अपने परिवार के साथ ईद मनाने की तस्वीरें शेयर करने के कुछ ही समय बाद उन्हें अचानक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालाँकि उनकी स्थिति के बारे में विशेष जानकारी अभी तक नहीं बताई गई है, लेकिन उनकी दोस्त डॉ. आशना कांचवाला ने अस्पताल में सना की एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें उनके जल्द ठीक होने की उम्मीद जताई गई है।

### तस्वीर में सना मकबूल कमजोर दिख रही थीं

अस्पताल से ली गई अपनी तस्वीर में सना मकबूल कमज़ोर दिख रही थीं। शुभकामनाएं देते हुए आशना ने लिखा, "मेरी सबसे मज़बूत दिवा, इतनी गंभीर बीमारी से जूझने के दौरान इतनी ताकत और लचीलापन दिखाने के लिए मुझे तुम पर बहुत गर्व है। इंशाअल्लाह, तुम इससे लड़ोगी और और भी मज़बूत होकर उभरोगी... अल्लाह तुम्हारे साथ है। और मैं हमेशा तुम्हारे साथ खड़ी हूं। जल्दी ठीक हो जाओ मेरा प्यार दिवा सना।

### ऑटोइम्यून समस्याओं से जूझ रही हैं सना

सना मकबूल ने पिछले कुछ समय से चुपचाप ऑटोइम्यून समस्याओं से जूझ रही हैं, जिसकी वजह से उन्हें अचानक अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। हालाँकि उनकी हालत गंभीर बनी हुई है, लेकिन उनके करीबी लोगों ने विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए उनकी अटूट शक्ति और धैर्य की सराहना की है।

